राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran






12 हर्ष गोयनका ने डायग्राम बनाकर दिखाए चीन, अमेरिका और....... केरल सरकार ने तुर्की को दिए थे 10 करोड़, अब पाक से तनाव के बीच थरूर....... 12


वर्ष : 16 | अंक : 21 | नई दिल्ली, सोमवार, 26 मई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर बोले केंद्रीय मंत्री, विकसित भारत की तरफ बड़ा कदम

- **नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवी आर सुब्रह्मण्यम ने की घोषणा**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। भारत के विश्व में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने पर केंद्रीय साइंस एवं टेक्नोलॉजी और अर्थ साइंस राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह खुशी जाहिर करते हुए ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकसित भारत की ओर एक तेज और बड़ी छलांग लगाई है। केंद्रीय मंत्री का यह बयान उस आधिकारिक पुष्टि के बाद आया, जिसमें कहा गया था कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, इसे संभव बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद।

नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम द्वारा यह पुष्टि की गई है कि भारत जापान को पछाड़कर अब अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। सुब्रह्मण्यम ने 10वीं नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल मीटिंग की प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, मैं जब बोल रहा हूं, तब हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी हैं और यह मेरा डेटा नहीं है। यह आईएमएफ डेटा है। आज भारत जापान से भी बड़ी अर्थव्यवस्था है।

सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनाई जा रही है अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, तो भारत अगले 2, 2.5 से 3 वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।




अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी।

वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है।

2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।

आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन देशों की सीमा पर आए भूकंप के झटके, दहशत में भागे लोग

नई दिल्ली। तीन देशों की सीमाओं पर आए भूकंप ने लोगों को डरा दिया है। स्थानीय लोग दहशत में घरों से बाहर निकले और सुरक्षित स्थान तलाशने लगे। हालांकि भूकंप बहुत ज्यादा नहीं था, इसकी तीव्रता 4.2 मापी गई है। यह भूकंप पहले शनिवार को आया इसके बाद रविवार को भी मामूली झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप की वजह से पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा, अफगानिस्तान के उत्तरी क्षेत्र और ताजिकिस्तान के सुदूरवर्ती इलाकों में कंपन महसूस किया गया। भूकंप वैज्ञानिकों का कहना है कि यह इलाका तीन टेक्टॉनिक प्लेटों के मिलने वाले क्षेत्र में आता है, इसलिए यहां अक्सर हल्के से मध्यम तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ताजिकिस्तान की सीमावर्ती इलाकों में शनिवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 4.2 मापी गई है। स्थानीय समयानुसार भूकंप सुबह करीब 9 बजे के आसपास आया। झटकों की वजह से लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान के हिंदू कुश पर्वतीय क्षेत्र के पास बताया जा रहा है जो अक्सर भूकंपीय गतिविधियों के लिए जाना जाता है। हालांकि फिलहाल किसी बड़े जान-माल के नुकसान की पुष्टि नहीं हुई है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 122वें एपिसोड को किया संबोधित

## ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया-भर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास दिया : मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 122वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बात की। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य मिशन नहीं है, यह हमारे संकल्प, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हमारे जवानों ने आतंक के अड्डों को तबाह किया। यह उनका अदम्य साहस था और इसमें शामिल थी भारत में बने हथियारों, उपकरणों और टेक्नोलॉजी की ताकत। उसमें आत्मनिर्भर भारत का संकल्प भी था। इस अभियान के बाद पूरे देश में वोकल फॉर लोकल को लेकर नई ऊर्जा दिख रही है।



**शेरों की संख्या 674 से बढ़कर 891 हुई**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पिछले 5 साल में गुजरात के गिर में शेरों की आबादी 674 से बढ़कर 891 हो गई है। शेरों की ये संख्या बहुत उत्साहजनक है। 11 जिलों में 35 हजार वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में शेरों की जनगणना की गई, जिसके लिए टीमों ने 24 घंटे इन इलाकों की निगरानी की। कुछ दशक पहले गिर में स्थिति बहुत चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन वहां के लोगों ने मिलकर बदलाव का बीड़ा उठाया। वहां नवीनतम तकनीक के साथ-साथ वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाया गया।

**पीएम मोदी ने माओवाद पर भी की बात**

माओवाद पर बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के कटेझरी गांव के लोग सालों से इस दिन का इंतजार कर रहे थे। यहां पहले कभी बस नहीं चल पाई थी, क्योंकि ये गांव माओवादी हिंसा से प्रभावित था और जब पहली बार बस गांव पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया।

**दीदी बनकर ड्रोन उड़ा रहीं महिलाएं**

ड्रोन दीदी के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज कई ऐसी महिलाएं हैं, जो खेतों के साथ ही आसमान की ऊंचाइयों पर काम कर रही हैं। अब गांव की महिलाएं ड्रोन दीदी बनकर ड्रोन उड़ा रही है और उससे खेती में नई क्रांति ला रही हैं। तेलंगाना के संगारेड्डी में कुछ समय पहले तक जिन महिलाओं को दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। आज वही महिलाएं ड्रोन से 50 एकड़ जमीन पर दवा के छिड़काव का काम कर रही हैं। अब ये महिलाएं ड्रोन ऑपरेटर नहीं स्काई वॉरियर के नाम से जानी जा रही हैं। फिट इंडिया ही स्ट्रॉन्ग इंडिया की नींव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्तमान सामाजिक, आर्थिक और विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने योग और स्वस्थ जीवन पर जोर देते हुए कहा कि फिट इंडिया ही स्ट्रॉन्ग इंडिया की नींव है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी, दूरदर्शन, और अलग-अलग डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित है। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, योग दिवस के साथ-साथ आयुर्वेद के क्षेत्र में भी कुछ ऐसा हुआ है, जिसके बारे में जानकर आपको बहुत खुशी होगी। कल ही यानी 24 मई को डब्ल्यूएचओ के महानिदेशक और मेरे मित्र तुलसी भाई की मौजूदगी में एक एमओयू साइन किया गया है। इस समझौते के साथ ही इंटरनेशनल क्लासिफिकेशन ऑफ हेल्थ इंटरवेंशन्स के तहत एक डे डेडिकेटेड ट्रेडिशनल मेडिसिन मॉड्यूल पर काम शुरू हो गया है। इस पहल से, आयुष को पूरी दुनिया में वैज्ञानिक तरीके से ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# तटरक्षक बल और नौसेना ने लाइबेरियाई पोत पर सवार सभी 24 लोगों को बचाया



**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल और नौसेना ने खतरनाक सामान से लदे एक लाइबेरियाई कंटेनर पोत के केरल तट के पास डूबने पर चालक दल के सभी 24 सदस्यों को रविवार को बचा लिया। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि लाइबेरियाई कंटेनर पोत एमएससी ईएलएसए तीन आज सुबह सात बजकर 50 मिनट पर कोच्चि तट पर बाढ़ के कारण डूब गया। पोत पर सवार चालक दल के सभी 24 सदस्यों को बचा लिया गया जिनमें से 21 को तटरक्षक बल ने और तीन को नौसेना के पोत आईएनएस सुजाता ने बचाया। यह पोत 640 कंटेनरों के साथ डूब गया। पोत पर 13 में खतरनाक सामान और 12 में कैल्शियम कार्बाइड वाले कंटेनर थे। कंटेनरों में 84.44 टन डीजल और 367.1 टन फर्नेस ऑयल भी भरा हुआ था। केरल के तट पर संवेदनशील समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को देखते हुए तटरक्षक बल ने प्रदूषण संबंधित कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। तेल रिसाव का पता लगाने वाली उन्नत प्रणालियों से लैस विमान हवाई निगरानी कर रहा है और प्रदूषण प्रतिक्रिया उपकरण लेकर बल का पोत सक्षम मौके पर तैनात है। फिलहाल तेल रिसाव की कोई सूचना नहीं मिली है। यह आपात स्थिति कल उस सयम शुरू हुई, जब विझिनजाम से कोच्चि जाते समय यह पोत लगभग 38 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में 26 डिग्री झुक गया। पोत ने संतुलन खो दिया जिसके कारण संकट की सूचना दी गई। कोच्चि में बल के समुद्री बचाव उप-केंद्र (एमआरएससी) ने तुरंत समन्वित कार्रवाई शुरू की। डोर्नियर विमान को हवाई निगरानी के लिए तैनात किया गया जिसने जीवित बचे लोगों के साथ दो लाइफराफ्ट देखे। वैश्विक खोज और बचाव प्रोटोकॉल के अनुरूप गश्ती जहाजों और व्यापारिक जहाजों एमवी हान यी और एमएससी सिल्वर 2 को भी सहायता के लिए भेजा गया। देर शाम तक, रूस, यूक्रेन, जॉर्जिया और फिलीपींस के नागरिकों सहित चालक दल के 24 सदस्योंभ में से 21 को बचा लिया गया था। चालक दल के तीन वरिष्ठ सदस्य बचाव व्यवस्था में सहायता के लिए पोत पर ही रहे। हालांकि, रात में पोत की हालत खराब हो गई और रविवार सुबह यह उलट गया। चालक दल के तीन सदस्यों को पोत छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा और उन्हें आईएनएस सुजाता ने बचा लिया। दुर्घटना के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

# केंद्र सरकार पीओसीएसओ एक्ट में बदलाव पर करे विचार: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**


नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से कहा है कि वह पीओसीएसओ एक्ट में बदलाव करने पर विचार करे। यह एक्ट बच्चों को यौन अपराधों से बचाने के लिए बनाया गया है। कोर्ट ने सरकार से कहा कि वह देश में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य शिक्षा के लिए एक नीति बनाए यानी स्कूलों में बच्चों को यौन संबंध और प्रजनन के बारे में सही जानकारी दी जानी चाहिए। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस भेजा है। सरकार को महिला और बाल विकास मंत्रालय के जरिए से जवाब देना है। कोर्ट ने कहा है कि सरकार एक कमेटी बनाए। यह कमेटी इस मुद्दे पर विचार करेगी और 25 जुलाई तक अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। रिपोर्ट मिलने के बाद कोर्ट फैसला लेगा। यह मामला पश्चिम बंगाल की एक महिला से जुड़ा है। इस महिला के पति को पीओसीएसओ एक्ट के तहत 20 साल की जेल हुई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने उस महिला के साथ संबंध बनाए जब वह 14 साल की थी। कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर रहा है। कोर्ट ने इस मामले में दो सीनियर वकील को नियुक्त किया था। उन्होंने सुझाव दिया कि आपसी सहमति से संबंध बनाने वाले किशोरों को सुरक्षा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पीओसीएसओ एक्ट नाबालिगों को यौन शोषण से बचाने के लिए जरूरी है, लेकिन अगर इसे किशोरों के आपसी संबंधों में सख्ती से लागू किया जाता है, तो इसके नतीजे अच्छे नहीं होंगे। इससे उन किशोरों और उनके परिवारों को नुकसान हो सकता है। सीनियर वकीलों के सुझावों को मानते हुए कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस मामले में शामिल किया और नोटिस जारी किया। वकीलों ने यह भी कहा कि दिल्ली और मद्रास जैसे कई हाईकोर्ट ने इस मामले में अलग राय रखी है। उन्होंने पीओसीएसओ एक्ट के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए कहा है कि इसका मकसद आपसी सहमति से बनने वाले रोमांटिक रिश्तों को अपराध बनाना नहीं है।

# विदेश सचिव विक्रम मिस्री, डिप्टी एनएसए अगले सप्ताह जाएंगे अमेरिका

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिस्री और राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार (डिप्टी एनएसए) पवन कपूर जल्द वाशिंगटन जाएंगे। शीर्ष पदस्थ सूत्रों ने बताया कि उनका यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर तय किया गया है। दोनों शीर्ष अधिकारी अगले सप्ताह अमेरिका रवाना हो सकते हैं। वे ऐसे समय में वहां जा रहे हैं जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई मौकों पर भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले दिनों जारी संघर्ष को रोकने में मध्यस्थता का दावा कर चुके हैं। ट्रंप ने कहा था कि संघर्ष विराम के लिए उन्होंने दोनों पक्षों से लंबी बातचीत की थी। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को खारिज करते हुए भारत कह चुका है कि संघर्ष विराम के लिए खुद पाकिस्तान ने गुहार लगाई थी जो ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की कार्रवाई से छटपटा रहा था। उल्लेखनीय है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष लोगों के मारे जाने के बाद भारत ने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ण शुरू करते हुए पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया था। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी इस सप्ताह एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत के सैन्य ऑपरेशन के दौरान 7 मई से 10 मई के बीच अमेरिका समेत कई देशों ने भारत से संपर्क कर तनाव न बढ़ने देने की अपील की थी। नीदरलैंड की मीडिया आउटलेट एनओएस के साथ साक्षात्कार में उन्होंने कहा था कि हमले और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत का नतीजा थी, जिसके लिए दुश्मन देश (पाकिस्तान) ने पहले पहल की थी। उन्होंने कहा था कि सैन्य संघर्ष के दौरान दूसरे देशों द्वारा संचार चैनल स्थापित करना स्वाभाविक है। विदेश मंत्री ने कहा था, अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने मुझसे बात की जबकि अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की।

# शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने न्यूयॉर्क में आतंकवाद से लड़ने के भारतीय संकल्प को दोहराया



**न्यूयॉर्क/नई दिल्ली, एजेंसी**

न्यूयॉर्क/नई दिल्ली। कांग्रेस नेता शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने न्यूयॉर्क में प्रमुख थिंक टैंक, अकादमिक नेताओं और मीडिया के समक्ष अपनी बात रखी। इस बातचीत में प्रतिनिधिमंडल ने दृढ़ता के साथ भारत के आतंकवाद से लड़ने के संकल्प को रेखांकित किया। इसकी पुष्टि न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर की। वाणिज्य दूतावास के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, शशि थरूर के नेतृत्व में राजनयिक आउटरीच यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क पहुंचे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया। भारतीय प्रतिनिधियों ने आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता और एकीकृत राष्ट्रीय संकल्प का दृढ़ संदेश दिया और आतंकवाद का मुकाबला करने, इसके नेटवर्क को समाप्त करने और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए मजबूत अंतरराष्ट्रीय तंत्र की वकालत की। इसके साथ ही भारत-अमेरिका रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। न्यूयॉर्क यात्रा के दौरान भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने 9/11 के आतंकवादी हमलों के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रतिनिधिमंडल के बयान में कहा गया है कि, एकजुटता के प्रतीक रूप में ह्यराष्ट्रीय सितंबर 11 स्मारक और संग्रहालय का दौरा किया गया और 9/11 हमलों में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भारत वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से पीड़ितों के साथ एकजुट है। यह यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत की व्यापक कूटनीतिक वैश्विक पहुंच का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आतंकवाद से उत्पन्न जटिल और उभरते खतरों से निपटने के लिए प्रमुख अंतरराष्ट्रीय देशों के बीच आम सहमति बनाना है। शशि थरूर के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल में शांभवी चौधरी (लोक जनशक्ति पार्टी), सरफराज अहमद (झारखंड मुक्ति मोर्चा), जीएम हरीश बलयागी (तेलुगु देशम पार्टी), शशांक मणि त्रिपाठी (भाजपा), तेजस्वी सूर्या (भाजपा), भुवनेश्वर के लता (भाजपा), मिलिंद देवरा (शिवसेना) और अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरनजीत सिंह संधू शामिल हैं।

**जनगणना** | जातिगत राजनीति नहीं करते हैं, बल्कि वंचित, उत्पीड़ित और शोषित लोगों को मुख्यधारा में लाना चाहते हैं...................

# राजग के मुख्यमंत्रियों ने किया जातीय जनगणना का समर्थन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की रविवार को यहां हुयी बैठक में सुशासन के मुद्दों पर चर्चा की गयी और जातीय जनगणना कराने के केन्द्र सरकार के फैसले का पूरी तरह समर्थन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राजग शासित राज्यों के सभी 20 मुख्यमंत्रियों और 18 उपमुख्यमंत्रियों के अलावा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। बैठक के बाद श्री नड्डा ने कहा, बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए। पहला प्रस्ताव ऑपरेशन सिंदूर पर था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और हमारी सेना के काम की प्रशंसा की गई तथा सेना द्वारा दिखाई गई बहादुरी की अत्यधिक सराहना की गई। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। श्री नड्डा ने कहा, जातीय जनगणना पर भी बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया और सभी ने इस पर अपनी सहमति दी।




साथ ही, श्री मोदी के इस फैसले की प्रशंसा की और उन्हें बधाई दी। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि हम जातिगत राजनीति नहीं करते हैं, बल्कि वंचित, उत्पीड़ित और शोषित लोगों को मुख्यधारा में लाना चाहते हैं, जिन्हें छोड़ दिया गया है। यही समाज की जरूरत है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर संबंधी प्रस्ताव राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रस्तावित किया गया और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इसका अनुमोदन किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जातीय जनगणना प्रस्ताव रखा और इसका अनुमोदन आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण ने किया। श्री नड्डा ने कहा, बैठक में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान पर भी चर्चा हुई और उस चर्चा में, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस बारे में बात की कि हमने नक्सलवाद के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी है और हमें कैसे सफलता मिल रही है। छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि हम नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का पुनर्वास कैसे कर रहे हैं और हम उन्हें मुख्यधारा में कैसे ला रहे हैं। नक्सलवाद के संबंध में जो योजनाएं चल रही हैं, उन पर चर्चा की गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी रणनीति पर चर्चा की, और उन्होंने हमारा मार्गदर्शन किया और सभी मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों को सूचित किया कि हमने इसे हराने के लिए अपनी ताकत का उपयोग कैसे किया है। उन्होंने कहा, पच्चीस और 26 जून को आपातकाल के 50 साल पूरे हो जाएंगे। राजग जनता के बीच जाकर इसे उजागर करेगा और जनता को उन लोगों की असलियत बताएगा जिन्होंने लोकतंत्र का गला घोंटने की कोशिश की थी। बैठक का समन्वय भाजपा के सुशासन विभाग ने किया। इस सम्मेलन में राजग की विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सर्वोत्तम प्रथाओं पर भी चर्चा की गई। कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने अपनी पहलों पर प्रस्तुतियाँ भी दीं। उपस्थित मुख्यमंत्रियों में योगी आदित्यनाथ, श्री नीतीश कुमार, श्री एन चंद्रबाबू नायडू, श्री हिमंतविश्व शर्मा, श्री देवेन्द्र फडणवीस और श्री मोहन यादव आदि शामिल थे। बैठक में राजग सरकार की पहली वर्षगांठ, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक दशक पूरे होने भी विचार-विमर्श किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बीएसएनएल के उपभोक्ता परेशान

**भतरौंजखान (अल्मोड़ा), एजेंसी।** क्षेत्र में बीएसएनएल के उपभोक्ता इनदिनों परेशान हो चुके हैं। नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं होने से मुश्किलें पैदा हो गई हैं। जब से बीएसएनएल का टावर नई जगह शिफ्ट हुआ है, तब से भतरौंजखान व उसके आसपास यह समस्या पैदा हो गई है। जिससे बीएसएनएल उपभोक्ता परेशान हो उठे हैं। इस समस्या से भतरौंजखान समेत करीब के भतरौंज, च्यूनी, तौराड़, नगीरगांव, नौघर, रीठा व बिनकोट आदि गांवों के लोग परेशान हैं। इधर, इस मामले पर बीएसएनएल के एजीएम का कहना है कि जल्द ही समस्या को दूर कर लिया जाएगा।

### जिलों में पैरामिलिट्री कल्याण बोर्ड की स्थापना की जाए

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड पूर्व पैरामिलिट्री कल्याण समिति की बुधवार को नगर निगम सभागार में बैठक हुई। वक्ताओं ने प्रत्येक जिले में पैरामिलिट्री कल्याण बोर्ड की स्थापना करने की मांग की। उन्होंने पैरामिलिट्री कर्मियों की उपेक्षा पर नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि जब पैरा मिलिट्री फोर्स का जवान फौजी की तरह दिन रात ड्यूटी देता है, फिर पैरा मिलिट्री फोर्स के जवान को सैनिक की तरह सुविधाएं क्यों नहीं। पूरे देश में आज समिति पैरा मिलिट्री फोर्स के जवानों के हक के लिए लड़ रही है। जब तक हक नहीं मिलेंगे, समिति चुप रहने वाली नहीं। सौतेले व्यवहार को सहन नहीं किया जाएगा। पैरा मिलिट्री फोर्स से सेवानिवृत्त होने वाले जवानों के उत्थान के लिए जिला स्तर पर पैरा मिलिट्री सैनिक कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए। उन्होंने पैरामिलिट्री जवानों को विशेष वेतन स्वीकृत करने, हल्द्वानी में स्वीकृत केंद्रीय स्वास्थ्य योजना की शीघ्र स्थापना करने की मांग की। ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन किया। तय हुआ कि अगली बैठक अगस्त में होगी। अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष मनोहर सिंह नेगी और संचालन रूप सिंह बिष्ट ने किया।

समिति के जिला कार्यकारणी के चुनाव में तारा दत्त शर्मा अध्यक्ष, किशोर सिंह अधिकारी उपाध्यक्ष, दीवान सिंह बोरा सचिव, किशन सिंह खनी कोषाध्यक्ष चुने गए। कार्यकारणी के 11 सदस्यों के मनोनयन का अधिकार अध्यक्ष को दिया गया। वहां दरबान सिंह बोहरा, हेमंत कुमार पंत, हर्षवर्धन चौधरी, जगदीश चंद्र, त्रिलोक सिंह कड़ाकोटी, आरपी जोशी, दिवान सिंह बिष्ट, हीरा सिंह रावत, किशन मेहता, श्याम सिंह, गणेश बिष्ट, आरसी खुल्बे आदि मौजूद रहे।

### अल्मोड़ा डिपो की देहरादून सेवा रही स्थगित

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** रोडवेज की देहरादून को संचालित सायंकालीन दो सेवाओं में से एक सेवा का संचालन स्थगित रहा। इससे जहां निगम को 10,000 रुपये की चपत लगी, वहीं यात्रियों को दिक्कतें हुई। यात्रियों का कहना है कि शाम के समय जिला मुख्यालय से काफी लोग देहरादून जाते हैं, लेकिन एक सेवा ही संचालित होने से दिक्कतें हो रही हैं। इधर, एआरएम विजय तिवारी ने बताया कि स्थगित सेवा को संचालित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन से खत्याड़ी में पड़ा सूखा

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** नवीन कलक्ट्रेट के पास पेयजल लाइन में वेल्डिंग कार्य के चलते सर्किट हाउस जलाशय में पानी की आपूर्ति बाधित रही। इससे खत्याड़ी के करीब 1500 घरों के नलों में पानी नहीं टपका जबकि अन्य मोहल्लों में आंशिक जलापूर्ति हुई। पानी नहीं मिलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

सर्किट हाउस जलाशय को आपूर्ति करने वाली लाइन नवीन कलक्ट्रेट के समीप क्षतिग्रस्त हो गई थी। शुक्रवार को वेल्डिंग कर लाइन को दुरुस्त किया गया।

लाइन के मरम्मत कार्य के चलते सर्किट हाउस जलाशय में आपूर्ति बाधित रही। इससे नगर से लगे ग्राम पंचायत खत्याड़ी के 1500 से अधिक की आबादी को पानी नहीं मिला है। लोगों ने स्टोर किए गए पानी से काम चलाया। जोशीखोला, दुगालखोला, इंद्रा कॉलोनी में भी आंशिक जलापूर्ति हुई।

वहीं नगर के पूर्वी पोखरखाली, सिकुड़ा, ढूंगाधारा समेत अन्य हिस्सों में मटमैले पानी आने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों का कहना है कि पानी जरुरत के मुताबिक नहीं मिल रहा है। पानी में प्रेशर कम होने से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पा रही है।

# भारत में बायो एविएशन फ्यूल के पहले प्लांट की स्थापना शुरू, वेस्ट कुक्ड ऑयल-जेट्रोफा के बीजों का होगा इस्तेमाल

**देहरादून, एजेंसी।** बायोफ्यूल (जैव ईंधन) की दिशा में भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा दिया है। भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आइआइपी) की ओर से ईजाद की गई बायोफ्यूल की तकनीक पर मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स (एमआरपीएल) ने बायोफ्यूल के प्लांट की स्थापना का काम शुरू कर दिया है।

प्लांट की क्षमता 70 टन प्रतिदिन होगी और इस पर 450 से 500 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह धनराशि एमआरपीएल वहन करेगी। प्लांट को वर्ष 2027 तक स्थापित कर दिया जाएगा।

बायोफ्यूल बनाने की दिशा में भारत के लिए 27 अगस्त 2018 का दिन तब इतिहास में दर्ज हो गया था, जब देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट से स्पाइस जेट के विमान ने बायोफ्यूल से दिल्ली तक उड़ान भरी थी। बायोफ्यूल के सफल प्रदर्शन के बाद से ही आइआइपी इसके व्यावसायिक उत्पादन के लिए बड़ी कंपनियों की तलाश में जुट गई थी।

पहले चरण में यह तलाश न सिर्फ एमआरपीएल के रूप में पूरी हुई, बल्कि अब बायोफ्यूल प्लांट की स्थापना का काम भी पूरा कर दिया गया है। आइआइपी के निदेशक डा हरेंद्र के अनुसार यह प्लांट 70 टन प्रतिदिन की क्षमता का होगा और फिलहाल वेस्ट कुक्ड आयल से बायोफ्यूल तैयार किया जाएगा।

उपलब्धता के अनुसार जेट्रोफा के बीजों से निकलने वाले तेल से भी बायोफ्यूल तैयार किया जाएगा। एमआरपीएल की तरह ही कुछ और कंपनियों ने भी बायोफ्यूल और बायो एविएशन फ्यूल के उत्पादन में दिलचस्पी दिखाई है। निकट भविष्य इस दिशा में कुछ और बड़े कदम बढ़ाए जाएंगे।

आइआइपी के वरिष्ठ विज्ञानी डा अनिल सिन्हा के अनुसार बायोफ्यूल का प्रयोग सामान्य ईंधन में मिश्रण के रूप में किया जाएगा। इसे 50 प्रतिशत तक मिलाया जा सकता है। हालांकि, पहले चरण में 01 प्रतिशत के मिश्रण की संस्तुति की गई है।

विज्ञानियों के अनुसार प्रतिदिन 70 टन बायोफ्यूल के उत्पादन के लिए 150 टन वेस्ट कुकिंग आयल (भोजन पकाने के बाद अवशेष निष्प्रयोज्य तेल) की जरूरत पड़ेगी। वर्तमान में वेस्ट कुकिंग आयल प्राप्त करने के साधन सर्वाधिक नजर आ रहे हैं।

अभी जो बायोफ्यूल तैयार हो रहा है, उसकी लागत करीब 120 रुपये प्रति लीटर आ रही है, जबकि इसे सामान्य ईंधन करीब लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि बड़ा प्लांट स्थापित होने के बाद इस लक्ष्य को पाना आसान होगा।

आइआइपी की तकनीक से तैयार बायोफ्यूल अमेरिका में बन रहे बायोफ्यूल से बेहतर है। आइआइपी के विज्ञानी डा अनिल सिन्हा का कहना है कि अमेरिका में डबल प्रोसेसिंग से ईंधन तैयार हो रहा है, जबकि उनके संस्थान में सिंगल प्रोसेसिंग से ईंधन तैयार किया जा रहा है। एविएशन सेक्टर के रफ्तार पकड़ने के बाद वैश्विक रूप से उच्च वायुमंडल में कार्बन उत्सर्जन की चिंता भी बढ़ने लगी है। ऐसे में बायोफ्यूल को बढ़ावा देने से कार्बन उत्सर्जन की चिंता को आसानी से कम किया जा सकता है।

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में पेरिस समझौते में विश्व को भरोसा दिलाया था कि वर्ष 2030 तक कार्बन सिंक की क्षमता 2.5 से 3 बिलियन टन तक बढ़ाई जाएगी। इस लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना भी आवश्यक है और बायोफ्यूल यहां भी एक बड़ी उम्मीद बनता दिख रहा है।

## खराब रिजल्ट देने वाले प्रधानाचार्य और शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

**रुद्रपुर, एजेंसी।** डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने अटल उत्कृष्ट स्कूलों के खराब परीक्षाफल पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा रिजल्ट देने वाले प्रधानाचार्य व शिक्षकों को सम्मानित करने और खराब परीक्षाफल देने वाले प्रधानाचार्य व शिक्षकों पर कार्रवाई के निर्देश सीईओ को दिए। डीएम ने जिला सभागार में अटल उत्कृष्ट विद्यालयों के परीक्षाफल की शुक्रवार को समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समय-समय



पर विद्यार्थियों की काउंसलिंग की जाए। विद्यार्थियों का अध्यायवार यूनिट टेस्ट लेते हुए मूल्यांकन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने हाईस्कूल व इंटर के परीक्षाफल की विस्तृत जानकारी लेते हुए विद्यालयवार समीक्षा करने व शिक्षकों से भी फीडबैक के लिए कहा। डायट के प्राचार्य को शिक्षा की गुणवत्ता के लिए वार्षिक शिक्षण चार्ट तैयार करने और शिक्षकों के रिफ्रेश कोर्स के साथ ही प्रधानाचार्यों की कार्यशाला भी कराने के लिए कहा। डीएम ने हाईस्कूल-इंटर में कंपार्टमेंट लाने वाले विद्यार्थियों की ग्रीष्मकालीन अवकाश में कक्षाएं संचालित करते हुए उनसे बोर्ड के पुराने प्रश्नपत्र भी हल कराने के निर्देश दिए। अटल उत्कृष्ट विद्यालय जीआईसी प्रतापपुर, जसपुर, गजरौला, महुआखेड़ागंज, बिज्टी, गदरपुर में चहारदीवारी बनाने के लिए शीघ्र प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, सीईओ केएस रावत, डीईओ हरेंद्र मिश्रा, प्राचार्य डायट डॉ. अजंता बिष्ट, बीईओ सतेंद्र सिंह, धीरेंद्र कुमार साहू आदि थे।

## फिर चर्चा में मेयर का भाषण : नाले पर हुए अतिक्रमण को लेकर गरजे गजराज, कहा- मकान टूटेगा या नाला साफ होगा

**नैनीताल, एजेंसी।** मेयर गजराज सिंह बिष्ट मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में नाले के ऊपर हुए अतिक्रमण को लेकर दिए भाषण को लेकर एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि या तो मकान टूटेगा या फिर नाला साफ होगा।

हल्द्वानी में मेयर गजराज सिंह बिष्ट मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में नाले के ऊपर हुए अतिक्रमण को लेकर दिए भाषण को लेकर एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि या तो मकान टूटेगा या फिर नाला साफ होगा। अब मकान तोड़ेंगे तो कहोगे कि साहब भाजपा की सरकार ने हमारा मकान तोड़ दिया। अगर मकान नहीं तोड़ेंगे तो आप कहोगे भाजपा की सरकार मुसलमानों की तरफ देख ही नहीं रही है। दोनों बातें एक साथ नहीं चलेंगी।



दो दिन पहले जब सांसद अजय भट्ट ने शनि बाजार के नाले के कार्यों का शुभारंभ किया था तब मेयर को भी संबोधन के लिए बुलाया गया। माइक थामने के बाद मेयर बोले- मैं एक-दो बातें कहना चाहता हूं, जो मेरी और आपके बीच की हैं। मैं अभी परसों ईदगाह रोड पर गया था। हम चाहते थे कि बरसात से पहले वहां स्थित नाला क्रास हो जाए और साफ हो जाए ताकि बरसात में आपके घरों में पानी न घुसे। बोले, लेकिन दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि उस नाले के ऊपर भी भवन बनाए गए हैं। मेयर ने खुद ही सवाल किया कि अब जब नाले के ऊपर मकान बना हो तो उसे साफ कैसे करें। आगे बताया कि निगम कर्मियों ने नाला साफ न हो पाने की शिकायत की तो मैं स्वयं कर्मचारियों के साथ नाला साफ करवाने वहां गया। वहां पता चला कि नाले के ऊपर मकान बना दिए गए हैं।

मेयर ने दो टूक कहा- अब ये दोनों बातें तो एक साथ नहीं चल सकतीं। या तो आपका मकान टूटेगा या फिर आपका नाला साफ होगा। दोनों में एक काम होगा। इतना कहते ही मेयर ने पास में बैठे दायित्वधारी मजहर नईम से पूछा कि मजहर भाई गलत तो नहीं कह रहा हूं। मजहर बोले- नहीं, नहीं।

मेयर यहां भी नहीं थमे, बोले- मैं बड़ी खरी-खरी बात कहता हूं। कोई बुरा माने या भला माने। मैं स्वयं गया था वहां नाला साफ कराने, लेकिन नहीं कर पाए हम। कैसे करें, मकान बना है उसके ऊपर। बोले-अब यह आरोप भी नहीं लगाएं कि नाला साफ नहीं हुआ, औरों का कर दिया। मकान टूटता है तो यह न कहें कि हमारा मकान तोड़ दिया दूसरे का नहीं तोड़ा। बोले यह दोनों बातें एक साथ नहीं चल सकती हैं। मेयर के भाषण का यह हिस्सा शुक्रवार को सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ है।

## नवाबी रोड पर 9.74 करोड़ से बिछेगी नई सीवर लाइन, पेयजल निगम के प्रोजेक्ट को मिली विभागीय सहमति

**नैनीताल, एजेंसी।** नवाबी रोड की सीवर लाइन आए दिन चोक होने की समस्या जल्द खत्म हो जाएगी। नब्बे के दशक में बिछाई गई यह लाइन अब जीर्ण-शीर्ण होने के कारण पेयजल निगम नई लाइन बिछाने की तैयारी कर रहा है।

हल्द्वानी शहर के नवाबी रोड की सीवर लाइन आए दिन चोक होने की समस्या जल्द खत्म हो जाएगी। नब्बे के दशक में बिछाई गई यह लाइन अब जीर्ण-शीर्ण होने के कारण पेयजल निगम नई लाइन बिछाने की तैयारी कर रहा है।

कालाढूंगी रोड स्थित पशु चिकित्सालय तक नवाबी रोड की करीब डेढ़ किमी सीवर लाइन अब



सुविधाजनक होगी। नई सीवर लाइन के 9.74 करोड़ के इस प्रोजेक्ट को शुक्रवार को देहरादून में विभागीय सचिव की सहमति मिल गई है। शासन स्तर पर स्वीकृति मिलते ही कार्यदायी संस्था टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा।

घरों में घुसती है गंदगी = सीवर लाइन चोक होने से नवाबी रोड घरों में गदंगी घुस जाती है। करीब चार साल पहले महिला डिग्री कॉलेज के नजदीक एक घर के कमरे में सीवर की काफी गंदगी भर गई थी। यहां वर्ष 1989-90 में लाइनें बिछी थीं, लाइन के आए दिन चोक होने से स्थानीय लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## युवक के पेट दर्द उठा और हो गए मल्टी ऑर्गन फैलियर परिवार ने लगाई मदद की गुहार

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** जिला मुख्यालय के नजदीकी जाजरदेवल क्षेत्र के रहने वाले युवक सौरभ जोशी मल्टी ऑर्गन फैलियर की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। उन्हें गुरुग्राम के मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।



परिवार उनके उपचार में अब तक 25 लाख रुपए की धनराशि खर्च कर चुका है अब उपचार करना परिवार के लिए बेहद मुश्किल हो रहा है। बेटे का जीवन बचाने के लिए संघर्ष कर रहे पिता ने लोगों से मदद की अपील की है। जाजरदेवल के खूनी गांव के रहने वाले सौरभ जोशी को पिछले दिनों अचानक पेट में दर्द उठा। उन्हें अस्पताल लाया गया जहां हुई जांचों में पता चला कि उनके तमाम अंग फेल हो गए हैं, उनका जीवन बचाने के लिए पिता ललित मोहन जोशी उन्हें गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल ले गए।

परिवार अपनी जमा पूंजी के साथ ही साथ नाते रिश्तेदारों से कर्ज लेकर करीब 25 लाख रुपए की धनराशि खर्च कर चुका है। सौरभ के उपचार के लिए अभी 10 लाख रुपए की और जरूरत है। परेशान पिता ने लोगों से मदद की अपील की है। तमाम संगठन सौरव की मदद के लिए जुट रहे हैं।

## खटीमा के जंगल में मिला महिला का अधजला शव, हत्या या आत्महत्या? पुलिस जांच में जुटी

**खटीमा, एजेंसी।** उधम सिंह नगर के खटीमा में महिला का अधजला शव मिला है. खटीमा पुलिस ने शव कब्जे में मामले की जांच शुरू कर दी है. पुलिस ने महिला की शिनाख्त खटीमा की रहने वाली महिला के रूप में की है. महिला की संदिग्ध मौत को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक टीम से घटना स्थल की जांच कराकर घटना के विभिन्न पहलुओं की जांच शुरू कर दी है.

खटीमा पुलिस के मुताबिक, खटीमा के चारूबेटा इलाके में नई बस्ती से लगे जंगल में अज्ञात महिला का अधजला शव मिला. पुलिस क्षेत्राधिकारी विमल रावत समेत पुलिस टीम ने महिला के शव को कब्जे में ले उसकी शिनाख्त शुरू की. पुलिस द्वारा मृतक महिला की शिनाख्त अनीता पत्नी सुरेश निवासी नई बस्ती चारूबेटा, खटीमा के रूप में हुई. मृतका अनीता शुक्रवार रात से घर से लापता थी. अनीता की ननद और ननद की सहेली का कहना है कि बच्चों से उनकी मां (अनिता) के बारे में पूछने पर उन्होंने बताया कि उनकी मां रात से ही घर पर नहीं है. तभी मृतका की ननद ने अपनी सहेली और ग्रामीणों के साथ अनीता की



खोजबीन शुरू की.

परिजनों और ग्रामीणों के काफी खोजबीन के कुछ देर बाद घर के पीछे जंगल में एक पेड़ के नीचे अनीता का अधजला शव पाया गया. ग्रामीणों और परिजनों द्वारा घटना की सूचना कोतवाली खटीमा को दी गई. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मामले की जांच की है. घटना कैसे हुई? अभी इस बात का सुराग नहीं लग पाया है. फिलहाल पुलिस एवं फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी है. मृतका अनीता अपने पीछे अपनी 9 और 3 साल की बेटी रिया और 7 साल के बेटे को रोते-बिलखते छोड़ गई है.

सीओ खटीमा विमल रावत ने कहा कि महिला की संदिग्ध मौत मामले में जांच की जा रही है. फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम हेतू उप जिला चिकित्सालय खटीमा भेज दिया है. पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस निकालेगी 'जय हिंद' रैली, हल्द्वानी से होगी शुरुआत

**हल्द्वानी, एजेंसी।** भारतीय सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर में बड़ी सफलता हासिल की. सेना के सम्मान में जहां भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में शौर्य तिरंगा यात्रा निकल रही है तो वहीं उत्तराखंड कांग्रेस अब ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जय हिंद' रैली, निकालने जा रही है. जिसकी शुरुआत कुमाऊं की आर्थिक राजधानी हल्द्वानी से 1 जून से शुरू करने जा रही है. जय हिंद रैली के सफल बनाने के लिए हल्द्वानी में कांग्रेस स्वराज आश्रम में कार्यक्रम का आयोजन हुआ. जिसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के अलावा कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता के साथ-साथ भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा देश के वीर सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और सम्मान को नमन करते हुए भारतीय राष्ट्रीय




कांग्रेस 'जय हिंद' रैली निकालने जा रही है. उत्तराखंड में इस रैली का शुभारंभ हल्द्वानी से किया जाएगा. यह रैली विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारत की सैन्य ताकत और देशभक्ति को समर्पित होगी.

जिसमें हमारे सुरक्षाबलों ने पाकिस्तान की ओर से होने वाली साजिशों और आतंक को मुंहतोड़ जवाब दिया.

इस रैली का उद्देश्य है सैन्य बलों के पराक्रम को राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर सम्मान देना और जनता को यह संदेश देना कि कांग्रेस हमेशा देश के जवानों के साथ खड़ी रही है.

इस दौरान करन महरा ने केंद्र सरकार पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इस रैली के माध्यम से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मोदी सरकार की फेलियर को भी लोगों तक पहुंचाया जाएगा. उन्होंने कहा देश के गृहमंत्री सदन में बयान देते हैं कि तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी अगर 2 दिन बाद युद्ध विराम कर दी होती तो आज पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भारत का होता, लेकिन, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान केंद्र सरकार अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और एक बड़े व्यापारी के दबाव में आकर युद्ध विराम को अंजाम दिया.

उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्नल सोफिया का भी भारतीय जनता पार्टी के एक बड़े मंत्री ने अपमान किया है. इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा के अंदर भी अंदरूनी कलह है. उन्होंने कहा इस रैली को सफल बनाने के लिए लोगों को अधिक से अधिक पहुंचने की अपील की गई है. पूर्व सैनिकों को जोड़ने का काम किया जा रहा है. जिससे कि ऑपरेशन सिंदूर में शहादत देने वाले सैनिकों को सम्मान मिल सके.

## आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां समय से पूरी करें : डीएम

**बागेश्वर, एजेंसी।** डीएम आशीष भटगांई ने मानसूनकाल की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को अभी से संसाधनों को दुरस्त रखने और अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां समय से पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने सिंचाई विभाग को बाढ़ नियंत्रण के लिए जल पुलिस चौकी की स्थापना करने के निर्देश दिए। बुधवार को जिला सभागार में हुई बैठक में डीएम ने अधिकारियों को अपने फोन हमेशा ऑन रखने को कहा। उन्होंने थाना और तहसील स्तर पर उपलब्ध आपदा उपकरणों की जांच कर कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए कहा। उन्होंने आपदा संभावित दूरस्थ क्षेत्रों में मानसून से पहले ही खाद्यान्न, दवा, रसोई गैस, डीजल और पेट्रोल का पर्याप्त भंडार रखने के निर्देश दिए। वर्षाकाल में सड़क, बिजली और पेयजल बाधित होने पर रिस्पांस टाइम कम से कम होना चाहिए। उन्होंने सड़क निर्माण एजेंसियों और विभागों को मानसून के दौरान बंद होने वाले सड़कों की पहचान कर उन्हें तुरंत खोलने के लिए जेसीबी तैनात करने और जानकारी आपदा कंट्रोल रूम को देने के लिए कहा।

# शाहदरा में ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में लगी आग, दो लोगों की मौत, चार अन्य झुलसे

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नई दिल्ली, । दिल्ली में शाहदरा के रामनगर इलाके में रविवार सुबह ई-रिक्शा चार्जिंग एवं पार्किंग स्टेशन पर आग लगने से दो लड़कों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ जिले के मूल निवासी 19 वर्षीय ब्रिजेश और 18 वर्षीय मणिराम की आग लगने की इस घटना में मौत हो गई। जब आग लगी तब दोनों सो रहे थे जिसके कारण वे अंदर ही फंसे रह गए। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने एक बयान में कहा कि आग पर काबू पाने के बाद उनके जले हुए शव मलबे से बरामद किए गए। एक बयान में कहा गया है कि आग सुबह करीब छह बजकर 40 मिनट पर टिन शेड के एक ढांचे में लगी, जिसका इस्तेमाल गोदाम, ई-रिक्शा की पार्किंग व चार्जिंग स्टेशन, और गन्ने के रस की मशीनों के भंडारण के लिए होता था। शाहदरा राम नगर क्षेत्र में मोती राम रोड पर स्थित यह टिन शेड लगभग 300 से 400 वर्ग गज में फैला हुआ था। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया कि उसे सुबह छह बजकर 40 मिनट पर आग लगने के बारे में सूचना मिली थी जिसके बाद तुरंत दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा, ह्यह्यसुबह साढ़े आठ बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। अभियान के दौरान मलबे से दो जले हुए शव बरामद किए गए।ह्व डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा, जब हमारी टीम पहुंची तो आग काफी भयावह हो चुकी थी और शेड का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। हमने सुबह साढ़े आठ बजे तक आग पर काबू पा लिया। अभियान के दौरान, हमने घटनास्थल से जले हुए दो शव बरामद किए। आग लगने की वजह चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट इस घटना में झुलसे चार लोगों को बचा लिया गया जिन्हें निकटवर्ती जी.टी.बी. अस्पताल ले जाया गया। आग में झुलसे लोगों की पहचान मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के भवाई निवासी 19 वर्षीय हरिशंकर तथा उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के महाराजगंज के निवासी 18 वर्षीय रिंकू, 22 वर्षीय मुकेश और 19 वर्षीय विपिन के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि सभी छह लोग ई-रिक्शा पर गन्ने का रस बेचते थे और शेड में रहते थे। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग लगने की वजह चार्जिंग के दौरान शॉर्ट सर्किट होना हो सकता है। अधिकारियों ने बताया कि परिसर में अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं, इसकी विस्तृत जांच की जाएगी। पुलिस ने विनोद राठौर नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जो किराए पर लिए गए उक्त परिसर का संचालन कर रहा था।ह्व पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, ह्यकानूनी कार्रवाई की जा रही है। राठौर को हिरासत में लिया गया है और उससे सुरक्षा मानकों तथा आग लगने के समय शेड में श्रमिकों की मौजूदगी के बारे में पूछताछ की जा रही है।ह्व पुलिस सूत्रों के अनुसार शेड में बुनियादी अग्नि सुरक्षा उपकरण भी नहीं थे।

## भाजपा सरकार में जरा सी बारिश से बेहाल हुई दिल्ली : आप

**दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली, । जलभराव को लेकर आम आदमी पार्टी ने रविवार को दिल्ली की भाजपा सरकार पर निशाना साधा। आप का कहना है कि चार इंजन की सरकार होने के बावजूद जरा सी बारिश में दिल्ली बेहाल हो गई। जगह-जगह जलभराव में गाड़ी और बसें डूब गई। आईटीओ, मिंटो रोड, तिमारपुर, एयरपोर्ट की सड़क, धौलाकुआं समेत दिल्ली के तमाम इलाके जलमग्न हो गए। आम आदमी पार्टी ने विभिन्न इलाकों में बारिश से हुए जलभराव की वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मंच एक्स पर साझा की। आप ने वीडियो के साथ लिखा कि आज दिल्लीवाले जब सुबह उठे तो उन्होंने राजधानी के कई हिस्सों को डूबा पाया। थोड़ी देर की बारिश में ही सड़कें लबालब हो गई। पानी में डूबी एक कार की वीडियो साझा करते हुए लिखा कि दिल्ली कैंट अंडरपास में एक कार और बस डूबी हुई हैं। मुख्यमंत्री इस काम का श्रेय ले सकती हैं। आप ने मिंटो रोड की वीडियो साझा कर कहा कि बारिश में यहां कार डूब गई। बीते दिनों मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री प्रवेश वर्मा ने यहां आकर निरीक्षण किया था, लेकिन वास्तव में वहां कोई काम नहीं हुआ। धौलाकुआं और चाणक्यपुरी जैसे वीवीआईपी क्षेत्र में भी जलभराव देखने को मिला। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा की तरफ जाने वाली सड़क भी लबालब रही। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि निगम से लेकर केंद्र तक भाजपा की सरकार होने के बावजूद जलभराव बताता है कि सरकार ने कोई काम नहीं किया है। पूरी दिल्ली में जल भराव है, लेकिन 335 अफसरों को निलंबित करने की बात कहने वाले मंत्री प्रवेश वर्मा गायब हैं। चार दिन पहले कैबिनेट मीटिंग की तस्वीर में भी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा नहीं दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बताना चाहिए कि उनके मंत्री कहां हैं। आप की वरिष्ठ नेता आतिशी ने मिंटो ब्रिज के नीचे की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि थोड़ी सी बरसात के बाद मिंटो ब्रिज के नीचे गाड़ी डूब गई। आईटीओ पर पीडब्ल्यूडी कार्यालय के बाहर जलभराव हो रखा है।

## संक्षिप्त खबरें

### शाहदरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने वीके सिंह, नरवीर बने सचिव

नई दिल्लीर, । कड़कड़डूमा कोर्ट में शनिवार देर रात शाहदरा बार एसोसिएशन के चुनाव नतीजे घोषित किए गए। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर वीके सिंह ने बाजी मारी जबकि सचिव पद पर नरवीर डबास ने जीत हासिल की। चुनाव जीतने के बाद वकील वीके सिंह ने कहा कि वह निष्पक्ष होकर वकीलों की समस्याओं को दूर करेंगे।

चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद विजयी उम्मीदवारों के समर्थकों ने ढोल बजाकर जश्न मनाया और कोर्ट परिसर में देर रात तक मुंह मीठा कराने का सिलसिला जारी रहा। उपाध्यक्ष पद पर अमित तंवर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला) सुनीता बंसल ने जीत हासिल की। इसी क्रम में अतिरिक्त सचिव अवध प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव हर्षदीप बेनीवाल, कोषाध्यक्ष के पद पर ज्योति सिंह और मेंबर लेडी के पद पर लता भाटी ने बाजी मारी है। शनिवार को हुए चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया था। इस बार एसोसिएशन चुनाव के लिए कुल 85 उम्मीदवार मैदान में थे।

### रुपये वापस मांगने पर युवक को पीटा

नई दिल्लीस, । जाफरपुर कलां इलाके में उधार दिए रुपये वापस मांगने पर एक युवक की कर्ज लेने वाले शख्स ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर बुरी तरह पिटाई कर दी। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि 36 वर्षीय रवि रावता गांव में रहता है। वह एम्स में नौकरी करता है।

पीड़ित के मुताबिक, उसने ढांसा गांव के रौनक डागर को तीन लाख रुपये उधार दिए थे। वह रुपये वापस मांग रहा था। 17 मई की रात रौनक ने पीड़ित को फोन कर पूछा वह कहां है। पीड़ित ने गालिबपुर नाला रोड पर होने की बात कही, तो उसे रुकने को कहा। कुछ देर बाद रौनक दो गाड़ियों से दोस्तों के साथ वहां पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के बेहोश होने पर आरोपी भाग निकले।

### शाहदरा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने वीके सिंह

नई दिल्लीर, । कड़कड़डूमा कोर्ट में शनिवार देर रात शाहदरा बार एसोसिएशन के चुनाव नतीजे घोषित किए गए। अध्यक्ष पद पर वीके सिंह ने बाजी मारी जबकि सचिव पद पर नरवीर डबास ने जीत हासिल की। वीके सिंह ने कहा कि वह निष्पक्ष होकर वकीलों की समस्याओं को दूर करेंगे।

चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद विजयी उम्मीदवारों के समर्थकों ने ढोल बजाकर जश्न मनाया और कोर्ट परिसर में देर रात तक मुंह मीठा कराने का सिलसिला जारी रहा। उपाध्यक्ष पद पर अमित तंवर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित कैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (महिला) सुनीता बंसल ने जीत हासिल की। इसी क्रम में अतिरिक्त सचिव अवध प्रताप सिंह, संयुक्त सचिव हर्षदीप बेनीवाल, कोषाध्यक्ष के पद पर ज्योति सिंह और मेंबर लेडी के पद पर लता भाटी ने बाजी मारी है। शनिवार को हुए चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया था। इस बार एसोसिएशन चुनाव के लिए कुल 85 उम्मीदवार मैदान में थे।

## दिल्ली में आंधी और बारिश ने गर्मी से राहत दी विमान परिचालन प्रभावित, कई जगह जलभराव

नई दिल्ली, । दिल्ली में रातभर हुई बारिश और आंधी ने उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत दी, लेकिन परेशानी भी बढ़ाई। विमान परिचालन बाधित हुआ, पेड़ एवं बिजली के खंभे उखड़ गए और कई इलाकों में जलभराव हो गया। मौसम में अचानक आए बदलाव के कारण पारे में भारी गिरावट आई और राष्ट्रीय राजधानी का न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 6.9 डिग्री कम है।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली के प्रमुख मौसम केंद्र ने देर रात 11 बजकर 30 मिनट से सुबह पांच बजकर 30 मिनट के बीच छह घंटे में 81.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज की और इस दौरान 82 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। पालम में 68.1 मिलीमीटर, पूसा में 71 मिलीमीटर, मयूर विहार में 48 मिलीमीटर, नरेला में 30 मिलीमीटर और दिल्ली विश्वविद्यालय में 29 मिलीमीटर बारिश हुई। मोती बाग, मिंटो रोड, आईटीओ, धौला कुआं, दिल्ली छावनी, दीन दयाल उपाध्याय मार्ग और चाणक्यपुरी समेत दिल्ली के कई इलाकों में आंशिक रूप से जलभराव हो गया। दिल्ली छावनी इलाके में एक ह्यअंडरपासह्व में एक कार और एक बस लगभग पूरी तरह डूबी देखी गई। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में भी इसी तरह के दृश्य दिखाई दिए जो कथित तौर पर मिंटो रोड इलाके के हैं। मौसम विभाग ने पश्चिम और उत्तर-पश्चिम से आने वाली आंधी के बारे में शनिवार रात चेतावनी देते हुए ह्यरेड अलर्टह्व जारी किया था। इसने तेज आंधी या धूल भरी हवाएं चलने एवं बार-बार मेघ गर्जन और तेज हवाएं चलने का अनुमान जताया था। राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में तेज हवाएं चलीं। पालम में 72 किलोमीटर प्रति घंटे, प्रगति मैदान में 76 किलोमीटर प्रति घंटे, जाफरपुर में 61 किलोमीटर प्रति घंटे और इग्नू में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। आंधी के साथ हुई भारी बारिश के बाद, दिल्ली का तापमान आधी रात के बाद एक बजकर 15 मिनट से दो बजकर 30 मिनट के बीच तेजी से गिरा। सफदरजंग में तापमान 31 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 21 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जबकि पालम में यह 29 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 22 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। पूसा में तापमान 31.8 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 20.5 डिग्री सेल्सियस, प्रगति मैदान में 31.4 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 21.3 डिग्री सेल्सियस और लोधी रोड में 31 डिग्री सेल्सियस से गिरकर 22.3 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। रविवार के लिए मौसम विभाग ने आंधी के साथ बारिश का अनुमान लगाया है, जिससे अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है। सूत्रों ने बताया कि खराब मौसम के कारण देश के सबसे बड़े इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर 17 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों समेत 49 विमानों का मार्ग परिवर्तित किया गया।

## उपनगरी द्वारका गंदे पानी में डूबी पालम ड्रेन बनी स्थानीय निवासियों की मुसीबत, जिम्मेदारी किसकी

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



नई दिल्ली, फेडरेशन ऑफ साउथ एंड वेस्ट डिस्ट्रिक्ट वेलफेयर फोरम के चेयरमैन श्री रणबीर सिंह सोलंकी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बाढ़ नियंत्रण विभाग, बसई दारापुर, नई दिल्ली के अधिशासी अभियंता से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने द्वारका सेक्टर-3 स्थित पालम ड्रेन की दयनीय स्थिति, सड़क निर्माण की अनियमितताएं एवं विद्युतीकरण की समस्याओं को लेकर एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विशेष रूप से उल्लेख किया गया कि आदर्श अपार्टमेंट के पास लगभग 50 मीटर लंबे खुले पालम ड्रेन में दिल्ली जल बोर्ड द्वारा बार-बार सीवर का गंदा पानी छोड़ा जा रहा है। शिकायतों के बाद कुछ समय के लिए समस्या में सुधार होता है, किंतु जल्द ही स्थिति पुनः गंभीर हो जाती है। फोरम ने इस पर स्थायी समाधान की मांग की है। इसके साथ ही आदर्श अपार्टमेंट से मधु विहार की ओर जाने वाली सड़क अत्यंत जर्जर है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सड़क किनारे लगाए गए विद्युत पोलों में न केवल केबल और बल्ब नहीं हैं, बल्कि कई पोल झुक चुके हैं, जिससे जान-माल की सुरक्षा को खतरा है। 1. क्षतिग्रस्त सड़क की शीघ्र मरम्मत एवं पुनर्निर्माण। 2. विद्युत पोलों को स्थिर कर उचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। 3. सड़क किनारे की सुरक्षा दीवारों को ऊँचा कर जल निकासी की पुख्ता व्यवस्था की जाए। 4. दिल्ली जल बोर्ड को निर्देशित किया जाए कि सीवर जल पालम ड्रेन में न छोड़ा जाए तथा बार-बार उल्लंघन की स्थिति में ठोस कार्रवाई की जाए। 5. खुले ड्रेन को ढककर वहां मल्टीलेवल पार्किंग की व्यवस्था की जाए जिससे स्थानीय निवासियों को पार्किंग संकट से राहत मिले। फोरम के चेयरमेन रणबीर सिंह सोलंकी ने बताया,हमने दिल्ली जल बोर्ड के मुख्य अभियंता (पश्चिम) से मुलाकात की। वे पूर्व में द्वारका कार्यालय में पदस्थ रह चुके हैं और इस समस्या से पूरी तरह परिचित हैं। उन्होंने स्वीकार किया कि स्थिति गंभीर है और विभाग ठोस कार्रवाई करेगा। साथ ही, दिल्ली कैंट क्षेत्र से भी आ रहे सीवर जल के प्रवाह को रोकने की योजना तैयार की जा रही है।ह्व सोलंकी ने आगे कहा, हमारा उद्देश्य है कि क्षेत्रवासियों को सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधा संपन्न वातावरण मिले। यह पहल स्थानीय बुनियादी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सशक्त कदम है। अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## दिल्ली की एक अदालत ने हत्या के आरोपी को दी जमानत

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

नई दिल्ली , । अदालत ने हत्या के एक आरोपी को वीडियो कॉल पर जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने की शर्त पर जमानत दे दी। आरोपी ने लेजर सर्जरी कराने की मांग की है। आम तौर पर जमानत पर रिहा होने वालों को जांच अधिकारी के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए संबंधित क्षेत्र के पुलिस थाने में व्यक्तिगत रूप से जाना पड़ता है। हालांकि, इस मामले में जमानत के लिए शर्तें तय करते हुए न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता मनिंदर सिद्धू को संबंधित पुलिस थाने में संबंधित जांच अधिकारी को सप्ताह में दो बार सोमवार और गुरुवार को शाम चार से छह बजे के बीच वीडियो कॉल कर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। आरोपी ने 45 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। याचिकाकर्ता ने कहा कि सर्जरी के बाद उसे करीब 10-15 दिनों तक बिस्तर पर आराम करना होगा, इस दौरान वह चलने-फिरने में असमर्थ रहेगा। याचिकाकर्ता को पहले सफदरजंग एन्क्लेव वंशिका मेडिकेयर में इलाज कराने के लिए कस्टडी पैरोल पर रिहा किया गया था। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे लेजर उपचार कराने की सलाह दी और याचिकाकर्ता ने 45 दिनों की अवधि के लिए अंतरिम जमानत मांगी। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि चिकित्सा प्रक्रिया के लिए याचिकाकर्ता को दो से तीन दिनों की अवधि के लिए अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता है। सर्जरी के बाद याचिकाकर्ता को लगभग 10-15 दिनों तक बिस्तर पर आराम करने की आवश्यकता होगी। ऐसी स्थिति में याचिकाकर्ता इस दौरान चलने-फिरने या अपने दैनिक कार्य करने में असमर्थ होगा। वहीं, याचिका का विरोध करते हुए अतिरिक्त लोक अभियोजक ने कहा कि याचिकाकर्ता के खिलाफ गंभीर आरोप हैं और याचिकाकर्ता दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में उक्त उपचार करवा सकता है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए याचिकाकर्ता को 50 हजार रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानतों पर दो सप्ताह के लिए अंतरिम जमानत दे दी। साथ ही उसे अपने सभी मोबाइल नंबर जांच अधिकारी को देने और उन्हें हर समय चालू रखने का निर्देश दिया है।

## ऑडी इंडिया ने लॉन्च किया ड्राइव श्योर प्रोग्राम अब तेज कारों की ड्राइविंग होगी ज़िम्मेदारी के साथ

**यह विशेष रूप से तैयार किये गए ट्रेनिंग प्रोग्राम के जरिए जिम्मेदार ड्राइविंग को बढ़ावा देता है और सड़क सुरक्षा के लक्ष्य को मजबूत करता है। यह तेज और पावरफुल (परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड) गाड़ियों को बेहतर ढंग से चलाने में मदद करता है। यह ग्राहकों और पेशेवर ड्राइवरों को ऑडी की अत्याधुनिक तकनीक का अनुभव कराते हुए, जिम्मेदारी के साथ ड्राइविंग की पूरी समझ देता है।**

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

मुंबई,जर्मनी के लग्जरी ऑटो ब्रांड ऑडी ने आज एक खास ड्राइविंग ट्रेनिंग प्रोग्राम ड्राइव श्योर लॉन्च किया है। यह प्रोग्राम खास उन लोगों के लिए तैयार किया गया है, जो तेज और पावरफुल कारें चलाते हैं, ताकि वे और भी सुरक्षित, दक्ष और ज़िम्मेदार ड्राइवर बन सकें। ऑडी ड्राइव श्योर उन्हें आधुनिक तकनीक समझने और सड़क सुरक्षा के नियमों को अपनाने में मदद करेगा। यह पहल भारत में सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है, जो नई कार टेक्नोलॉजी और ड्राइवर की तैयारियों के बीच की दूरी को पाटने का काम करेगी। ऑडी ड्राइव श्योर में दो तरह के ट्रेनिंग कोर्स शामिल हैं – एक युवा ड्राइवरों के लिए और दूसरा पेशेवर ड्राइवरों (चौफर्स) के लिए। यह प्रोग्राम ऑडी की भारत में दो दशक से ज्यादा की मौजूदगी और 1 लाख से अधिक गाड़ियों की डिलीवरी के अनुभव पर आधारित है। ब्रांड के प्रति ग्राहकों का भरोसा इसकी सबसे बड़ी ताकत है , आज भारत में बिकने वाली हर चौथी ऑडी, किसी पुराने ग्राहक को ही जाती है। ऑडी इंडिया के प्रमुख श्री बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, ऑडी में ह्यवोर्सप्रंग डुर्च टेक्निक सिर्फ एक इंजीनियरिंग सिद्धांत नहीं, बल्कि समाज के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है। ऑडी ड्राइव श्योर इसी सोच को दशार्ता है और उस जरूरत को पूरा करता है, जो भारत जैसे देश में तेजी से चलने वाली कारों की तकनीक और ड्राइवर की समझ के बीच मौजूद है। हमारा उद्देश्य ऐसी नई पीढ़ी तैयार करना है, जो ताकत को सिर्फ महसूस न करे, बल्कि उसे ज़िम्मेदारी से संभाले। इस प्रोग्राम में युवा ड्राइवरों को अलग-अलग तरह की सड़कों और ड्राइविंग परिस्थितियों में सुरक्षित ढंग से गाड़ी चलाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। हमारा लक्ष्य है कि सभी ऑडी मालिक और प्रोफेशनल ड्राइवर ह्यसुरक्षा को प्राथमिकता देने वाले ब्रांड एम्बेसडर बनें। ऑडी ड्राइव श्योर खास तौर पर लग्जरी कार मालिकों के लिए डिजाइन किया गया एक ऐसा ड्राइविंग प्रोग्राम है, जो उन्हें किसी भी सड़क या हालात में ज़िम्मेदारी से गाड़ी चलाने का आत्मविश्वास देगा। इस प्रोग्राम में एक वर्कशॉप भी शामिल होगी, जो प्रतिभागियों को तेज और पावरफुल गाड़ियों को सही तरीके से समझने और चलाने की जिम्मेदारी के लिए तैयार करेगी। पेशेवर ड्राइवरों के लिए एक अलग ट्रेनिंग कोर्स तैयार किया गया है, जिसमें उन्हें बेहतर व्यवहार, साफ-सुथरा पहनावा, सुरक्षित ड्राइविंग की आदतें और ऑडी की तकनीकी खूबियों के बारे में जानकारी दी जाएगी – ताकि वे ऑडी की लग्जरी और प्रतिष्ठा को सही तरीके से पेश कर सकें। ऑडी ड्राइव श्योरह्व पूरी तरह निःशुल्क है और यह ऑडी के सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को और मजबूत करता है।

## लिवप्योर ने शानदार प्रदर्शन किया, एबिटा में 389% की जबर्दस्त वृद्धि, कई महत्वपूर्ण निवेश और बाजार विस्तार की घोषणा की

भारत,उपभोक्ताओं की भलाई को समर्पित भारत के भरोसेमंद और अग्रणी ब्रांड लिवप्योर ने अपने अप्लायंस और सर्विस बिजनेस में बीते साल की तुलना में 39% राजस्व वृद्धि दर्ज की है। यह उल्लेखनीय सफलता उपभोक्ताओं की मजबूत मांग, उत्पादों की विस्तृत रेंज और गहरी बाजार पहुंच के चलते संभव हुई है। कंपनी के शानदार प्रदर्शन से एबिटा में 389% की जबरदस्त वृद्धि देखने को मिली है, जो लिवप्योर के व्यवसाय में व्यापक बदलाव और मजबूती का संकेत है। लिवप्योर का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उत्पाद श्रेणियों और वितरण चैनलों झ दोनों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। वाटर प्यूरीफायर्स में 17%, किचन अप्लायंसेज में 248% और एयर कूलर्स में 100% की वृद्धि दर्ज हुई। जनरल ट्रेड में 55%, मॉडर्न ट्रेड में 66%, ई-कॉमर्स में 44% और कंपनी के नवोन्मेषी वॉटर-एज-ए-सर्विस (डब्लूएएएस) मॉडल में 49% की वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी की इस प्रगति में निवेश की बड़ी भूमिका रही। लिवप्योर ने ट&ॠ इन्वेस्टमेंट्स से 208 करोड़ रुपये और एनक्यूबेट कैपिटल पार्टनर्स से 25 करोड़ रुपये का निवेश हासिल किया। इस रणनीतिक फंडिंग से लिवप्योर को नई श्रेणियों में विस्तार, नवाचार को बढ़ावा देने और होम वेलनेस क्षेत्र में बेहतर उपभोक्ता अनुभव उपलब्ध कराने में मदद मिली है। लिवप्योर के प्रबंध निदेशक राकेश कौल ने कहा, एबिटा में 389% की वृद्धि और 39% का राजस्व विस्तार सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, बल्कि यह लिवप्योर के परिवर्तन की गवाही देते हैं। हमने नवाचार, भरोसे और दीर्घकालिक मूल्य को केंद्र में रखकर होम वेलनेस ब्रांड की परिभाषा ही बदल दी है। यह उपलब्धि पारंपरिक मॉडल को चुनौती देने, बदलते उपभोक्ता रुझानों को समझने और सतत विकास में निवेश करने के हमारे संकल्प का नतीजा है। हमारा लक्ष्य है – भारत के हर घर में वेलनेस को आसान और सुलभ बनाना। ग्राहकों के अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में लिवप्योर ने अपने प्रसिद्ध अभियान ह्यहाथी मत पालो को दोबारा शुरू किया और इसके साथ मेंटेनेंस-फ्री वॉटर प्यूरीफायर्स की भारत की सबसे बड़ी रेंज लॉन्च की। यह विज्ञापन आईपीएल के दौरान स्टार स्पोर्ट्स और प्रमुख राष्ट्रीय-क्षेत्रीय चैनलों पर प्रसारित हो रहा है। कंपनी अपने प्रीमियम मॉडल्स एल्युरा, एल्युरा प्रीमिया, सेरेनो, इटर्ना और इटर्ना प्रीमिया झ पर 30 महीने तक इनबिल्ट मेंटेनेंस सेवा भी दे रही है, जिससे उपभोक्ताओं को पहले से कहीं अधिक आसान और निःसंकोच उपयोग का अनुभव मिलेगा। आईपीएल 2025 के लिए गुजरात टाइटंस के साथ एक्सक्लूसिव वॉटर प्यूरीफायर और किचन अप्लायंस पार्टनर के रूप में साझेदारी कर लिवप्योर ने स्पोर्ट्स और यंग कंज्यूमर मार्केटिंग में भी अपनी स्थिति को और मजबूत किया है। सशक्त वृद्धि, स्मार्ट निवेश, इनोवेटिव उत्पादों और महत्वपूर्ण साझेदारियों के साथ, लिवप्योर ने भारत के होम वेलनेस और कंज्यूमर अप्लायंसेज सेगमेंट में अपनी लीडरशिप को और पुख्ता किया है।

## आप ने जलभराव को लेकर की भाजपा की आलोचना कहा: चार इंजन वाली सरकार विफल

नई दिल्ली, । आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में जलभराव को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार की आलोचना की और इसे चार इंजन वाली सरकार की असफलता बताया। आप ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर राष्ट्रीय राजधानी के कई जलमग्न स्थानों जैसे धौला कुआं, दिल्ली छावनी और आईटीओ की तस्वीरें साझा कीं। इसने कहा,दिल्ली का एक भी इलाका ऐसा नहीं है जहां भाजपा की ह्यचार खटारा इंजन वाली सरकार की नाकामी की कहानी कहता जलभराव न हुआ हो। इन आरोपों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने मिंटो ब्रिज का एक वीडियो साझा किया। उन्होंने सोशल ह्यएक्सह्व पर एक पोस्ट में लिखा, थोड़ी सी बरसात के बाद मिंटो ब्रिज के नीचे डूबी हुई गाड़ी। यह तो साफ है कि चार इंजन की सरकार फेल हो गई है। दिल्ली में रातभर भारी बारिश के साथ तूफान आया, जिससे विमान परिचालन बाधित हुआ, पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए तथा कई इलाके जलमग्न हो गए।

## दंपति पर हथौड़े से जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार



नई दिल्लीह, । किशनगढ़ थाना पुलिस और स्पेशल स्टाफ की संयुक्त टीम ने दंपति पर हथौड़े से हमला कर फरार हुए एक शख्स का 700 किलोमीटर पीछा कर यूपी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अखिलेश के पास से हथौड़ा और वारदात के समय पहने गए कपड़े भी बरामद किए गए हैं। आरोपी अपने दोस्त की पत्नी द्वारा बातचीत बंद करने से खफा था। इसे दंपति पर हथौड़े से हमला कर फरार हो गया। हमले में महिला के पति 45 वर्षीय अशोक की मौत हो गई। वहीं, महिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस उपायुक्त सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के झांसी का रहने वाला अशोक पत्नी और बेटी काजल के साथ कटवारिया सराय में रहता था। वह आईआईटी दिल्ली में दिहाड़ी पर मजदूर करता था। 21 मई की रात किशनगढ़ थाना पुलिस को एक घर में शव पड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस कटवारिया सराय में अशोक के घर पहुंची, तो वहां फर्श पर उसका शव मिला। पास ही उसकी पत्नी एम देवी खून से लथपथ पड़ी थी। पुलिस ने महिला को तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जांच के दौरान मृतक अशोक की बेटी काजल के बयान के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मोबाइल की मदद से आरोपी तक पहुंची पुलिस पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे और मृतक व घायल की सीडीआर का विस्तृत विश्लेषण करने के बाद आरोपी की पहचान अखिलेश के रूप में हुई। पुलिस ने सर्विलांस बढ़ाया, तो आरोपी के मोबाइल की लोकेशन पहले महाराजगंज, फिर रायबरेली की मिली। इसके बाद पुलिस ने आरोपी का 700 किलोमीटर पर पीछा कर महज 72 घंटे के भीतर उसे दबोच लिया। बातचीत बंद करने से था नाराज आरोपी ने पूछताछ में बताया कि अशोक और वह एक-दूसरे को जानते थे। आरोपी ने बताया कि वह अशोक की पत्नी को पसंद करता था और अक्सर उससे मिलने उसके घर जाता था। करीब एक माह पहले यह बात अशोक को पता चली, तो उसने अखिलेश को घर आने से रोक दिया। इसके बाद महिला ने भी अखिलेश से मिलने और बात करने से मना कर दिया। इससे खफा अखिलेश ने अशोक और उसकी पत्नी पर हथौड़े से हमला कर दिया। हमले में अशोक की मौत हो गई।

## कमेंट करने से मना करने पर 11वीं के छात्र को चाकू गोदा

**पार्क में बैठे दो युवकों और युवती ने की वारदात, पीड़ित के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की पहचान करने में जुटी**

नई दिल्लीप, । उत्तम नगर इलाके में कमेंट करने से मना करने पर युवती और दो युवकों ने मिलकर ग्यारहवीं के छात्र पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित छात्र अपने भाई के साथ पार्क में कुत्ते को घूमाने आया था। घटनास्थल पर मौजूद शख्स ने पुलिस को जानकारी देने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने गंभीर चोट पहुंचाने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। उत्तम नगर के ओम विहार कॉलोनी निवासी यश (17) ने पुलिस को दिए बयान में यश ने बताया कि 22 मई की रात करीब पौने ग्यारह बजे वह अपने भाई मयंक के साथ कुत्ते को घर के पास पार्क में घुमाने के लिए आया था। पार्क में दो युवक और एक युवती बैठे हुए थे। उन्हें देखकर तीनों उनपर उल्टे सीधे कमेंट करने लगे। ऐसा करने से मना करने पर तीनों गाली गलौज करने लगे। एक ने कहा, वह अभी जेल से निकला है। उसके बाद तीनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर युवक और युवती ने उसे पकड़ लिया और तीसरे युवक ने चाकू से उसपर हमला कर दिया। बीच बचाव करने पर आरोपियों ने यश के भाई को भी पीटा। घायल यश और मयंक को इंदिरा गांधी अस्पताल ले जाया गया। अगले दिन अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पीड़ित अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचकर अपना बयान दर्ज करवाया। पुलिस ने बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर लिया। पुलिस पार्क के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की पहचान करने में जुटी है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com

नई दिल्ली, सोमवार, 26 मई, 2025

# मन की बात कार्यक्रम, जन-जन की आवाज बना : वीरेंद्र सचदेवा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रेडियो पर मन की बात कार्यक्रम के 122वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों को संबोधित किया। पीएम मोदी ने इस दौरान कई स्वदेशी (स्थानीय उत्पादों) के बारे में चर्चा की। मन की बात के 122वें एपिसोड पर दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री का कार्यक्रम ह्यमन की बातह्ल वास्तव में जन की आवाज बन गया है। यह हर बार व्यापक जानकारी और नई सीख प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी (स्थानीय उत्पादों) को बढ़ावा देने के बारे में जानकारी दी तो वहीं, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बात की। उन्होंने बिहार में ह्यखेलो इंडियाह्ल इवेंट पर प्रकाश डाला, जिसमें 5,000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, और मधुमक्खी पालन के बारे में भी बात की। इस कार्यक्रम के लिए मैं प्रधानमंत्री का बहुत बड़ा शुक्रगुजार हूं। ह्यमन की बातह्ल के माध्यम से समग्र जनता को ज्ञान का भंडार मिलता है। ह्यमन की बातह्ल के 122वें एपिसोड पर बिहार सरकार में मंत्री जीवेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम में सेना की बहादुरी और भारत की जीत का जश्न मनाने के लिए देशभर में निकाली गई तिरंगा यात्रा के बारे में बात की। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे पूरा देश देशभक्ति में एकजुट हो गया, खासकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद। प्रधानमंत्री ने विभिन्न स्थानीय शिल्प और लघु-स्तरीय उत्पादनों पर भी चर्चा की। साथ ही साथ देश के विभिन्न हिस्सों में क्राफ्ट, उत्पाद के बारे में चर्चा की। बता दें कि पीएम मोदी ने ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम में मधुमक्खियों के संरक्षण पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मैं एक पहल साझा करना चाहता हूं जो हमें याद दिलाती है कि मधुमक्खियों का संरक्षण न केवल एक पर्यावरणीय जिम्मेदारी है, बल्कि हमारी कृषि और आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह उदाहरण पुणे शहर से आता है, जहां एक हाउसिंग सोसायटी ने एक बार मधुमक्खियों की कॉलोनी को हटाने का फैसला किया था, शायद डर या सुरक्षा की चिंता के कारण। हालांकि, निवासियों ने मधुमक्खियों के बारे में जानने की पहल की और दूसरों को भी इसमें शामिल करना शुरू कर दिया। अमित नाम के एक युवा ने तय किया कि मधुमक्खियों को हटाना नहीं, उन्हें बचाना चाहिए। धीरे-धीरे उन्होंने एक टीम बनाई, जिसे उन्होंने नाम दिया ह्यबी-मित्र, जो मधुमक्खियों के छत्तों को एक जगह से दूसरी जगह सुरक्षित तरीके से ट्रांसफर करते हैं, ताकि लोगों को खतरा न हो और मधुमक्खियां भी जिंदा रहें।

# दिल्ली पुलिस ने आईपीएल मैच और आंधी तूफान के मद्देनजर यातायात परामर्श जारी किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली यातायात पुलिस ने रविवार को अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल मैच और शहर के कई हिस्सों में भारी बारिश के कारण जलभराव से होने वाली बाधाओं के मद्देनजर कई यातायात परामर्श जारी किए हैं। परामर्श के मुताबिक, सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच आईपीएल मैच के कारण 25 मई को शाम 5:30 बजे से आधी रात तक फिरोज शाह कोटला स्टेडियम के आसपास यातायात प्रभावित रहने की आशंका है। प्रभावित हिस्सों में बहादुरशाह जफर मार्ग, जेएलएन मार्ग और आसफ अली रोड शामिल हैं। दरियागंज से बहादुरशाह जफर मार्ग और गुरु नानक चौक से आसफ अली रोड तक बसों और भारी वाहनों को जाने की अनुमति नहीं होगी। परामर्श में कहा गया कि स्टेडियम की ओर जाने वाले यात्रियों को भीड़भाड़ से बचने के लिए सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। बीती रात आंधी और भारी बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया है, जिसके कारण शहर के कई हिस्सों में यातायात जाम को लेकर परामर्श जारी किया गया है। परामर्श में कहा गया, जलभराव के कारण आजाद मार्केट अंडरपास पर दोनों दिशाओं आजाद मार्केट से प्रताप नगर की ओर तथा इसके विपरीत में यातायात प्रतिबंधित है। मार्ग परिवर्तित किए गए हैं। इसमें कहा गया कि रानी झांसी रोड से आने वाले वाहनों को बर्फ खाना की ओर जबकि बर्फ खाना से आने वाले वाहनों को पुल मिठाई और ईदगाह की ओर मोड़ दिया गया है। परामर्श के अनुसार, पुल मिठाई से यातायात को बर्फ खाना और रानी झांसी रोड की ओर भेजा जा रहा है, जबकि वीर बंदा बैरागी मार्ग से वाहनों को पुराने रोहतक रोड की ओर मोड़ दिया गया है।

# बसपा नेता नूर अब्बास राना के बंद घर में चोरी का प्रयास

प्रात : किरण संवाददाता

नौगावां सादात। बेखौफ चोरों ने शनिवार रात बसपा नेता के बंद घर में चोरी का प्रयास किया लेकिन परिवार अचानक घर पहुंच गया। पकड़े जाने के हालात भांप चोर अपने बैग के साथ ही चोरी किया गया सामान छोड़ कर दूसरे रास्ते से भाग निकले। सूचना पर पुलिस ने मौका-मुआयना किया। चोरों के बैग से चाकू, कारतूस और जेवरात मिले हैं। पुलिस चोरों की सुरागकशी में लगी है। घटना थाना नौगावां सादात से करीब 200 कदम की दूरी की है। यहां बसपा नेता नूर अब्बास राना का घर है। बताया जा रहा है कि शनिवार को बसपा नेता व परिवार के सभी लोग बिजनौर जिले में नजीबाबाद स्थित दरगाह-ए-आलिया नजफ हिन्द में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। घर पर ताला लगा हुआ था। परिवार की गैर मौजूदगी का फायदा उठाकर रात में करीब 12 बजे चोर घर में दाखिल हो गए। कमरों को खंगालते हुए सामान समेटना शुरू कर दिया इसी बीच अचानक परिवार भी घर लौट आया। दरवाजा खुलने की आहट पाकर चोर हड़बड़ा गए और पकड़े जाने के डर में सामान छोड़ घर से सटे पार्किंग वाले गेट से बाहर निकलकर भाग गए। बसपा नेता जब घर के भीतर पहुंचे तो वहां का नजारा देख उनके होश उड़ गए। अलमारियां खुली पड़ी थीं, सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। तलाशी के बीच पुलिस को मौके से एक बैग मिला जो चोर छोड़ गए थे। जिसमें चाकू के अलावा चोरी की घटना अंजाम देने में इस्तेमाल होने वाले औजार और जेवरात रखे थे। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा है कि चोर गृहस्वामी की जान पहचान के हैं जो घर के रास्तों से वाकिफ थे। घटना का जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा।

# नोडल अधिकारी श्री शेषनाथ ने किया निमार्णाधीन पुलिस लाइन का निरीक्षण



अमरोहा। श्री शेष नाथ विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश शासन / नोडल अधिकारी अमरोहा के द्वारा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द की उपस्थिति में जोया रोड अमरोहा में निर्माणाधीन नवीन पुलिस लाइन का निरीक्षण किया और कराये जा रहे कार्य को भ्रमण कर देखा। कार्य की धीमी प्रगति और कार्य समाप्त होने से की निर्धारित अवधि से 2 महीने कार्य विलंब से चलने पर निर्देशित किया कि अधिक से अधिक मैनपॉवर लगाकर कार्य को अंतिम रूप देकर पुलिस लाइन को जल्द हैंडोवर करें । निरीक्षण में नोडल अधिकारी महोदय जी ने कराए जाने वाले कार्य के मॉडल को देखा और मॉडल के अनुसार कराये जा रहे सभी कार्यों का ब्लॉकों में भ्रमण कर निरीक्षण किया और गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाने के निर्देश दिया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने पुलिस लाइन परिसर पर वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी ब्रजपाल सिंह, क्षेत्रधिकारी पुलिस अभिषेक सिंह अवर अभियंता पीडब्ल्यूडी और पुलिस लाइन की कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आपरेशन सिंदूर की सफलता पर विवेक विहार में निकली भव्य तिरंगा यात्रा

## आतंकवाद के खिलाफ सेना की कार्यवाही को जनसमर्थन, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

प्रात : किरण :मनोज जैन




पूर्वी दिल्ली के शाहदरा ज़िला स्थित विवेक विहार में भारतीय सेना द्वारा हाल ही में चलाए गए सफल आपरेशन सिंदूर और उसमें शहीद हुए वीर जवानों के सम्मान में एक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ओसवाल भवन से प्रारंभ होकर राम मंदिर विवेक विहार तक निकाली गई, जहां देशभक्ति का एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। यात्रा का मार्ग पुष्पवर्षा और राष्ट्रगान के जयघोष से गुंजायमान रहा। लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और देश सेवा का संकल्प दोहराया। इस यात्रा का शुभारंभ भाजपा शाहदरा ज़िला अध्यक्ष दीपक गाबा, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष विपिन जैन और कार्यक्रम संयोजक बाबूलाल गोलछा द्वारा किया गया। शाहदरा विधायक संजय गोयल समेत अनेक प्रमुख सामाजिक व राजनीतिक हस्तियाँ इस अवसर पर उपस्थित रहीं। ओसवाल समाज के प्रधान आनंद बुच्चा, मंत्री पांछी जैन, राजीव मनहौत, दीपाराम, ललित जैन, सरोज सिपानी, शिल्पा बाफना, रीतू भंडारी, प्रमोद हांडा, विनीत जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। राम मंदिर विवेक विहार में यात्रा के समापन पर मंदिर समिति के अशोक गर्ग, कैलाश क्वात्रा, शिव कुमार गुप्ता, सुरेश गुप्ता सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारियों ने यात्रा का स्वागत किया। इस आयोजन में ओसवाल समाज, मार्किट एसोसिएशन, श्वेतांबर मूर्तिपूजक समाज, अग्रसेन भवन व बालाजी मंदिर विवेक विहार की सक्रिय भागीदारी रही। महिलाओं की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। वक्ताओं ने कहा कि एक समय था जब देश केवल निंदा कर सीमित रह जाता था, लेकिन आज की सशक्त सरकार आतंकवाद का जवाब दुश्मन की धरती पर जाकर देती है। तिरंगा यात्रा ने देशवासियों में आत्मगौरव, एकजुटता और बलिदान की भावना को और प्रबल किया।

# जल निकासी का इंतजाम न होने से बढ़ेगी परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता

हसनपुर। मानसून की आमद के संग शहर फिर जलमग्न होगा, क्योंकि यहां जल निकासी की समुचित व्यवस्था ही नहीं है। शहर का पानी तालाबों में गिरने के लिए बनाए गए नाले बीच में ही छोड़ दिए गए हैं। करीब चार वर्ग किलोमीटर में फैले शहर की वर्तमान में आबादी एक लाख के आसपास है। शहर के कई निचले मोहल्ले बरसात के दिनों में जलमग्न हो जाते हैं। इस बार भी ऐसा होना तय है। क्योंकि, जल निकासी को लेकर कोई मुकम्मल इंतजाम नहीं किया गया है। शहर में मोहल्ला लालबाग, रहरा अड्डा सब्जी मंडी, मोहल्ला कायस्थान, आखून चौक, कंकर वाला कुआं आदि में थोड़ी बरसात में ही जलभराव की समस्या खड़ी हो जाती है। घरों से लेकर दुकानों तक पानी घुस जाता है। इसकी वजह नालों का अधूरा छोड़ा जाना है। करीब 8 वर्ष पूर्व संभल अड्डे से अब्दुल्ला कॉलोनी तक बनाया गया नाला बीच में ही छोड़ दिया गया है। नाला तालाब में नहीं गिराया गया है, जिसके चलते पानी आबादी के नजदीक खाली प्लाटों में भर रहा है। गंदे पानी में मच्छर पनप रहे हैं। संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। नाला अधूरा होने से लाल बाग का पानी तालाब तक नहीं पहुंच पाता। ब्लाक तिराहे के नालों की हालत भी इससे जुदा नहीं है। यह नाला पहले कर्बला तालाब में गिरता था, लेकिन कर्बला तालाब के सौंदर्यीकरण के कारण पानी पुराने बिजलीघर के आगे भर जाता है। झकड़ी अड्डे का नाला भी किसी तालाब में नहीं गिराया गया है। रहरा अड्डे का नाला शाहपुर के नजदीक अधूरा पड़ा हुआ है। यह नाला भी किसी तालाब में नहीं गिरता। कई बार तो शाहपुर कला के कब्रिस्तान में भी पानी भर जाता है। अमरोहा अड्डे का नाला भी बीच में पड़ा हुआ है। जानकारों का कहना है कि जब तक नाले तालाब या नदी से नहीं जुड़ेंगे, जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान होना संभव नहीं है। पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी ने बताया कि शहर में जलभराव की समस्या का स्थाई निदान करने को एक्शन प्लान तैयार किया गया है। जल्द ही इस पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। आगामी वर्षों में शहर में कहीं भी जलभराव की समस्या नहीं रहेगी।

# शाहदरा में टिन शेड गोदाम में भीषण आग: दो युवकों की मौत, चार झुलसे

प्रात : किरण :मनोज जैन



शाहदरा के एमएस पार्क थाना क्षेत्र अंतर्गत राम नगर, मोतीराम रोड स्थित एक टिन शेड गोदाम में रविवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। यह गोदाम ई-रिक्शा की चार्जिंग, पार्किंग तथा गन्ने का रस निकालने वाली मशीनों के भंडारण के लिए प्रयोग किया जा रहा था। आग की चपेट में आकर छह युवक बुरी तरह झुलस गए, जिनमें दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। मृतकों की पहचान बृजेश (19) और मनीराम (18) के रूप में हुई है, जो मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जिले के निवासी थे। वहीं, झुलसे हुए चार युवक – हरीशंकर (19), रिंकू (18), मुकेश (22) और विपिन (19) – सभी उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले से हैं। उन्हें तत्काल जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ये सभी युवक ई-रिक्शा पर गन्ने का रस बेचने का कार्य करते थे और इसी गोदाम में ठहरते थे। शाहदरा जिले के डीसीपी प्रशांत गौतम ने बताया कि घटना की सूचना सुबह 6:40 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को मिली, जिसके बाद पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुँचीं। आग पर काबू पा लिया गया है। मौके से गोदाम का इंचार्ज विनोद राठौर को हिरासत में लिया गया है और उसके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि फॉरेंसिक जांच के बाद ही हो सकेगी। प्रशासन इस मामले में हर पहलू की गहनता से जांच कर रहा है, वहीं स्थानीय नागरिकों ने अवैध रूप से संचालित इस प्रकार के गोदामों पर कठोर कार्रवाई की माँग की है।

# वरिष्ठ पत्रकार विनीत अग्रवाल का हाल जानने पहुचें आरपीआई के प्रदेश अध्यक्ष



अमरोहा। रविवार को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता वरिष्ठ पत्रकार विनीत कुमार अग्रवाल का हालचाल जानने उनके अमरोहा स्थित आवास पर पहुंचे। पत्रकार विनीत अग्रवाल बीते एक वर्ष से ब्रेन हेमरेज और पैरालाइज से अस्वस्थ चल रहे हैं। जैसे ही यह सूचना प्रदेश अध्यक्ष को मिली, वे बिना देर किए उनसे मिलने पहुंच गए। पवन भाई गुप्ता ने विनीत अग्रवाल के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज के स्तंभ हैं और जब भी कोई पत्रकार किसी संकट या बीमारी से जूझ रहा हो, तो पूरे समाज को साथ खड़ा होना चाहिए। प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता की मुलाकात की सभी लोगों ने सराहना की है। मौके पर कुछ स्थानीय पत्रकार और रिपब्लिकन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष कामरान उद्दीन सिद्दीकी एवं पार्टी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# जेएनयूएसयू के जनमत संग्रह में छात्रों ने पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा बहाल करने का समर्थन किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) द्वारा आयोजित जनमत संग्रह में भाग लेने वाले छात्रों ने पीएचडी के लिए विश्वविद्यालय में प्रवेश परीक्षा (जेएनयूईई) को फिर से शुरू करने के पक्ष में भारी मतदान किया है। विश्वविद्यालय परिसर के छात्रावास क्षेत्रों में शनिवार शाम पांच बजे से रात 10 बजे तक हुए मतदान में कुल 1,424 वोट डाले गए, जिनमें से 1,323 वोट जेएनयूईई को फिर से शुरू करने के पक्ष में पड़े। कुल 96 छात्रों ने इसके खिलाफ मतदान किया, जबकि पांच मतों को अमान्य घोषित किया गया। वामपंथी ह्यऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशनह्ल (आइसा) ने छात्रों से प्रवेश परीक्षा की बहाली के पक्ष में मतदान करने की अपील की थी। आइसा के पास जेएनयूएसयू का अध्यक्ष पद है। विश्वविद्यालय छात्र संघ ने एक बयान जारी कर 2025 में दाखिले के लिए आंतरिक पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के अपने वादे से कथित रूप से पीछे हटने के लिए जेएनयू की कुलपति की आलोचना की। कुलपति ने यह वादा 16 दिनों की भूख हड़ताल के दौरान किया था। जेएनयूएसयू ने बयान में कहा, कुलपति अपने वादे से पीछे हट गईं। जेएनयू की कुलपति ने स्कूलों के डीन और विशेष केंद्रों के अध्यक्षों की राय को जानबूझकर नजरअंदाज किया, जबकि वे जेएनयूईई के पक्ष में थे।

# बी.एम.एस. के 70 सुनहरे वर्षो का दिल्ली में होगा समापन कार्यक्रम

## समापन कार्यक्रम का थीम होगा स्वर्णिम 70 साल बेमिसाल



प्रात : किरण संवाददाता

बिजनौर/नई दिल्ली।भारतीय मजदूर संघ अपने 70 वर्ष पूर्ण कर चुका है। इस अवसर पर लगभग एक वर्ष से पूरे देश में विभिन्न कार्यक्रम जैसे युवा सम्मेलन, महिला सम्मेलन, आदि समारोह आयोजित किए जा रहे थे। अब २३ जुलाई को दिल्ली स्थित ताल कटोरा स्टेडियम में समापन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक २२ मई को प्रचार टोली के बैठक में राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी सुरेंद्रन, क्षेत्रिय संगठन मंत्री अनुपम जी और प्रदेश महामंत्री डॉ दीपेंद्र चाहर ने पत्रकारो और सोशल मीडिया के कार्यकताओं के साथ बैठक में उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत करते हुए क्षेत्रीय संगठन मंत्री अनुपम जी ने आने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी। बाद में राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी सुरेंद्रन जी ने कहा की भारतीय मजदूर संघ सन १९५५ में भोपाल में जहाँ से शुरू हुआ वही से इस ७० वर्ष पूरा होने पर स्वर्णिम कार्यक्रम की शुरूआत की गई। ७० वर्ष की इस यात्रा में हम देश के जीरो मेम्बर वाली यूनियन से नंबर एक ट्रेड यूनियन बन गए। भारतीय मजदूर संघ मानवीय, सामाजिक और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रख कर अपना कार्य करता है। उन्होंने बताया कि १९७४ में हमने पहली बार डोमेस्टिक वर्कर की यूनियन बना कर इसका परिचय दिया है। उन्होंने बताया की आज लगभग ६२०० से ज्यादा यूनियन और २ करोड़ से ज्यादा सदय हैं। इस बैठक में प्रचार प्रमुख सर्वेश मिश्रा, वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव नरेंद्र भंडारी, कार्यकारी अध्यक्ष संजय उपाध्याय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सक्सेना , वरिष्ठ पत्रकार शिवाजी सरकार, नरेंद्र धवन, संदीप शर्मा, ईश मल्लिक फोटो जर्नलिस्ट जगजीत सिंह, सुधीर सलूजा, दिवाकर कुंडू, संजीव चौहान, प्रमोद गोस्वामी,अमृत आदि उपस्थित थे।

# जहाँ स्वयं शुकदेव मुनि ने दी थी मोक्ष की कथा, वही पुण्यभूमि है शुकतीर्थ

## 71 फीट के श्रीकृष्ण और 61 फीट के हनुमान से सुशोभित एक दिव्य लोक

- जहाँ वटवृक्ष की छांव में गूंजती है भागवत की पवित्र वाणी
- मुजफ्फरनगर जनपद की यह भूमि आज भी मोक्ष का प्रवेशद्वार है
- हजारों श्रद्धालु यहाँ आज भी गंगा स्नान और दर्शन को मानते हैं महाफलदायक

प्रात : किरण मनोज जैन





उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जनपद की गोद में बसा शुकतीर्थ, केवल एक तीर्थस्थान नहीं बल्कि वह स्थान है जहाँ साक्षात मोक्ष का द्वार खुलता है। पवित्र गंगा के तट पर स्थित यह स्थान वह पुण्यभूमि है जहाँ स्वयं वेदव्यास पुत्र महात्मा शुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को सात दिनों तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई थी। आज भी यहाँ के वटवृक्ष की शीतल छांव में वह दिव्यता महसूस होती है, मानो अध्यात्म आज भी वहां जीवित हो। शुकतीर्थ का नाम आते ही ध्यान आता है उस भागवत ज्ञान यज्ञ का, जो कलियुग की आहट से भयभीत राजा परीक्षित को जीवन की अंतिम घड़ियों में आत्मज्ञान और मोक्ष की ओर ले गया। इतिहास बताता है कि शुकदेव मुनि, जो बाल अवस्था में ही ब्रह्मज्ञान को प्राप्त कर चुके थे, इस वटवृक्ष की छांव में बैठे और सात दिन सात रात बिना रुके परम ज्ञान की गंगा प्रवाहित की। उस ज्ञानामृत से परीक्षित को न केवल मृत्यु का भय समाप्त हुआ, बल्कि समस्त मानवता को भागवत धर्म का सनातन मार्ग मिला। आज शुकतीर्थ में जो दृश्य उपस्थित है, वह केवल श्रद्धा नहीं, भव्यता और भक्ति का अद्वितीय संगम है। 71 फीट ऊँची श्रीकृष्ण भगवान की प्रतिमा, उनके साथ 30 फीट की राधा जी, 61 फीट ऊँचे संकटमोचन हनुमान, 38 फीट के शिव-पार्वती, 26 फीट के ब्रह्मा-विष्णु-महेश और राम दरबार की 25 फीट की प्रतिमा श्रद्धालुओं को एक ऐसी आध्यात्मिक यात्रा पर ले जाती हैं जहाँ आस्था के कण-कण में देवत्व समाया है। यहाँ गंगा स्नान करना केवल एक धार्मिक क्रिया नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि की प्रक्रिया मानी जाती है। हर अमावस्या, पूर्णिमा, खासकर गंगा दशहरा, कार्तिक पूर्णिमा और माघी पूर्णिमा पर यहाँ लाखों श्रद्धालु उमड़ते हैं। गंगा किनारे साधु-संतों के शिविर, कथा मंच, भागवत प्रवचन की गूंज, और भजन कीर्तन का दिव्य वातावरण मन को अलौकिक शांति देता है। यहाँ शुकदेव आश्रम, भागवत भवन, और प्राचीन यज्ञशाला जैसे स्थान आज भी सनातन संस्कृति के साक्ष्य हैं। वटवृक्ष के नीचे एक पवित्र चबूतरा बना है जहाँ भक्तजन मौन बैठकर ध्यान करते हैं। कहते हैं, यहाँ ध्यान करने से अंतरात्मा स्वतः गूंजने लगती है –व्यासाय विष्णु रूपाय व्यास रूपाय विष्णवे..शुकतीर्थ का प्रशासनिक और धार्मिक संचालन भी अत्यंत व्यवस्थित है। स्थानीय ट्रस्टों द्वारा कथा आयोजनों, गंगा आरती, महाभंडारों और साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाती है। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए धर्मशालाएँ, भोजनालय, और बाजार भी सेवा भाव से सक्रिय रहते हैं। शुकतीर्थ तक पहुंचना भी अब पहले से अधिक सरल है। मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित यह तीर्थस्थान सड़क मार्ग से आसानी से पहुँचा जा सकता है। समीपवर्ती नगरों जैसे शामली, खतौली, मेरठ से यहाँ सीधी बस व टैक्सी सेवाएँ उपलब्ध हैं। श्रद्धालुओं के लिए विशेष अवसरों पर सरकारी-प्राइवेट सेवा वाहन और विशेष धर्मयात्रा गाड़ियाँ भी चलाई जाती हैं। यह भूमि केवल तीर्थ नहीं, बल्कि साक्षात ह्यशाश्वत संवादह्ल की जीवंतता का स्थल है। यहाँ हर आवाज में शुकदेव का ज्ञान, हर हवा के झोंके में गंगा की पवित्रता, और हर भक्त की आँखों में मोक्ष की आकांक्षा तैरती है। शुकतीर्थ वास्तव में वह धरोहर है जहाँ धर्म, दर्शन और दिव्यता एक साथ मुखर होते हैं।

# एमसीडी क्षेत्र में पेड़ गिरने की तीन शिकायतें मिली

नई दिल्लीी, । राजधानी में शनिवार देर रात तेज आंधी व बारिश आने से जगह-जगह जलभराव व पेड़ के गिरने की शिकायत मिली हैं। दिल्ली नगर निगम को तीन जोन से पेड़ों के गिरने की सूचना मिली। इसमें कुछ पेड़ कई दशक पुराने थे। पेड़ों के उखड़ने से रास्ते बाधित हो गए थे। वहीं, कुछ जगहों पर सुबह ही रास्तों को साफ किया गया। निगम की टीम जलभराव को लेकर निरीक्षण कर रही है। साथ ही, जल निकासी के लिए मशीनों को तैनात किया गया है। जिससे समय रहते हुए पानी को निकाला जाए। निगम के नियंत्रण कक्ष में लोगों ने जलभराव, पेड़ गिरने समेत अन्य समस्याओं को लेकर शिकायतें दर्ज की। निगम की रविवार की रिपोर्ट के अनुसार तीन स्थानों पर पेड़ गिरे।

# दिल्ली के खजूरी खास में गुटखा थूकने से जुड़े विवाद में एक व्यक्ति को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में गुटखा थूकने को लेकर हुए विवाद में गोली लगने से 35 वर्षीय एक व्यक्ति घायल हो गया। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पीड़ित की पहचान खजूरी खास निवासी आमिर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उसे पीठ पर गोली लगी है और अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार यह घटना शनिवार रात को गुटखा थूकने को लेकर पड़ोसियों के बीच हुए विवाद के बाद हुई। अधिकारी ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पहले से कोई दुश्मनी नहीं थी। उन्होंने कहा कि तीखी नोकझोंक में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर तमंचे से गोली चला दी, जिससे आमिर घायल हो गया। सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया। इस मामले में तीन लोगों की पहचान आरोपी के रूप में की गई है जिनमें अमन (20) और उसका पिता इरफान (40) और रेहान (18) शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने एक आरोपी अमन को गिरफ्तार कर लिया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी और अपराध में प्रयुक्त तमंचा बरामद करने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी ने बताया कि आगे की जांच की जा रही है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 26 मई, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### टीपीजी क्रिकेट अकादमी ने 152 रन से जीता मैच

गाजियाबाद,। टीपीजी क्रिकेट अकादमी व टीएनएम जूनियर्स के बीच रविवार को 40 ओवर का मैच खेला गया। कैरिज क्रिकेट ग्राउंड पर हुए मैच में टीपीजी क्रिकेट अकादमी को 152 रन से आसान जीत मिली। टीपीजी क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम ने मैन ऑफ द मैच आतिफ खान व अभिनव सिंह के बीच हुई चौथे विकेट की 92 रन की पारी की मदद से 40 ओवर में सात विकेट पर 253 रन का मजबूत स्कोर बनाया। आतिफ खान ने 94 व अभिनव सिंह ने 51 रन की पारी खेली। उदित राज ने नॉट आउट 31 रन का योगदान दिया। अभिषेक यादव ने तीन ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिए। 254 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टीएनएम जूनियर्स की पारी 32.1 ओवर में 101 रन पर ही सिमट गई। अभिषेक यादव नॉट आउट 30 रन के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज विकेट पर नहीं टिक पाया और टीम को 152 रन से हार का सामना करना पडा। वंश शर्मा व सार्थक शर्मा ने तीन-तीन विकेट लिए।

### शहर में बंदरों की दहशत, लोग कर रहे पकड़ने की मांग

गाजियाबाद,। शहर की कई कॉलोनी में बंदरों की दहशत बढ़ती जा रही है। लोग नगर निगम से बंदरों को पकड़ने की मांग कर रहे हैं। बंदर काटने के मरीज रोजाना बड़ी संख्या में सरकारी अस्पताल पहुंच रहे हैं। गोविंदपुरम, शास्त्रीनगर, चिरंजीव विहार, अवंतिका, राजनगर, कविनगर और पटेल नगर आदि कॉलोनी में बंदरों की दहशत रहती है। बंदर झुंड बनाकर गलियों और पार्कों में घूमते फिरते हैं। लोगों पर झपट्टा मारकर घायल कर रहे हैं। लोग निगम से बंदरों को पकड़ने की मांग कर रही है। शास्त्रीनगर निवास रवि तोमर का कहना है कि पिछले एक सप्ताह में बंदरों ने बच्चों घायल कर दिया है। कॉलोनी में भी बंदर काटने के मामले बढ़ रहे हैं। गोविंदपुरम निवासी अशोक शर्मा ने बताया कि बंदर पार्क में रहते हैं। उन्होंने नगर निगम से बंदरों को पड़कर जंगल में छोड़ने की मांग की है।

### करंट लगने से दुकानदार की जान गई

मुरादनगर,। दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव असालतनगर में शनिवार की रात फ्रिजर में उतरे करंट की चपेट में आकर दुकानदार की मौत हो गई। गाजियाबाद के नंदग्राम निवासी संजीव कुमार की दिल्ली मेरठ मार्ग पर गांव असालतनगर स्थित हनुमान मंदिर के पास दुकान है। दुकान पर उसका बेटा भी बैठता है। शनिवार रात को दुकान में रखे फ्रिजर में उतरे करंट की चपेट में संजीव कुमार का पुत्र आशीष आ गया और झुलस गया। उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### करंट की चपेट में आकर लाइनमैन झुलसा

मुरादनगर,। नगर की ब्रजविहार कॉलोनी में रविवार को फाल्ट ठीक करते समय करंट लगने से लाइनमैन झुलस गया। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोदीनगर निवासी गौरव बिजली विभाग मुरादनगर में संविदा में कार्य करते हैं। बताया जा रहा है कि रविवार के ब्रजविहार कॉलोनी में वह फाल्ट ठीक कर रहे थे। बताया जा रहा है कि अचानक बैंकअप आने से करंट आ गया और लाइनमैन उसकी चपेट में आ गए। गंभीर हालत में उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### शिविर में आधार कार्ड बनाए गए

मुरादनगर,। गांव सरना में राष्ट्रीय व्यापार मंडल के तत्वाधान में रविवार को एक दिवसीय आधार कार्ड व नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बच्चों के आधार कार्ड बनवाए गए। इसके अलावा, श्रेया आई सेंटर, इंदिरापुरम द्वारा नेत्र जांच भी की गई। शिविर का उदघाटन विधायक अजिल पाल त्यागी ने किया। शिविर में 100 आधार कार्ड बनाए गए, जबकि 113 लोगों की नेत्र जांच की गई। इस मौके पर विवेक त्यागी, प्रदीप चौधरी, अशोक भारतीय, अभिषेक त्यगी, सचिन त्यागी, गौरव त्यागी, राहुल गोयल, मनोज कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### इंद्रप्रस्थ के लोग लोनी विधायक से मिले

ट्रांस हिंडन,। इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना के लोग रविवार को लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर से मिले। लोगों ने कहा कि अधूरी विकसित उनकी कॉलोनी में जीडीए अब काम नहीं करा रहा। इसीलिए उन्होंने रुपये जोड़कर पहले सड़कों की मरम्मत की थी। अब मुख्य मार्ग का निर्माण कराने के लिए प्रयास कर रहे हैं। लोगों ने विधायक से मदद मांगी। विधायक ने लोगों को आश्वासन दिया है।

# NITI Aayog की बैठक में उट सैनी ने दिखाया हरियाणा का रोडमैप, पेश किया विजन डॉक्यूमेंट-2047

प्रात : किरण संवाददाता



चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नई दिल्ली में हुई नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा का रोडमैप रखा। साथ ही विजन डाक्यूमेंट-2047 पेश करते हुए बताया कि कैसे हरियाणा की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। वर्ष 2047 तक प्रदेश में 50 लाख नए रोजगार सृजित किए जाएंगे। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का विजन आत्मनिर्भर, समृद्ध, सशक्त, सक्षम, समावेशी और तकनीकी रूप से उन्नत भारत के निर्माण का है। इस विजन को साकार करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इसमें हरियाणा की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है जो राष्ट्र के विजन डाक्यूमेंट से सामंजस्य करते हुए बनाया गया है। मेरा अनुरोध है कि हरियाणा विजन-2047 को अंतिम रूप दिए जाने के बाद इसे राष्ट्रीय स्तर के विकसित भारत डैशबोर्ड में एकीकृत किया जाए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि हमने हरियाणा को भविष्य सक्षम बनाने के लिए डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर नाम से एक नया विभाग बनाया है। यह विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और रोबोटिक्स जैसी नवीनतम तकनीकों द्वारा विकास की संभावनाओं की तलाश करेगा। डिपार्टमेंट ऑफ फ्यूचर एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था और समावेशी विकास प्राप्त करने के लिए दीर्घकालिक रणनीतिक पहल, तकनीकी दूरदर्शिता और एकीकृत नीति बनाने के लिए नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा। हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए हरियाणा एआइ मिशन की स्थापना कर रहे हैं। इसके लिए विश्व बैंक से समझौता किया है। युवाओं को स्टार्टअप्स के लिए प्रोत्साहित करने हेतु इंटर्नशिप, मेंटरशिप और सस्ता इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने के लिए हरियाणा वेंचर कैपिटल फंड तेजी से कार्य कर रहा है। इसके अलावा राज्य सरकार ने निजी निवेशकों को दो हजार करोड़ रुपये का एक फंड ऑफ फंड्स बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। यह स्टार्टअप्स में निवेश करके हरियाणा को नवाचार व उद्यमिता के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री ने इंटिग्रेटिड स्किल हब विकसित करने का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने मिशन हरियाणा-2047 नामक एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स की शुरूआत की है। इसने राज्य के सकल घरेलू उत्पाद को एक ट्रिलियन अमेरिकी डालर तक पहुंचाने व 50 लाख नए रोजगार पैदा करने के लिए काम शुरू कर दिया है। जन विश्वास विधेयक का मसौदा तैयार पीएम गति शक्ति में हरियाणा ने लगातार तीन वर्षो-2022, 2023 और 2024 के लिए लीड्स सर्वेक्षण में लैंड लाक्ड राज्यों में अचीवर श्रेणी को लगातार बरकरार रखा है। हमने 100 करोड़ रुपये से अधिक लागत की सभी परियोजनाओं का पीएम गति शक्ति के राष्ट्रीय मास्टर प्लान से एकीकरण अनिवार्य कर दिया है। विनियामक बोझ को कम करने के लिए 1100 से अधिक जटिल अनुपालनों को सरल किया है। इससे प्रदेश में निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण बना है। जल्द ही राज्य सरकार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सेल की स्थापना भी करने जा रही है। हम 37 विभागों में 230 से अधिक अधिनियमों के छोटे-छोटे प्रविधानों से अपराधीकरण को समाप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसके लिए एक राज्य स्तरीय जन विश्वास विधेयक का मसौदा तैयार किया जा रहा है। इसे दिसंबर तक अधिसूचित किया जाएगा। इससे विश्वसनीय, पारदर्शी और कुशल शासन प्रणाली सुनिश्चित होगी।


## फरीदाबाद में आकाशीय बिजली गिरने से तीन भैसों की मौत



प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद,। फरीदाबाद में रविवार तडके तेज बारिश व आंधी तूफानी के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से तीन भैंसों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पीड़ित के यहां गांव के लोगों का जमावड़ा लग गया और सभी इस घटना को लेकर अचंभित है। दरअसल तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव भुआपुर निवासी राजेंद्र पुत्र तुल्ली पेशे से किसान है और पशुधन पालते है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन की तरह रात को वह अपने प्लाट में तीन भैंसों सहित अन्य पशुओं को बांधकर गए थे। रविवार सुबह हुई तेज बरसात और आंधी के दौरान यहां आकाशीय बिजली गिरी, जब बारिश बंद हो गई, तब उन्होंने प्लाट पर जाकर देखा तो प्लाट पर बंधी तीनों भैंसें मरी हुई पड़ी थी। जांच करने पर पता चला कि आकाशीय बिजली गिरने से उनकी भैंसों की मौत हुई है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से इस पशुधन की हानि की एवज में मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

## ठक-ठक गिरोह का इनामी बदमाश गिरफ्तार



प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा,। सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने शनिवार रात ठक-ठक गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार किया। उस पर गैंगस्टर ऐक्ट के मामले में 20 हजार का इनाम घोषित था। आरोपी की पहचान मेरठ के श्याम नगर निवासी आसिम उर्फ हाशिम उर्फ लड्डन के रूप में हुई। एडीसीपी सुमित कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने सितंबर 2024 में गिरोह का पदार्फाश कर मुठभेड़ में चार बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपियों में आसिम के अलावा एजाज, उमर दराज और खुर्रम शामिल थे। ये लोग दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, बरेली, बुलंदशहर, अलीगढ़ आदि जनपदों में जाम वाले स्थान पर वारदात करते थे। चोरी के मोबाइल फोन को ये अपने साथियों के माध्यम से बेच देते थे। पिछले दिनों गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। पुलिस ने शनिवार रात सेक्टर-59 मेट्रो स्टेशन के पास से आसिम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ठक-ठक गिरोह के जालिम गैंग के नाम से कुख्यात हैं। वे अपने को मेरठ में जालिम गैंग के नाम से प्रसिद्ध करना चाह रहे थे। आसिम और उसके साथी दिल्ली-एनसीआर में ज्यादा ट्रैफिक वाले सिग्नल पर रुकी गाड़ी का शीशा खटखटाते। गाड़ी में बैठा व्यक्ति शीशा नीचे करता तो उसे पीछे रोड पर हादसा करने का आरोप लगाकर बातों में उलझा लेते। तभी इनमें से दूसरा व्यक्ति गाड़ी से मोबाइल और अन्य कीमती सामान चोरी कर लेता।

## हर गांव व क्षेत्र के समुचित विकास को लेकर सरकार संकल्पित : गौरव गौतम

प्रात : किरण संवाददाता




पलवल,। हरियाणा सरकार में खेल मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि पलवल के हर गांव, हर मोहल्ले, हर गली तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना और सबका साथ-सबका विकास के मूल मंत्र को साकार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पलवल शहर के साथ-साथ हर गांव व क्षेत्र के समुचित विकास को लेकर सरकार संकल्पित है। प्रदेश सरकार में खेल, युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता तथा कानून एवं विधायी राज्य मंत्री गौरव गौतम ने रविवार को गांव लाडिा का में 10 लाख रुपए की लागत से बने अंबेडकर भवन का उद्घाटन व करीब 65 लाख रुपए की लागत से बनाए जाने वाले कम्युनिटी सेंटर का शिलान्यास, करीब 20 लाख रुपए की लागत से बनीवाला रास्ता और 30 लाख रुपए की लागत से मार्किट कमेटी रोड सहित अन्य विकास कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन किए। इसके अलावा उन्होंने करीब 35 लाख रुपए की लागत से गांव राजूपुर से भोलड़ा रोड की रिपेरिंग तथा करीब 66 लाख रुपए की लागत से माला सिंह फार्म हाउस से मोहन सिंह ढाणी रोड तक सडक मार्ग का चौडीकरण व सुदृढ़ीकरण, गांव घोडी से रामपुर रोड और रामपुर खोर से थंथरी रोड व बारात घर शेड के उद्घाटन एवं शिलान्यास किए। इस अवसर पर खेल मंत्री गौरव गौतम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी देश और प्रदेश का विकास करवाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। चाहे सडकों को बनाने की बात हो या स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन के क्षेत्र की बात हो। गांवों में फिरनी व खेत खलिहानों के रास्तों को पक्का किया जा रहा है। इसके अलावा ई-लाइब्रेरी, व्यायामशालाएं और स्वास्थ्य केंद्र का भी निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज विभिन्न गांवों में करोड़ों रुपए की लागत के विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए गए हैं, जिनका ग्रामीणों को आने वाले समय में भरपूर लाभ मिलेगा। इस मौके पर बीजेपी जिलाध्यक्ष विपिन बैंसला, वीरपाल दीक्षित, हरेंद्र पाल सिंह राणा, ब्राह्मण सभा पलवल के अध्यक्ष विनोद शर्मा, अमन भारद्वाज, मयंक चौधरी, भक्ति सिंह, लाडियाका सरपंच दिनेश शर्मा, नागल ब्राह्मण सरपंच जीतू, रूंधी सरपंच हंसराज, सौंध सरपंच धर्मवीर, अटोंहा सरपंच लाच्छेंद्र, लुलवाडी सरपंच राकेश, घोडी की सरपंच मेमबती, जयपाल, देवी पहलवान, कर्मवीर बाबू, महेंद्र देशवाल, जिला शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार बघेल, नरेंद्र यदुवंशी, कार्यकारी अभियंता जिला परिषद पलवल हरेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नेता-कार्यकताओं ने मन की बात कार्यक्रम सुना

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा,। शहर के कई स्थानों पर रविवार को आयोजित प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा नेता और कार्यकताओं ने सुना। स्थानीय सांसद डॉ. महेश शर्मा सेक्टर-62 रजत विहार में कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यसभा सांसद सुरेन्द्र सिंह नागर ने सेक्टर-56 में बूथ संख्या 115 पर, विधायक पंकज सिंह ने सेक्टर-93 में यह कार्यक्रम सुना। नोएडा अध्यक्ष महेश चौहान सेक्टर-78 में मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक बिमला बाथम, सुषमा सिंह, सत्यनारायण महावर, बिजेंदर नागर, विनोद शर्मा, चंदगी राम यादव, संजय बाली, युद्धवीर चौहान, तन्मय शंकर अलग-अलग बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा,। सेक्टर-62 स्थित एएसपीएम स्कॉटिश स्कूल में रविवार को नारद जयंती और हिंदी पत्रकारिता पर प्रेरणा शोध संस्थान न्यास की ओर से संगोष्ठी हुई। इसमें कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के प्रचार प्रमुख कृपाशंकर रहे। उन्होंने संघ के समाजिक योगदान और पंच परिवर्तन की चर्चा की। समाजिक बदलाव में मीडिया की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर वक्ताओं में अखिलेश शर्मा, प्रमिला दीक्षित, मेरठ प्रान्त सह-प्रचार प्रमुख डॉ. अनिल उपस्थित रहे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा,। नोएडा सेक्टर-143 के पास स्थित गौतम बुद्ध प्रतिमा के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा 15 मई की सुबह करीब उस वक्त हुआ जब शहदरा सेक्टर-141 निवासी राजेन्द्र ड्यूटी पर जाते समय अपनी बाइक से जा रहे थे। इस दौरान एक कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजेन्द्र को गंभीर चोटें आईं और उन्हें तुरंत सेक्टर-110 स्थित यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। मामले में पीड़ित के भाई राजेश कुमार की शिकायत पर पुलिस आरोपी कार चालक की तलाश कर रही है।

## बैठक में आय-व्यय का ब्योरा दिया

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा,। सेक्टर-56 के सामुदायिक केंद्र में रविवार को आरडब्ल्यूए की वार्षिक आमसभा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता आरडब्ल्यूए अध्यक्ष संजय मावी और संचालन महासचिव जीके बंसल ने किया। बैठक में आय-व्यय का ब्योरा दिया गया। चुनाव की भी घोषणा की गई। सभी लोगों की सहमति से आरडब्ल्यूए के चुनाव अधिकारी सेवानियुक्त पुलिस उपायुक्त बृजेन्द्र सिंह राय चुने गए। सहायक चुनाव अधिकारी एसएस सचदेवा और एसएस नेगी बने। इस मौके पर मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। सामुदायिक केंद्र परिसर में मेदांता अस्पताल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सौ से अधिक लोगों ने लाभ उठाया।

## रानी अहिल्याबाई के जीवन पर प्रदर्शनी लगी

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा,। रानी अहिल्याबाई होल्कर के जन्म त्रिशताब्दी वर्ष के मौके पर उनकी जीवन यात्रा से जुड़ी प्रदर्शनी लगाई गई। सेक्टर-116 स्थित पार्टी कार्यालय में प्रदर्शनी का उदघाटन विधायक पंकज ने किया। उन्होंने कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर ने शस्त्र और शास्त्र दोनों में दक्षता प्राप्त कर नारी शक्ति का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया जो युगों-युगों तक प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने 30 वर्षों तक सुशासन चलाकर छत्रपति शिवाजी महाराज के हिंदवी स्वराज्य की भावना को आगे बढ़ाया। इस मौके पर नोएडा भाजपा अध्यक्ष महेश चौहान, प्रदेश महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष विमला बाथम, सुषमा सिंह, राकेश शर्मा, विनोद शर्मा, संजय बाली आदि मौजूद रहे।

## फरीदाबाद में शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई यूपीएससी की परीक्षा

**मंडलायुक्त संजय जून एवं डीसी विक्रम सिंह ने संयुक्त रूप से किया परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण**

प्रात : किरण संवाददाता



फरीदाबाद,। फरीदाबाद मंडल के मंडलायुक्त संजय जून एवं फरीदाबाद जिला उपायुक्त (डीसी) विक्रम सिंह ने रविवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा ली जाने वाली परीक्षा के लिए जिला फरीदाबाद में स्थापित किये गये 63 परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त विक्रम सिंह ने परीक्षा केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिससे कि आयोजित की जा रही परीक्षा में किसी भी प्रकार की कोई खामी न रहे और परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना करना पड़ा मंडलायुक्त एवं उपायुक्त ने क्रमवार सेक्टर 15 स्थित विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल, सेक्टर 14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल और मानव रचना इंटरनेशनल स्कूल, सेक्टर 9 स्थित डीसी मोडल सीनियर सेकेंड्री स्कूल व डिवाइन पब्लिक स्कूल सहित सेंट एंटोनी कोंवेंट स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं, बिजली, पंखे, जैमर, पेयजल, शौचालय और साफ सफाई सहित अन्य उचित व्यवस्था प्रबंध के बारे में सेंटर सुपरवाइजर से जानकारी लेकर सभी व्यवस्थाओं की जांच की और उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि जिला फरीदाबाद में 63 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी यूपीएससी/संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई है। जिसमें किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई। उन्होंने कहा कि यूपीएससी द्वारा यह परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गयी जिसमें पहला चरण प्रातः साढे नौ बजे से साढे 11 बजे तक तथा दूसरा चरण दोपहर ढाई बजे से सायं साढे चार बजे आयोजित हुआ।

## महापंचायत में किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया




रबूपुरा,। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में अधिग्रहण से प्रभावित किसानों ने रविवार को सेक्टर-29 स्थित गांव तिरथली में 31 गांवों के किसानों की महापंचायत हुई। किसान कल्याण परिषद के नेतृत्व में हुई इस महापंचायत में किसानों ने प्राधिकरण पर समस्या की अनदेखी और शोषण का आरोप लगाया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने आरोप लगाया कि किसानों को प्राधिकरण की गलत नीतियों के कारण आवास, रोजगार और शिक्षा, बिजली, पानी, सड़क आदि परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन समस्याओं के हल होने तक वह पीछे नहीं हटेंगे। लोगों की राय जानकार आगे बड़े स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी। महापंचायत में सर्वसम्मति से किसानों ने निर्णय लिया कि आगामी 20 जून तक उनकी सभी मांगों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो प्राधिकरण के सभी कार्यों को रोक दिया जाएगा। महापंचायत को परिषद के महामंत्री सुशील शर्मा, रिंकू भाटी, उदयवीर सिंह, शाहिद प्रधान, अशोक कुमार पंडित आदि ने भी संबोधित किया।

## जिला तैराकी में थेटिस ओवरऑल चैंपियन बनी

**एकेडमी के तैराकों ने 331 अंक बटोरे दूसरे स्थान पर ज्ञानश्री एकेडमी रही**

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा,। जिला तैराकी चैंपियनशिप में थेटिस एकेडमी ओवरऑल चैंपियन बनी। एकेडमी के तैराकों ने 331 अंक बटोरकर पहला स्थान हासिल किया। दूसरा स्थान ज्ञानश्री एकेडमी को मिला। प्रतियोगिता रविवार को सेक्टर-127 स्थित ज्ञानश्री स्कूल में समाप्त हुई। थेटिस एकेडमी ने तीन दिनों की स्पधाओं में प्रदर्शन के बाद 331 अंक बटोकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं दूसरे स्थान पर रहने वाली ज्ञानश्री एकेडमी को 171 अंक मिले। 156 अंक लेकर जय स्पोर्ट्स एकेडमी तीसरे स्थान पर रही। ओपन वर्ग में आरव जैन 25 अंक बटोरकर अव्वल रहे। ग्रुप वन में शौर्य बलूनी ने 25 अंक लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। ग्रुप टू में देव भारद्वाज पहले स्थान पर रहे। लड़कियों के ओपन वर्ग में इशिता सिंह ने बाजी मारी। ग्रुप वन में श्याला ने सबसे अधिक अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। ग्रुप टू में सानवी बाहरी अव्वल रहीं। ग्रुप फोर में आरोही राय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान कब्जाया। लड़कों के ग्रुप फाइव में आयु त्यागी ने बाजी मारी। लड़कियों में श्रेषा अग्रवाल अव्वल रही। लड़कों के ग्रुप थ्री में अमेर सोगानी ने पहला स्थान हासिल किया। लड़कियों में त्वेशा मल्होत्रा ने ओवरऑल चैंपियन बनी। पहले स्थान पर रहने वाले सभी खिलाड़ियों का चयन प्रदेश तैराकी प्रतियोगिता के लिए कर लिया गया है। दूसरे स्थान वाले तैराक भी प्रदेश तैराकी में भाग लेंगे। सभी विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के समापन पर जिला तैराकी संघ के सचिव सुरेश देशवाल ने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## फरीदाबाद : आंधी बारिश से गिरी मकान की छत, परिवार के पांच लोग दबे

प्रात : किरण संवाददाता



फरीदाबाद,। रविवार तड़के आई तेज आंधी और बारिश के दौरान नगर के सेक्टर-23 स्थित संजय कॉलोनी में एक मकान की छत का कुछ हिस्सा भरभरा कर गिर गया। जिसके मलबे में एक ही परिवार के पांच लोग दब कर घायल हो गये।स्थानीय लोगों ने मलबे से लोगों को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया है। नगर के सेक्टर-23 स्थित संजय कॉलोनी की गली नंबर-8 में रहने वाली इंदु देवी ने बताया कि वह मूल रूप से बिहार के मधुबनी जिले की रहने वाली है। पिछले कई सालों से वह यहां पर किराए के मकान में रह रहते हैं। हादसे वाली रात को उनका बेटा श्रवण कुमार, छोटी बेटी रूपम, बड़ी बेटी अपने एक साल के बेटे के साथ और बड़ा नाती मिथलेश मौजूद थे। ये सभी लोग मकान के उसी हिस्से में सो रहे थे, जिस पर रात के समय अचानक तेज बारिश और तूफान के चलते छत का कुछ हिस्सा टूटकर गिर गया। छत के गिरते ही शोर सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए और घायलों को वहां से निकालकर इलाज के लिए बीके नागरिक अस्पताल भिजवाया। इंदु ने बताया कि इस हादसे में सबसे ज्यादा चोट उसके नाती मिथलेश को आई है। छत का एक टुकड़ा उसके सर पर आकर लगा। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एक साल के बच्चे को भी हाथ में चोटें आई हैं, लेकिन उसकी हालत फिलहाल स्थिर है। इन्दु ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी बल्लभगढ़ से अपने बेटे और बड़े नाती मिथलेश के साथ घर पर कुछ दिन के लिए घूमने आई थी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि हादसा प्राकृतिक आपदा के चलते हुआ है। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है।

## आप ने स्वास्थ्य केंद्र पर सफाई अभियान चलाया

प्रात : किरण संवाददाता

नोएडा। आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार कोसेक्टर-49 स्थित बरौला गांव के स्वास्थ्य केंद्र पर सफाई अभियान चलाया। अभियान का नेतृत्व पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश अवाना ने किया। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी का उद्देश्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग के लिए काम करना है। सेवा, स्वच्छता और संगठन हमारी पहचान है। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष पंकज अवाना ने कहा देश का युवा अगर रचनात्मक कार्यों में आगे बढ़े तो समाज में बड़ा बदलाव संभव है। इस मौके पर किसान प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अशोक कमांडो, खेल प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष मीनाक्षी श्रीवास्तव, जिला महासचिव कैलाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सैनिकों के साहस को नमन किया

ग्रेटर नोएडा,। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर रविवार को रबूपुरा नगर पंचायत ने तिरंगा यात्रा निकाली। इसमें भाजपा कार्यकताओं के साथ कस्बे के लोग शामिल हुए। इस दौरान वीर सैनिकों के साहस को नमन किया गया। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी घटना का बदला मां भारती के वीर सपूतों ने पाकिस्तान के घर में घुसकर लिया। ऐसे वीर सपूतों के साहस को हम सबको नमन करना चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने कहा कि हर दिल में देशभक्ति की भावना और हाथों में लहराता तिरंगा, यह यात्रा ह्यएक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त करती है। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी, तिरंगा यात्रा के जिला संयोजक राज नागर, सांसद प्रतिनिधि सतपाल तालान आदि उपस्थित रहे।

## कलादान प्रोजेक्ट से खुलेगा पूर्वोत्तर भारत का समुंदर से दरवाजा

जितेन्द्र कुमार सिन्हा




भारत के पूर्वोत्तर राज्य अपनी सांस्कृतिक विविधता, प्राकृतिक सौंदर्य और रणनीतिक महत्त्व के लिए जाने जाते हैं। मगर वर्षों से इस क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती रही है- कनेक्टिविटी। केवल 22 किलोमीटर चौड़े सिलीगुड़ी कॉरिडोर के माध्यम से शेष भारत से जुड़ाव होना इस पूरे क्षेत्र को रणनीतिक रूप से असुरक्षित और आर्थिक रूप से सीमित बनाता है। हाल ही में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया ने चीन को यह कहकर संकेत दिया कि भारत का पूर्वोत्तर "लैंड लॉक्ड" है और बांग्लादेश ही इस क्षेत्र का ओशन गेटवे है। इस टिप्पणी ने भारत की विदेश नीति और सुरक्षा रणनीति को सक्रिय किया और इसके जवाब में एक बड़े प्रोजेक्ट की नींव रखी गई- कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट। कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट भारत और म्यांमार के बीच समुद्र, नदी और सड़क मार्ग से जुड़ाव का एक बहुआयामी प्रोजेक्ट है। यह कोलकाता से म्यांमार के सित्तवे बंदरगाह और फिर वहाँ से म्यांमार के जमीनी क्षेत्रों से होकर मिजोरम के लॉगतलाई जिले तक पहुंचेगा। मुख्य मार्ग कोलकाता से सित्तवे (समुद्री मार्ग) 539 किलोमीटर, सित्तवे से कालेतवा (कलादान नदी पर जल मार्ग) 158 किलोमीटर और कालेतवा से जोरिनपुई, मिजोरम (सड़क मार्ग) 110 किलोमीटर है। प्रोजेक्ट का उद्देश्य सिलीगुड़ी कॉरिडोर पर निर्भरता को कम करना, पूर्वोत्तर में व्यापारिक और सैन्य पहुंच को मजबूती देना, भारत-म्यांमार व्यापारिक रिश्तों को प्रोत्साहित करना और एक्ट ईस्ट नीति को सशक्त करना है। कलादान परियोजना से समन्वय में भारत सरकार ने शिलांग (मेघालय) से सिलचर (असम) तक हाई स्पीड राजमार्ग की योजना को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट की कुल लंबाई 166.8 किलोमीटर है, जिसमें 144.8 किलोमीटर मेघालय में और 22 किलोमीटर असम में निर्मित होगा। इसकी प्रमुख विशेषता 22,864 करोड़ की लागत, 19 बड़े पुल, 153 छोटे पुल, 326 पुलिया, 22 अंडरपास, 26 ओवरपास, 8 लो-लेवल सबवे और सफर का समय 8.5 घंटे से घटकर 5 घंटे हो जाएगा। यह प्रोजेक्ट राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम (NHIDCL) द्वारा तैयार किया जाएगा और 2030 तक इसके पूरा होने की उम्मीद है। बांग्लादेश के नेताओं द्वारा भारत के पूर्वोत्तर को लैंड लॉक्ड कहने का मतलब केवल एक भौगोलिक तथ्य नहीं है, बल्कि यह भारत की प्रभुता और पूर्वोत्तर के आत्मसमर्पण को चुनौती देने जैसा था। यह संदेश चीन के सामने आत्मसमर्पण की तरह था, जो लगातार इस क्षेत्र में अपने पाँव पसारने की कोशिश में लगा है। भारत की प्रतिक्रिया है कि कलादान प्रोजेक्ट को तेजी से आगे बढ़ाना, शिलांग-सिलचर हाईवे को रक्षा दृष्टिकोण से प्राथमिकता देना और बांग्लादेश पर निर्भरता कम करना तथा म्यांमार जैसे वैकल्पिक साझेदारों पर भरोसा बढ़ाना है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे चिकन नेक कहा जाता है, भारत के उत्तर-पूर्व को शेष भारत से जोड़ने वाला एकमात्र मुख्य जमीनी मार्ग है। अगर किसी दुश्मन देश या आतंकी संगठन द्वारा यह कॉरिडोर बाधित कर दिया जाए, तो पूरा पूर्वोत्तर भारत अलग-थलग पड़ सकता है। इसकी समस्याएँ है भौगोलिक रूप से संकरा (केवल 22 किमी चौड़ा), भूस्खलन और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित और सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है। कलादान और शिलांग-सिलचर मार्ग इस निर्भरता को तोड़ने की दिशा में मजबूत कदम हैं पूर्वोत्तर भारत दशकों से विकास की मुख्यधारा से थोड़ा अलग रहा है। वहाँ की सुंदरता, संस्कृति और संभावनाएं होते हुए भी यह क्षेत्र कनेक्टिविटी की कमी से पीछे रह गया है। कलादान और शिलांग-सिलचर प्रोजेक्ट से पर्यटन को मिलेगा बढ़ा बढ़ावा, उद्योग और व्यापार के लिए परिवहन लागत कम होगी, रक्षा और सुरक्षा की दृष्टि से सेना को लचीलापन मिलेगा और नौकरियों के नए अवसर पैदा होंगे।

## नीति नीयत सब नापाक, फिर भी कहिये पाकिस्तान

स्वतंत्रता पूर्व 1941 में ब्रिटिश हुकूमत द्वारा कराई गयी भारत की जनगणना के अनुसार अविभाजित भारत की कुल जनसंख्या लगभग 39-40 करोड़ थी। जिसमें मुस्लिम आबादी लगभग 24-25% थी। इस आधार पर अविभाजित भारत में मुस्लिम जनसंख्या लगभग 9.5 से 10 करोड़ के आसपास थी। 1947 के विभाजन के समय भारत की कुल मुस्लिम आबादी का लगभग 35-40% हिस्सा पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान (1971 के बाद का बांग्लादेश) चला गया। जिन भारतीय राज्यों के अधिकांश मुस्लिम भारत छोड़कर गये उनमें खासतौर से पंजाब, सिंध, और उत्तर-पश्चिम सीमा प्रांत जैसे क्षेत्रों के मुस्लिम शामिल थे। पूर्वी बंगाल या पूर्वी पाकिस्तान में पहले से ही मुस्लिम बहुसंख्यक थे, इसलिए वहां अपेक्षाकृत कम प्रवास हुआ। विभाजन के समय मुस्लिम आबादी का लगभग 60-65% हिस्सा भारत में ही रह गया। भारत में ही रहने का फैसला करने वाले अधिकांश मुस्लिम खास तौर से उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश व कई दक्षिणी राज्यों के थे। पाकिस्तान के अस्तित्व में आने के समय जो प्रक्रिया अपनाये गयी वह अत्यंत हिंसक और अव्यवस्थित थी जिसमें सभी धर्मों के लाखों लोग मारे गये। बहरहाल, कहने को तो भारत से विभाजित होकर पाकिस्तान का गठन विश्व के सबसे बड़े मुस्लिम राष्ट्र निर्माण जैसे दुःस्वप्न को लेकर किया गया था। इसी मुहिम के अंतर्गत 1943 में उर्दू शायर असगर सौदाई ने यह नारा लिखा था-"पाकिस्तान का मतलब क्या, ला इलाहा इल्लल्लाह"। यह नारा हालांकि उस समय मुस्लिम लीग द्वारा अपनाया गया था परन्तु आज वहां कि न केवल अनेक कट्टरपंथी धार्मिक पार्टियाँ बल्कि वहाँ पनाह पा रहे अनेक आतंकी संगठन भी समय समय पर इस नारे का इस्तेमाल करते हैं। परन्तु यदि हम पाकिस्तान के गठन की घोषित मंशा और इस्लामी कलमे को पाकिस्तान के नाम के साथ इस्तेमाल करने की हकीकत को देखें तो हमें सब कुछ उल्टा नजर आता है। हकीकत तो यह है कि पाकिस्तान ने अपने वजूद में आते ही सिवाय नफरत, हिंसा, क्षेत्रवाद, फिरका परस्ती, भ्रष्टाचार, अल्पसंख्यकों पर जुल्म व आतंकवाद के सिवा दुनिया को कुछ दिया ही नहीं। अन्यथा प्रकृतिक सम्पदाओं से परिपूर्ण 1971 से पहले के इस भूभाग को आज दुनिया में आर्थिक व राजनैतिक रूप से इतना कमजोर व अलग थलग न रहना पड़ता। पाकिस्तान की सत्ता एक तरफ तो पाकिस्तान का मतलब ला इलाहा इल्लल्लाह बताते हुए दूसरी तरफ इसी देश की सेना लगभग 30 लाख बंगाली मुसलमानों की हत्या कर देती है। जब पाकिस्तान ला इलाहा इल्लल्लाह के नारे के साथ अलग हुआ तो क्या कारण था कि बांग्लादेश का गठन यानी क्षेत्रवाद इस्लामी नारे पर भारी पड़ गया? यह आखिर कैसा इस्लाम है तो कैसा ला इलाहा इल्लल लाह है? इसी पाकिस्तान पर 40 लाख अफगानी मुसलमानों का आरोप है। और इसी "अल्लाह वाली" पाकिस्तानी सेना पर दो लाख से अधिक बलूचों की हत्या का भी इल्जाम है? आरोप तो यह भी है कि पाकिस्तानी सेना बलूच लोगों के घरों में आग लगाती है, उनके खेतों और बागों को नष्ट करती है, और बलोची युवाओं को अपहृत कर उनकी आंखें, दिल, और गुर्दे जैसे अंग बेच देती है। क्या यही पाकिस्तान के अस्तित्व में आने का मकसद था? आज पाकिस्तान पर बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना द्वारा "जातीय सफाया" और "नरसंहार" करने जैसा संगीन इलजाम है। जियाउलहक के शासनकाल में उर्दन में 10 हजार फिलिस्तीनी एक ही रात में मारने का आरोप इसी पेशेवर पाक सेना पर है। यह कैसा इस्लामी देश है? इसी पाकिस्तान पर भारतीय कश्मीर में गत छः दशकों से आतंकवाद व अशांति फैलाने का आरोप है। भारत में जगह जगह आतंकवादी हमले कराने जैसा अमानवीय व गैर इस्लामी काम पाकिस्तान करता रहा है। मस्जिदों से लेकर दरगाहों, इमामबारगाहों व धार्मिक जुलूसों पर आत्मघाती हमले करने वाले हमलावरों की पैदावार तैयार करने वाला पाकिस्तान जब यह कहे कि पाकिस्तान का मतलब, ला इलाहा इल्लल्लाह, तो इससे बढ़कर अफसोसनाक व शर्मनाक बात और क्या हो सकती है? इसी नफरत की सियासत ने जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी के फंदे तक पहुंचा दिया। कल पाकिस्तान ने जिन तालिबानों की सरपरस्ती की थी वही आज पाकिस्तान के लिये बड़ी चुनौती बन चुके हैं।

# इतिहास बना सियासी हथियार : मुस्लिम शासक पाठ्यक्रम से गायब

**एनसीईआरटी ने पहले मुगलों और दिल्ली सल्तनत का विवरण कम कर दिया था-जिसमें तुगलक, खिलजी, ममलुक और लोधी साम्राज्यों की जानकारी और दो पृष्ठों की तालिका, जिसमें मुगल सम्राटों की उपलब्धियां की जानकारी थी, को हटाना शामिल था। यह विवरण 2022-23 में कोविड-19 महामारी के दौरान पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने के बहाने हटा दिया गया था। अब नई पाठ्यपुस्तक में उनका विवरण पूरी तरह से गायब कर दिया गया है। दिल्ली सल्तनत और मुगल शासकों का विवरण कक्षा 7 की पाठ्यपुस्तक से पूरी तरह हटा दिया गया है। इसके अलावा जिन अन्य पाठ्युपुस्तकों में जहां भी मुस्लिम शासकों का जिक्र था, उसे भी हटा दिया गया है। बाबरी मस्जिद ढ़हाए जाने के बाद मुंबई में हुई हिंसा (1992-1993) और गोधरा ट्रेन आगजनी के बाद गुजरात में हुई हिंसा (2002) का विवरण भी विलोपित कर दिया गया है। कई अन्य बातों के अतिरिक्त नाथूराम गोडसे के एक प्रशिक्षित आरएसएस प्रचारक होने और गांधीजी की हत्या के बाद आरएसएस पर प्रतिबंध लगाए जाने की बात भी हटा दी गई है। कुंभ मेले का विवरण दिया गया है लेकिन वहां हुई भगदड़ में हुई मौतों और दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ का कोई जिक्र नहीं है।**







राम पुनियानी
(लेखक)

नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर धीरे-धीरे अमल किया जा रहा है। अन्य बातों के अलावा, इसमें भारतीय ज्ञान प्रणाली एवं भारतीय परंपराओं को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इतिहास विषय के पाठयक्रम में यह बदलाव किया गया है कि दिल्ली सल्तनत एवं मुगल शासन का विवरण पुस्तकों से हटा दिया गया है। मतलब करीब सात सौ सालों के इतिहास को मिटा दिया गया है। यह किसी भी पैमाने पर एक लंबा कालखंड है। एनसीईआरटी ने पहले मुगलों और दिल्ली सल्तनत का विवरण कम कर दिया था-जिसमें तुगलक, खिलजी, ममलुक और लोधी साम्राज्यों की जानकारी और दो पृष्ठों की तालिका, जिसमें मुगल सम्राटों की उपलब्धियां की जानकारी थी, को हटाना शामिल था। यह विवरण 2022-23 में कोविड-19 महामारी के दौरान पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने के बहाने हटा दिया गया था। अब नई पाठ्यपुस्तक में उनका विवरण पूरी तरह से गायब कर दिया गया है। दिल्ली सल्तनत और मुगल शासकों का विवरण कक्षा 7 की पाठ्यपुस्तक से पूरी तरह हटा दिया गया है। इसके अलावा जिन अन्य पाठ्युपुस्तकों में जहां भी मुस्लिम शासकों का जिक्र था, उसे भी हटा दिया गया है। बाबरी मस्जिद ढ़हाए जाने के बाद मुंबई में हुई हिंसा (1992-1993) और गोधरा ट्रेन आगजनी के बाद गुजरात में हुई हिंसा (2002) का विवरण भी विलोपित कर दिया गया है। कई अन्य बातों के अतिरिक्त नाथूराम गोडसे के एक प्रशिक्षित आरएसएस प्रचारक होने और गांधीजी की हत्या के बाद आरएसएस पर प्रतिबंध लगाए जाने की बात भी हटा दी गई है। कुंभ मेले का विवरण दिया गया है लेकिन वहां हुई भगदड़ में हुई मौतों और दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ का कोई जिक्र नहीं है। इस सबकी शुरूआत कोविड के दौरान हुई जब विद्यार्थियों का बोझा कम करने के बहाने पाठ्यक्रम से कुछ सामग्री हटाई गई और उसके बाद "युक्तियुक्तकरण" का तर्क देते हुए ऐसा किया गया। हटाया गया हिस्सा वह था जिसे लेकर हिंदू राष्ट्रवादी विचारधारा वाले असहज महसूस करते थे। मुसलमानों का दानवीकरण करने और उनके खिलाफ घृणा फैलाने के लिए मुगलों को इतिहास के प्रमुखतम खलनायकों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। मुगलों के पहले के अलाउद्दीन खिलजी जैसे शासक भी हिंदुत्ववादी आख्यान के निशाने पर रहे हैं। अब तक मुसलमानों का दानवीकरण मुस्लिम राजाओं द्वारा मंदिरों को नष्ट किए जाने पर आधारित होता था, जिसे तर्कवादी इतिहासकार चुनौती देते रहे हैं। मुस्लिम राजाओं द्वारा तलवार की नोंक पर इस्लाम फैलाया जाना भी इसका एक आधार रहा है। यह बात पूरी तरह गलत है क्योंकि शुरूआती दौर में हिन्दुओं के इस्लाम स्वीकार करने की वजह मुस्लिम अरब व्यापारियों के साथ भारतीयों का मेल-मिलाप था। बाद में निचली जातियों के कई लोगों ने जाति प्रथा पर आधारित जुल्मों से मुक्ति पाने के लिए इस्लाम अपनाया। हिंदुत्व विचारधारा तो इस हद तक आगे बढ़ गई है कि उसने इस कालखंड को अंधकारमय दौर बताया जिसमें हिंदुओं को व्यापक नरसंहार किया गया। इसमें कोई शक नहीं कि साम्राज्यों के दौर में राजनैतिक वजहों से युद्ध होना आम बात थी। राजा सदैव अपने साम्राज्य का विस्तार करना चाहते थे और इस प्रक्रिया में बहुत से लोगों को अपनी जान गवांना पड़ती थी। लेकिन इसे व्यापक नरसंहार बताना पूरी तरह गलत है। हिन्दुत्व आख्यान के मूल में है साम्प्रदायिक नजरिए से इतिहासलेखन जो अंग्रेजों ने अपनी "फूट डालो और राज करो" की नीति के तहत करवाया था। इसमें राजाओं के समस्त निर्णयों को उनके धर्म से जोड़ा जाता है और राजाओं को उनके धार्मिक समुदाय के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। हिन्दू साम्प्रदायिक इतिहासलेखन में एक कदम और आगे बढ़कर यह दावा किया गया कि मुसलमान और ईसाई "विदेशी" थे जिन्होंने हिन्दुओं को सताया। मुस्लिम साम्प्रदायिक इतिहासलेखन में इसी सिक्के के दूसरे पहलू को दिखाया गया जिसमें मुसलमान शासक थे और हिन्दू उनके अधीन उनकी प्रजा थे। उन्होंने यह तस्वीर प्रस्तुत की कि मुसलमानों का यहां का शासक होना पूर्णतः तर्कसंगत था। यह नजरिया बाद में अंग्रेजों के लिए बहुत मददगार साबित हुआ और उन्होंने हमारे मिले-जुले समाज को बांटकर हमारे देश को दो भागों-भारत और पाकिस्तान में बांट दिया। सावरकर ने यह मत व्यक्त किया कि इस देश में दो राष्ट्र हैं, और जिन्ना ने इसी बात को आगे बढ़ाते हुए मुसलमानों के लिए एक अलग राष्ट्र, पाकिस्तान की मांग सामने रख दी। पाकिस्तान अपने निर्माण के समय से ही मुस्लिम साम्प्रदायिकता के चंगुल में फंस गया और जहां तक वहां की पाठ्यपुस्तकों का संबंध है, उन्होंने पाकिस्तान का उद्भव मोहम्मद बिन कासिम के समय, यानि आठवीं शताब्दी से प्रस्तुत किया। इस समय उनकी पाठ्यपुस्तकों में हिंदू शासकों के बारे में एक शब्द भी नहीं है। मुस्लिम साम्प्रदायिक तत्वों द्वारा हिंदुओं के बारे में फैलाई जा रही घृणा स्कूली पाठ्यक्रम से हिंदू राजाओं और संस्कृति का विवरण पूरी तरह से हटाने के साथ अपने शिखर पर पहुंच गई। एक तरह से पिछले तीन दशकों से भारत, पाकिस्तान की राह पर चल रहा है। पाकिस्तान के घटनाक्रम को पूरी तरह से यहां दुहराया जा रहा है। इस बात को पाकिस्तान की कवियत्री फहमिदा रियाज ने बहुत अच्छी तरह अपनी कविता में दशार्या था-"अरे तुम भी हम जैसे निकले, अब तक कहां छुपे थे भाई"। भारतीय शिक्षा प्रणाली पर हिंदू साम्प्रदायिक तत्वों के पूरी तरह काबिज होने के पहले भी आरएसएस शाखाओं के जरिए समाज के साम्प्रदायिक संस्करण को शाखा बौद्धिकों, एकल विद्यालयों और शिशु मंदिरों जैसी कई पहलों के जरिए फैलाया जा रहा था। समय के साथ मुख्यधारा का मीडिया और सोशल मीडिया भी इसमें उनका हाथ बंटाने लगा। संस्कृति सतत विकसित होती रहती है। इतिहास के जिस कालखंड को उलट-पुलट करने में हिन्दुत्ववादी शक्तियां जुटी हैं, उसके दौरान कई सामाजिक बदलाव हुए। वास्तुकला, खानपान वस्त्रों और साहित्य में तो परिवर्तन हुए ही, साथ ही धर्मों के मिलन से भक्ति और सूफी परंपराएं विकसित हुईं। इसी काल में सिक्ख धर्म की स्थापना हुई और वह फला-फूला। अब इस राजनैतिक विचारधारा को अपनी रणनीति में बदलाव करना होगा। अब मुस्लिम शासक तो हैं नहीं, तो वे मुसलमानों का दानवीकरण किस प्रकार करेंगे? औरंगजेब और बाबर की जगह लेने के लिए नए पैंतरे तैयार किए जा रहे होंगे क्योंकि अब वे तो किसी काम के रहे नहीं!

# आओ बड़े बुजुर्गों की छत्रछाया में मिलजुल कर रहने की भारतीय संस्कृति को विलुप्त होने से बचाएं

**अगर घर का हर सदस्य बड़ा बनने लगे तो घर टूटने में देरी नहीं लगती इसलिए अब समय आ गया है कि हमें बड़े बुजुर्गों की आज्ञा, उनकी छत्रछाया में जीने का अंदाज सीखने की तात्कालिक आवश्यकता है, इसलिए हम इस आर्टिकल के माध्यम से आओ बड़े बुजुर्गों की छत्रछाया में मिलजुल कर रहने की भारतीय संस्कृति को विलुप्त होने से बचाएं पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम महत्वपूर्ण फैसलों के बड़ों के हाथों से छुटने की करें तो, उम्र के फर्क.के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों और बच्चों के मूल्यों में अंतर आ जाता है, मिसाल के लिए अगर बड़े बुजुर्ग बहुत धार्मिक हैं और उन्होंने बच्चों को भी वहीं संस्कार दिए तो भी जरूरी नहीं कि बच्चे उन्हीं संस्कारों को मानें, बस !यहीं से टकराव की शुरूआत होती है। अलगाव की स्थिति पैदा हो जाती है, ये भी देखा गया है कि आमतौर से अलग होने वाले माता-पिता और बच्चों के बीच अलग होने की वजह को लेकर कोई संवाद नहीं होता, इसलिए पता ही नहीं चलता कि आखिर वजह क्या है।**





किशन सनमुखदास भावनानी
लेखक

कुदरत द्वारा रचित अनमोल खूबसूरत सृष्टि में भारत आदि अनादि काल से संस्कृति सभ्यता बड़े बुजुर्गों को मान सम्मान संयुक्त परिवार प्रथा सहित सभी गुणों में विशाल वटवृक्ष की भांति फलता फूलता रहा है हमारे बड़े बुजुर्गों ने स्वर्णलोक, स्वर्ग अनुभूति इस सृष्टि में धरती पर अपनों के बीच किया देखा और सुख भोगा है। उन अपार सुख के फूलों में से एक फूल है घर, परिवार, संयुक्त परिवार एक मजबूत सुख की छावं देने वाला, छत्रछाया देने वाला संयुक्त परिवार, घर परिवार जहां बड़े बुजुर्गों के छत्रछाया में जीवन जीने, उनके फैसलों पर अमल करनें, आगे बढ़ाने और समर्पित भाव से जीवन जीने का सुख, अनमोल क्षण के साए में जीवन जीने का आनंद ही कुछ और है। परंतु वर्तमान परिपेक्ष में धीरे-धीरे हमारे देश के अधिकांश युवा पाश्चात्य संस्कृति के साए में बड़े बुजुर्गों को नजरअंदाज कर, एकला चलो रे !वाली नीति पर चलने की राह पर हैं किसी का लिखा एक खूबसूरत वाक्यांश बता दें, घर तब तक नहीं टूटता तब तक फैसला बड़ों के हाथों में होता है, अगर घर का हर सदस्य बड़ा बनने लगे तो घर टूटने में देरी नहीं लगती इसलिए अब समय आ गया है कि हमें बड़े बुजुर्गों की आज्ञा, उनकी छत्रछाया में जीने का अंदाज सीखने की तात्कालिक आवश्यकता है, इसलिए हम इस आर्टिकल के माध्यम से आओ बड़े बुजुर्गों की छत्रछाया में मिलजुल कर रहने की भारतीय संस्कृति को विलुप्त होने से बचाएं पर चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम महत्वपूर्ण फैसलों के बड़ों के हाथों से छुटने की करें तो, उम्र के फर्क.के साथ-साथ बड़े बुजुर्गों और बच्चों के मूल्यों में अंतर आ जाता है, मिसाल के लिए अगर बड़े बुजुर्ग बहुत धार्मिक हैं और उन्होंने बच्चों को भी वहीं संस्कार दिए तो भी जरूरी नहीं कि बच्चे उन्हीं संस्कारों को मानें, बस !यहीं से टकराव की शुरूआत होती है। अलगाव की स्थिति पैदा हो जाती है, ये भी देखा गया है कि आमतौर से अलग होने वाले माता-पिता और बच्चों के बीच अलग होने की वजह को लेकर कोई संवाद नहीं होता, इसलिए पता ही नहीं चलता कि आखिर वजह क्या है। इसके अलावा भाई-बहनों के अलग मिजाज और माता-पिता का किसी एक बच्चे के प्रति गहरा लगाव भी अलगाव की वजह बन जाते हैं, ऐसा नहीं है कि परिवार में अलगाव तेजी से और रातों रात हो रहा है, बल्कि ये बहुत धीरे-धीरे हो रहा है। कई बार छोटी सी घटना भी परिवार को तोड़ देती है। कहने को तो वो एक घटना होती है लेकिन उसके नतीजे दूरगामी होते हैं जिसको रेखांकित करना जरूरी है। साथियों बात अगर हम घर में हर कोई बड़ा बनने के दो मुख्य कारणों की करें तो, पिछले कुछ वर्षों में देखा गया है कि भूमंडलीकरण की वजह से उन देशों में भी परिवार टूट रहे हैं, जहां अकेले रहने की रिवायत नहीं है, भारत की ही बात करें तो बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में गांवों से शहरों में या विदेशों में पलायन कर रहे हैं। वहीं जिन देशों में सरकार की ओर से बेहतर सुविधाएं नहीं मिलतीं वहां बुजुर्ग, नौजवान और बच्चों के बीच मजबूत रिश्ता और एक दूसरे से लगाव देखने को मिलता है, इसकी मिसाल हमें यूरोप के कुछ देशों में देखने को मिलती है। बाहर बड़े शहरों या विदेश में रोजगार में जाने की वजह से माता-पिता से दूरी बन जाती है, साथ ही ऐसे परिवारों में आर्थिक रूप से लोग एक दूसरे पर निर्भर नहीं करते, स्वाभाविक रूप से वे अपने फैसले खुद लेने लगते हैं, लिहाजा उन्हें अलग होने में कोई हिचक भी महसूस नहीं होती। ये भी देखा गया है कि जो किसी समुदाय के लोग एक दूसरे से ज्यादा करीब रहते हैं, उनके यहां बड़े परिवार भी एक छत के नीचे रहना पसंद करते हैं, ये भी हो सकता है कि असुरक्षा का भाव उन्हें ऐसा करने को कहता हो। शहरों में बड़े परिवार को साथ रखना आसान नहीं है, हर कोई बड़ा बनने एवं फैसला लेने की चाह रखता है इसलिए भी बुजुर्गों के साथ अलगाव की स्थिति पैदा हो रही है और गुजरते दौर के साथ ये स्थिति और मजबूत होगी। लेकिन किसी भी समाज में जो सांस्कृतिक मूल्य बहुत मजबूत होते हैं, वो आसानी से खत्म नहीं होते, लिहाजा जिन समाज में परिवार के साथ रहने का चलन है वो आगे भी रहेगा, परंतु मुमकिन है कि आने वाले 20 साल में स्थिति पूरी तरह बदल जाएगी। साथियों बात अगर हम उस एक पुराने जमाने की करें जहां संयम, बड़ों की कद्र और संयुक्त परिवार से संयुक्त समाज का निर्माण हुआ था और फैसला लेना बड़ों के हाथ में रहता था तो, उस दौर में संयम, बड़ों की कद्र, छोटे बड़े का कायदा, नियंत्रण इन सब बातों का प्रभाव था। ऐसे ही संयुक्त परिवारों से संयुक्त समाज का निर्माण हुआ था और पूरा मोहल्ला और गांव एक परिवार की ही तरह रहते थे। परिवार का नहीं, मोहल्ले का बुजुर्ग सबका बुजुर्ग माना जाता था और ऐसे बुजुर्गों के सामने जुबान चलानें या किसी अप्रिय कृत्य करने का साहस किसी का नहीं होता था। उस दौर में मोहल्लों में ऐसा माहौल और अपनापन होता था कि गांव का दामाद या मोहल्ले का दामाद कहकर लोग अपने क्षेत्र के दामाद को पुकारते थे और अगर कोई भानजा है तो किसी परिवार का नहीं, बल्कि पूरे मोहल्ले और गांव का भानजा माना जाता था और यही कारण था कि लोग गांव की बेटी या गांव की बहू कहकर ही किसी औरत को संबोधित करते थे जो रेखांकित करने वाली बात है। साथियों बात अगर हम आओ घर को टूटने से बचाने के आसान उपायों की करें तो, एक संयुक्त परिवार और बड़े बुजुर्गों के निर्देशन में जीने का सही तरीका है? स्वार्थ भावना से दूर रहकर, खुद से पहले दूसरों की खुशी का ध्यान रखना होगा और हमारा परिवार हमारी खुशी का ध्यान रखेगा। अपने कर्तव्यों को पूरा करने की कोशिश हमेशा होनी चाहिए। बड़ो के प्रति आदर भाव और छोटों के प्रति प्रेम होना चाहिए।

# मध्य प्रदेश में पर्यटन के चटख रंग

भारत का हृदय मध्य प्रदेश अपनी नैसर्गिक सुन्दरता, आध्यात्मिक ऊर्जा और समृद्ध विरासत के चलते सदियों से यात्रियों को आकर्षित करता रहा है। आत्मा को सुख देनेवाली प्रकृति, गौरव की अनुभूति करानेवाली धरोहर, रोमांच बढ़ानेवाला वन्य जीवन और विश्वास जगानेवाला अध्यात्म, इन सबका मेल मध्य प्रदेश को भारत के अन्य राज्यों से अलग पहचान देता है। इस प्रदेश में प्रत्येक श्रेणी के पर्यटकों के लिए कई चुम्बकीय स्थल हैं, जो उन्हें बरबस ही अपनी ओर खींच लेते हैं। यह प्रदेश उस बड़े हृदय के मेजबान की तरह है, जो किसी भी अतिथि को निराश नहीं करता है। वैभव की इस भूमि पर पराक्रम की गाथाएं सुनाते और आसमान का मुख चूमते दुर्ग हैं। भारत का जिब्राल्टर ग्वालियर का किला, महेश्वर में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का राजमहल, मांडू का जहाज महल, दतिया में सतखंडा महल, रायसेन का दुर्ग, दुर्गावती का मदन महल, जलमग्न रहनेवाला रानी कमलापति का महल और गिन्नौरगढ़ सहित अनेक किले हैं, जो मध्य प्रदेश के स्थापत्य की विविधता का बखान करते हैं। देवों के चरण भी इस धरा पर पड़े हैं। उज्जैन, जहां योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण पढ़े। चित्रकूट, जहां प्रभु श्रीराम माता सीता और भ्राता लखन सहित वनवास में रहे। ओंकारेश्वर, जहां आदि जगद्गुरु शंकराचार्य ने आचार्य गोविन्द भगवत्पाद से दीक्षा ली। मध्य प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग-महाकाल और ओंकारेश्वर हैं। इसके साथ ही भगवान शिव ने कैलाश और काशी के बाद अमरकंटक को परिवार सहित रहने के लिए चुना है। एक ओर जहां द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण प्रतिवर्ष मुरैना में आकर ढाई दिन रहते हैं तो वहीं ओरछा में राजा राम का शासन है। महारानी कुंवर गणेश के पीछे-पीछे श्रीराम अयोध्या से ओरछा तक चले आये थे। ओरछा राजाराम के मंदिर के लिए ही नहीं, अपितु अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए भी प्रसिद्ध है। मध्य प्रदेश अपने वनों के लिए भी प्रसिद्ध है। सतपुड़ा के घने जंगल का तो अद्भुत वर्णन कवि भवानी प्रसाद मिश्र की कविता में आता ही है। चंबल नदी के भरकों से लेकर कटनी, उमरिया और जबलपुर से लगा शाहडार का जंगल भी रोमांचक यात्राओं का ठिकाना है। मेकल पर्वत पर सदानीरा मां नर्मदा का उद्गम स्थल ही नहीं, अपितु वहां का सघन वन भी पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। मध्य प्रदेश भारत का इकलौता राज्य है जहां सर्वाधिक 12 राष्ट्रीय उद्यान हैं। कान्हा, बांधवगढ़, पेंच, शिवपुरी, पन्ना और कई अन्य राष्ट्रीय उद्यान लोगों को वन्य जीवन को देखने का दुर्लभ, रोमांचपूर्ण अवसर प्रदान करते हैं। मध्य प्रदेश सफेद बाघ मोहन का ही घर नहीं है, अपितु यह रहस्य और कौतुहल बढ़ानेवाले बालक मोगली का भी जन्मस्थान है। सर विलियम हेनरी स्लीमन ने "एन एकाउंट ऑफ वाल्वस नरचरिंग चिल्ड्रन इन देयर डेन्स" शीर्षक से लिखे अपने एक दस्तावेज में उल्लेख किया है कि मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के जंगल (पेंच टाइगर रिजर्व) में मोगली का घर था। वाइल्ड लाइफ पर्यटन मध्य प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाता है। वन्य जीवों के संरक्षण के कारण मध्यप्रदेश के पास "टाइगर स्टेट" के साथ ही "द लेपर्ड स्टेट" और "घड़ियाल स्टेट" का दर्जा भी है। बाघ देखने के लिए न केवल देशभर से बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से भी लोग मध्यप्रदेश में आते हैं। भिंड और मुरैना के समीप स्थित चम्बल सफारी तो घडियाल संरक्षण का बड़ा केंद्र बन गई है। कभी डाकुओं के लिए कुख्यात रहे चंबल के बीहड़ अब डॉल्फिन के लिए प्रसिद्ध हैं। भारत में गंगा के बाद सबसे अधिक डॉल्फिन चंबल सफारी में पाए जाते हैं। जनजातीय संस्कृति से साक्षात्कार करने का अवसर भी मध्य प्रदेश देता है। मंडला, उमरिया, छिंदवाडा, बालाघाट, झाबुआ और अनूपपुर में कई स्थान हैं, जो पर्यटन के तौर पर विकसित किये गए हैं। कुछ समय के लिए दुनिया की भागम-भाग से दूर प्रकृति की गोद में सुख की अनुभूति करने के लिए तामिया और पातालकोट जैसे स्थान भी हैं, जो आम पर्यटकों से छुपे हुए हैं। वहीं, मढ़ई, तवा, परसिली, हनुमंतिया जैसे अनेक स्थल भी हैं, जिन्हें पर्यटन गतिविधियों का केंद्र बनाया जा रहा है। पर्यटकों द्वारा खोजे जा रहे नये पर्यटन स्थलों को भी व्यवस्थित करने में मध्य प्रदेश की सरकार अग्रणी है। इंदौर के समीप महू से पातालपानी-कालाकुंड तक चलनेवाली हेरिटेज ट्रेन भी सीटी बजाकर उन पर्यटकों को बुलाती है, जो प्रकृति के नजारों में खोना चाहते हैं। सब प्रकार के पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध मध्य प्रदेश के ऐसे अनेक स्थान हैं, जो अभी भी पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। वर्तमान में यूनेस्को की विश्व विरासत की सूची में मध्य प्रदेश के चार स्थल हैं-बुद्ध का सन्देश देते सांची के स्तूप, प्रागैतिहासिक सभ्यता के चिह्न भीमबेटिका, सौंदर्य के साक्षी खजुराहो के साथ त्यागमय संस्कृति का प्रतीक ओरछा। ये चारों ही स्थान विदेशी पर्यटकों को लुभाते हैं। मध्य प्रदेश का कोई कोना ऐसा नहीं है, जो पर्यटन की दृष्टि से मरुस्थल हो। ग्वालियर के आसपास ककनमठ, मितावली, पड़ावली, दतिया, सोनागिर, ओरछा, चंदेरी और शिवपुरी का एक ट्रेवल रूट बनता है। भोपाल के आसपास सांची, विदिशा, ग्यारसपुर, उदयगिरी की गुफाएं, भोजपुर, भीमबेटका, देलावाडी और रायसेन एक पर्यटन स्थल समूह बनता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
नई दिल्ली, सोमवार, 26 मई, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### 90 मीटर का तिरंगा थाम भारतीय सेना के सम्मान में निकाली यात्रा

ग्वालियर/पठानकोट। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा मध्यप्रदेश के ग्वालियर में ह्यजन सहयोग जन कल्याण बहुद्देशीय समितिह्न की ओर से निकाली गई। वहीं दूसरी तरफ पंजाब के पठानकोट में महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर शौर्य यात्रा निकाली। भारतीय सेना के सम्मान में ग्वालियर में स्टेट बैंक चौराहा तानसेन रोड से हाजीरा तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में करीब 200 लोग शामिल हुए जिसमें महिलाएं, पुरुष और छात्रों ने शिरकत की।तिरंगा यात्रा में 90 मीटर तिरंगा झंडा लेकर सभी ह्यभारतीय सेना जिंदाबादह्न, ह्यवंदे मातरमह्न, ह्यभारत माता की जयह्न, से ओत-प्रोत नारों के साथ चल रहे थे। हाजीरा चौराहा पर तिरंगा यात्रा समापन पर पहलगाम में शहीद हुए 26 नागरिकों के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। समिति अध्यक्ष उमेश सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने जब जब भारत पर संकट आया तब तब अपनी जान की परवाह किए बिना भारत का स्वाभिमान बचाया। यात्रा में महिला अध्यक्ष शशि सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं, पंजाब के पठानकोट में महिलाओं ने ह्यऑपरेशन सिंदूर शौर्य यात्राह्न निकाली। इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, स्कूली बच्चे, एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। भारत माता की जय, भारतीय सेना जिंदाबाद और नारी शक्ति जिंदाबाद के नारों से गूंजती यह यात्रा चिल्ड्रन पार्क से शुरू होकर विभिन्न बाजारों से होते हुए लौटी। यहां भी जोश और जुनून में कोई कमी नहीं थी। भारत माता के जयकारे के साथ लोग आगे बढ़े। यात्रा में सेना की महिला कैप्टन रुचा विशेष तौर पर शामिल हुईं। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित किया और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सेना के साथ डटे रहने के लिए आभार भी जताया। मौजूद महिलाओं ने मंच से कहा कि भारत विरोधी ताकतों का मुकाबला करने के लिए हमें अपने संस्कारों की रक्षा करनी होगी तथा देश में व्याप्त बुराइयों को मिटाने के लिए एकजुट होना होगा।

### छत्तीसगढ़ में बस पलटने से 25 लोग घायल

कवर्धा। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में रविवार सुबह कोरबा से कवर्धा की ओर आ रही तेज रफ्तार यात्री बस पंडरिया थाना इलाके के किशुनगढ़ में बेकाबू होकर पलट गई जिससे 20 से 25 लोग घायल हो गए।घायलों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बस की रफ्तार काफी तेज थी और वो किशुनगढ़ के पास चालक ने बस पर से अपना नियंत्रण खो दिया जिससे बस सड़क किनारे खेत में जाकर पलट गई। हादसे के वक्त बड़ी संख्या में स्थानीय लोग गाड़ी में सवार रहे. कई मुसाफिरों को गंभीर चोटें भी आई हैं।यह दुर्घटना उस वक्त हुयी जब गांव के लोग खेतों पर जाने की तैयारी कर रहे थे। गांव वालों ने फौरन लोगों को बस से निकालने में मदद की और उन्हें अस्पताल भी पहुंचाया।हादसे की खबर मिलते ही मौके पर पंडरिया पुलिस भी एंबुलेंस के साथ पहुंच गई। घायलों को पंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।पंडरिया थाना प्रभारी नितिन तिवारी ने बताया कि यात्री बस कोरबा से कवर्धा जा रही थी। किशुनगढ़ के पास बस बेकाबू हो गई और खेत में पलट गई।घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।मेडिकल के बाद सभी लोगों के बयान लिए जाएंगे।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में समारोहपूर्वक मनाई गई रानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती

पटना। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को रानी अहिल्याबाई होल्कर जयंती मनाई गई। इस समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत कई नेता उपस्थित रहे।इस मौके पर सभी उपस्थित लोगों ने रानी अहिल्याबाई होल्कर की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन पर प्रकाश डाला।समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन को रेखांकित करते हुए कहा कि उनका जन्म एक साधारण परिवार में हुआ था, लेकिन उनकी तीक्ष्ण बुद्धि को देखकर गांव वालों ने कह दिया था कि यह लड़की काफी आगे बढ़ेगी।उन्होंने आगे कहा कि बहुत कम उम्र में ही अहिल्याबाई के पति का निधन हुआ और जब महारानी बनीं तो उन्होंने जीवन के परिचय देने की शुरूआत की।साधारण घर की महिला भी सत्ता चलाने में माहिर हो सकती है, यह उनकी जीवनी से समझा जा सकता है।उनकी जीवनी से काफी कुछ सीखा जा सकता है।उन्होंने कहा कि महारानी के जीवन को अगर देखा जाए तो यह साफ पता चलता है कि उस समय भी महिलाएं सशक्त थीं। भाजपा अध्यक्ष जायसवाल ने कहा, ह्लमहारानी के किए गए कार्यों की गाथा पुरुषों को भी सुननी चाहिए। आज महारानी अहिल्याबाई की जीवनी को समझने की जरूरत है। उनके कार्य एवं विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

# फर्जी डिग्री पर नौकरी कर रहे झारखंड में 4,000 से ज्यादा सहायक शिक्षक होंगे बर्खास्त!

प्रात: किरण/एजेंसी

रांची। झारखंड के सरकारी स्कूलों में लगभग चार हजार सहायक शिक्षकों (पारा टीचर) को नौकरी से बर्खास्त करने की तैयारी चल रही है।इन शिक्षकों पर फर्जी और गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों की ओर से निर्गत शैक्षणिक प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी करने का आरोप है।

झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और राज्य शिक्षा परियोजना की ओर से अप्रैल महीने में जारी एक निर्देश के अनुसार, राज्य के सभी 24 जिलों में सहायक शिक्षकों (पारा टीचर) के प्रमाण पत्रों और डिग्रियों की जांच चल रही हुई है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, विभिन्न जिलों में अब तक हुई जांच में 1,136 ऐसे शिक्षकों को चिन्हित किया गया है, जिन्होंने गैर मान्यता प्राप्त संस्थाओं के शैक्षणिक प्रमाण पत्र जमा किए हैं। दुमका जिले में ऐसे 153, गिरिडीह में 269 और देवघर में 98 सहायक शिक्षकों का वेतन अप्रैल 2025 से रोक दिया गया है। अनुमान है कि पूरे राज्य में ऐसे सहायक शिक्षकों की कुल संख्या चार हजार के आसपास है।

झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना के निदेशक शशि रंजन ने कहा कि सभी जिलों के शिक्षा अधीक्षकों से फर्जी प्रमाण पत्र जमा करने वाले पारा शिक्षकों की जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है।जांच पूरी होने के बाद विभाग के स्तर से नीतिगत तौर पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूरे राज्य में 62 हजार से अधिक सहायक शिक्षक (पारा टीचर) कार्यरत हैं। सर्व शिक्षा अभियान के तहत ग्रामीण स्कूलों में इनकी नियुक्तियां वर्ष 2001 से 2003 के बीच ग्राम शिक्षा समितियों की अनुशंसा पर की गई थीं। उस वक्त इनके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक तय की गई थी और इन्हें प्रतिमाह मात्र एक हजार रुपए का मानदेय दिया जाता था। बाद में वर्ष 2005 में विभाग ने एक सर्कुलर जारी किया, जिसमें ऐसे शिक्षकों के लिए न्यूनतम योग्यता इंटरमीडिएट निर्धारित की गई। बताया जाता है कि इसी सर्कुलर के बाद, हजारों शिक्षकों ने उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के कई ऐसे संस्थानों से इंटर पास होने का प्रमाण पत्र जमा किया, जो गैर मान्यता प्राप्त हैं।इन्हीं प्रमाण पत्रों के आधार पर वे दो दशक से भी अधिक समय से कार्यरत हैं।जांच में जिन गैर मान्यता प्राप्त संस्थानों से जारी प्रमाण पत्रों को फर्जी करार दिया गया है, उनमें अधिकतर उत्तर प्रदेश के हैं।इन संस्थानों में हिंदी साहित्य सम्मेलन इलाहाबाद, हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग, प्रयाग महिला विद्यापीठ इलाहाबाद, भारतीय शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, राजकीय मुक्त विद्यालय शिक्षण संस्थान, नवभारत शिक्षा परिषद इंडिया, हिंदी विद्यापीठ देवघर, बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड, हिंदी साहित्य सम्मेलन बहादुरगंज आदि शामिल हैं। दूसरी ओर, सहायक शिक्षकों ने विभाग की इस कार्रवाई को दोषपूर्ण करार दिया है। इसे लेकर राज्य के शिक्षा विभाग के अधिकारियों और मंत्री का सहायक शिक्षकों के संगठन ने लिखित तौर पर आपत्ति दर्ज कराई है।



# तुर्की का नहीं, हिमाचल का सेब खाएं भारत के लोग : गिरिराज सिंह

प्रात: किरण/एजेंसी

पालमपुर। केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने पालमपुर में पंचरुखी के ब्याडा में बॉब आर्गेनिक्स खाद उत्पादन इकाई का उद्घाटन किया। मंत्री ने आईएचबीटी के छात्रों से भी वातार्लाप किया और इस प्लांट के बारे में जानकारी हासिल की इसके उपरांत वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने आंद्रेटा में मिट्टी के बर्तन बनाने वाले संस्थान का भी दौरा किया यहां पर मंत्री ने खुद मिट्टी का बर्तन भी बनाया और यहां के स्थानीय लोगों से इस काम को आगे बढ़ाने की अपील की है।

सीएसआईआर-हिमालयी जैवसंसाधन प्रौद्योगिकी संस्थान (सीएसआईआर-आईएचबीटी) पालमपुर में स्थित है। मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि हमारा मंत्रालय राज्यों के साथ जुड़ा हुआ मंत्रालय है और जिस पॉटरी को मैं देखने आया हूं यह भी हैंडीक्राफ्ट का ही एक पार्ट है और पौराणिक कला है। गिरिराज सिंह ने कहा कि जब यहां मुंबई की छात्रा इस काम को सीखने आ सकती है तो यहां के स्थानीय लोग क्यों नहीं आ सकते। ये केवल कला नहीं है बल्कि यह रोजगार का बड़ा साधन है। हैंडीक्राफ्ट बहुत बड़ा सेक्टर है। आईएचबीटी ग्रामीण हिमाचल की आमदनी को बढ़ाने में अहम रोल निभा सकता है।गिरिराज सिंह ने कहा कि हिमाचल सांस्कृतिक टूरिज्म, आध्यात्मिक टूरिज्म और प्राकृतिक टूरिज्म का केंद्र हैं। अगर इसके साथ फ्लोरीकल्चर को जोड़ा जाए तो और भी टूरिज्म के आयाम बढ़ेंगे। आईएचबीटी कांगड़ा जिले को फ्लोरीकल्चर से जोड़ सकता है। फ्लोरीकल्चर में अपार संभावनाएं हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया सीमा संघर्ष और चीन, तुर्की जैसे देशों के पाक को सहयोग करने पर भी गिरिराज सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत का सौभाग्य है कि भारत बहुत बड़ा देश है और भारत में डोमेस्टिक चीजों की मांग ज्यादा है।जिस तरह से तुर्की ने भारत के दुश्मन देश का साथ दिया है तो भारत के लोग तुर्की का सेब न लें, बल्कि हिमाचल का सेब खाएं।

गिरिराज सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के मुद्दे पर भारत का रुख स्पष्ट करने विदेश गए डेलिगेशन को लेकर कहा, ह्लडेलिगेशन अपनी बात रखेगा। डेलिगेशन भेजना यह कोई नई चीज नहीं है। 1994 में अटल बिहारी वाजपेयी भी संयुक्त राष्ट्र जा चुके थे। गिरिराज सिंह ने ऐसे मुद्दों पर राजनीति नहीं करने की बात कही। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद अगर कांग्रेस को समझ नहीं आ रहा है तो कुछ नहीं किया जा सकता है। वहीं, पाकिस्तान अगर आगे कोई नापाक हरकत करता है तो भारत का रुख स्पष्ट है। गिरिराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने साफ कह दिया है कि अगर कोई भी आतंकी हमला हुआ तो इसे युद्ध समझा जाएगा।



# झारखंड पहुंचे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बोले, भगवान बिरसा मुंडा का संघर्ष हमें प्रेरित करता रहेगा

प्रात: किरण/एजेंसी

रांची। दो दिवसीय दौरे पर रविवार को झारखंड आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष और बलिदान का स्मरण किया। उन्होंने रांची के बिरसा चौक पर स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद मीडिया से बात की।उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज की संस्कृति, उनके स्वाभिमान, जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया, उससे पूरा देश प्रेरणा लेता है। बेहद कम उम्र में उन्होंने लंबी लड़ाई लड़ी और उनसे प्रेरित जनजातीय समाज को आज भी सम्मान प्राप्त होता है।

लोकसभा अध्यक्ष ने रांची जेल चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्मृति स्थल और संग्रहालय का भी भ्रमण किया। उन्होंने बिरसा मुंडा के संघर्ष, त्याग और उनकी जीवन यात्रा को दशार्ने वाली कृतियों का अवलोकन किया। वह रांची की पुरानी जेल स्थित उस कक्ष में भी गए, जहां स्वतंत्रता संग्राम के दौरान बिरसा मुंडा को अंग्रेजी हुकूमत ने कैद रखा था। इसके पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के रांची पहुंचने पर एयरपोर्ट पर झारखंड विधानसभा स्पीकर रवींद्रनाथ महतो और रक्षा राज्यमंत्री सह सांसद संजय सेठ ने उनका स्वागत किया। इस दौरान रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता-कार्यकर्ता मौजूद रहे। लोकसभा अध्यक्ष ने बाद में रांची के हरमू रोड स्थित श्याम प्रभु के मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की। वह रविवार को रांची और जमशेदपुर में आयोजित कई कार्यक्रमों का हिस्सा बनेंगे। जमशेदपुर में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्लेटिनम जुबली समारोह में वह मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहां से शाम में रांची लौटने के बाद वे रांची में विभिन्न नागरिक समूहों की ओर से आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में भाग लेंगे। विभिन्न समारोहों में शामिल होने के बाद राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे और अगले दिन सोमवार को वापस दिल्ली रवाना होंगे।

# खड़गे ने एक्स पर गिनाए भाजपा नेताओं के विवादित बयान, वीडी शर्मा बोले, वो ट्विटर पर खेलें, हम जमीन पर काम करते हैं

प्रात: किरण/एजेंसी

भोपाल। पहलगाम पीड़ितों को लेकर भाजपा सांसद रामचंद्र जांगड़ा की अनर्गल टिप्पणी पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तीखी प्रतिक्रिया दी। खड़गे ने एक्स पोस्ट के जरिए जांगड़ा के हालिया बयान के साथ ही अन्य भाजपा नेताओं के विवादित बयान गिनाए और उन्हें शर्मनाक बताया। खड़गे की पोस्ट को मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने ट्विटर-ट्विटर खेलना करार दिया है। रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान वीडी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष का बस यही काम है। लेकिन, भाजपा के कार्यकर्ता जमीन पर काम करते हैं। भाजपा के नेतृत्व में हमारे कार्यकर्ता अपने काम में लगे हुए हैं। हालांकि, प्रदेश अध्यक्ष ने सांसद के बयान पर किसी भी तरह से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग ट्विटर-ट्विटर खेलते रहते हैं। उनके ट्वीट पर मुझे ज्यादा कहने की जरूरत नहीं है। भाजपा के कार्यकर्ता अपने काम में लगे हुए हैं।

दरअसल, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पर एक लंबे चौड़े पोस्ट में लिखा, भाजपा के नेताओं में पहलगाम के पीड़ितों और हमारी वीर सेना पर लांछन लगाने की होड़ चल रही है। भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के शर्मनाक बयान ने एक बार फिर आरएसएस-बीजेपी की ओछी मानसिकता को उजागर कर दिया। एमपी के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने हमारी जांबाज सेना का अपमान किया, पर पीएम मोदी ने कोई कार्रवाई नहीं की। एमपी के मंत्री विजय शाह ने हमारी वीर कर्नल पर भद्दी टिप्पणी की, पर आज तक बर्खास्त नहीं हुए। जब पहलगाम में शहीद नौसेना ऑफिसर की पत्नी को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा था, तब भी पीएम मोदी चुप थे। पीएम कहते हैं कि आपकी रगों में सिंदूर है। अगर ऐसा है, तो आपको महिलाओं के सम्मान के लिए इन बदजुबान नेताओं को बर्खास्त करना चाहिए। वहीं, मन की बात कार्यक्रम को लेकर वीडी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारे सशस्त्र बलों द्वारा प्रदर्शित वीरता का विशेष उल्लेख किया, जिसमें बताया गया कि कैसे इसने न केवल पाकिस्तान को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया, बल्कि पूरे देश में देशभक्ति की लहर भी जगाई। उन्होंने कहा कि कैसे विशाल तिरंगा यात्राओं के माध्यम से राष्ट्रवाद की भावना उमड़ी, जिसने लोगों के दिलों और दिमागों पर गहरा भावनात्मक प्रभाव डाला। वीडी शर्मा ने जापान को पछाड़कर आर्थिक तौर पर सबल होने को गौरवान्वित करने वाला पल बताया। उन्होंने कहा, ह्लआज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि यह उपलब्धि पीएम मोदी के नेतृत्व में प्राप्त हुई है। 140 करोड़ भारतीयों के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है। प्रधानमंत्री मोदी का हृदय से आभार प्रकट करता हूं और उन्हें इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई देता हूं।



# बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में दिलीप जायसवाल ने अन्य नेताओं के साथ सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

प्रात: किरण/एजेंसी

पटना। बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल समेत तमाम नेताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसंवाद कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न को तन्मयता से सुना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में ह्यमन की बातह्न के 122वें एपिसोड को सुनने के बाद भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने सभ्यता, संस्कृति और विरासत की चर्चा की, साथ ही आतंकवाद से लड़ने की भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मन की बात में आतंकवाद के खिलाफ भारत के प्रयासों के तहत ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा की। भाजपा अध्यक्ष जायसवाल ने बताया, पीएम मोदी ने सेना के शौर्य और पराक्रम की प्रशंसा कर उनकी हौसला अफजाई की। प्रधानमंत्री ने आज के अपने मन की बात में खेलो इंडिया गेम्स के उत्साह और युवा प्रतिभाओं की उपलब्धियों को देशवासियों के साथ साझा किया और बिहार की मेजबानी की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि बिहार में खेल की आधारभूत संरचनाओं में वृद्धि हो रही है। हमने हाल ही में कई प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन कर यह साबित भी किया है। भाजपा अध्यक्ष जायसवाल ने पत्रकारों से बातचीत में दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के साथ एनडीए के मुख्यमंत्रियों के साथ चल रही बैठक के विषय में बताया कि इस बैठक में दो मुद्दे खास हैं। एक आतंकवाद के खिलाफ भारत द्वारा की गई कार्रवाई और आगे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहने की चर्चा होगी।

# मिला मैगी ने आरोप लगाकर छोड़ा मिस वर्ल्ड 2025, केटीआर बोले- होनी चाहिए जांच

प्रात: किरण/एजेंसी

हैदराबाद। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने रविवार को मिस इंग्लैंड मिला मैगी के आरोपों की जांच की मांग की। मिला मैगी ने व्यक्तिगत और नैतिक कारणों का हवाला देते हुए हैदराबाद में चल रही मिस वर्ल्ड 2025 प्रतियोगिता से अपना नाम वापस ले लिया है।

केटीआर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्लमिस वर्ल्ड जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर महिला विरोधी मानसिकता को उजागर करने का साहस दिखाना बहुत बड़ी बात है। मिला मैगी, आप बहुत मजबूत महिला हैं। मुझे खेद है कि आपको तेलंगाना में इस अनुभव से गुजरना पड़ा। तेलंगाना में महिलाओं का सम्मान करने की समृद्ध संस्कृति है। हम उनकी पूजा करते हैं, सम्मान करते हैं और उन्हें समान अवसर प्रदान करते हैं। रानी रुद्रमा और चित्याला ऐलम्मा जैसी महान महिलाएं हमारी धरती से हैं। दुर्भाग्य से, आपने जो अनुभव किया, वह असली तेलंगाना का प्रतिनिधित्व नहीं करता। मुझे उम्मीद है कि आप जल्द ही बेहतर महसूस करेंगी।

उन्होंने कहा, ह्लएक बेटी के पिता के रूप में, मैं कामना करता हूं कि कोई भी महिला या लड़की को ऐसे भयावह अनुभवों से न गुजरना पड़े। मैं पीड़िता को ही दोषी ठहराने की मानसिकता की कड़ी निंदा करता हूं और मिस इंग्लैंड मिला मैगी द्वारा लगाए गए आरोपों की गहराई से जांच की मांग करता हूं। मिला मैगी ने ब्रिटिश अखबार द सन को बताया कि प्रतियोगिता का माहौल उनके ह्यपर्पसफुल ब्यूटीह्न की अपेक्षा से मेल नहीं खाता था। उन्होंने कहा कि प्रतियोगियों को हर समय मेकअप और बॉल गाउन पहनने के लिए कहा गया, यहां तक कि नाश्ते के दौरान भी।

द सन के मुताबिक, मिला मैगी ने कहा, सब्र का बांध तब टूटा, जब हमें आयोजन में पैसा देने वाले मध्यम उम्र के पुरुषों के साथ सामाजिक मेल-जोल बढ़ाने को कहा गया, ताकि उनके योगदान के प्रति आभार जताया जा सके।ह्व हालांकि, मिस वर्ल्ड ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्ष और सीईओ जूलिया मोर्ले ने दावा किया कि मिला मैगी ने अपनी मां की तबीयत खराब होने की पारिवारिक आपात स्थिति के कारण प्रतियोगिता छोड़ने की इच्छा जताई थी।

उन्होंने कहा, हमने मिला मैगी की स्थिति को समझते हुए सहानुभूति के साथ तुरंत उन्हें इंग्लैंड वापस भेजने की व्यवस्था की, क्योंकि हमारे लिए प्रतियोगी और उनके परिवार की भलाई सबसे पहले है। दुर्भाग्य से कुछ ब्रिटिश मीडिया संस्थानों ने भारत में उनके अनुभव को लेकर ऐसे झूठे और अपमानजनक बयान छापे हैं, जो कथित रूप से मिला मैगी द्वारा दिए गए हैं। ये आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद हैं और हमारे साथ उनके समय की सच्चाई से मेल नहीं खाते।

# पीएम मोदी मन की बात कार्यक्रम में लोगों के मन की बात करते हैं : अनिल विज

प्रात: किरण/एजेंसी

अंबाला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से रविवार को रेडियो पर ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम के 122वें एपिसोड पर हरियाणा सरकार में मंत्री अनिल विज ने कहा कि पीएम मोदी इस कार्यक्रम में सिर्फ अपने मन की नहीं बल्कि देशवासियों के मन की बात करते हैं।

रविवार को मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा, पीएम मोदी पहले देश के प्रधानमंत्री हैं जो अपने मन की बात लोगों के साथ करते हैं। वर्तमान में जो ताजा मुद्दा होता है उससे देशवासियों को रूबरू करवाते हैं। आज उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताया। जिस वीरता के साथ सैनिकों ने इस युद्ध में पराक्रम दिखाया, वह काबिले तारीफ है। इसके अलावा, नक्सली मूवमेंट, पर्यावरण संरक्षण, गुजरात के गिर में शेरों के संरक्षण और संख्या पर उन्होंने विस्तार से बात की। इसके अलावा उन्होंने ड्रोन दीदी से लाभ उठा रही महिलाओं के बारे में जिक्र किया। पीएम मोदी मन की बात कार्यक्रम में इन चीजों को इसलिए उठाते हैं ताकि अन्य लोग भी इससे प्रेरित हो। विकसित राष्ट्र के लिए पीएम मोदी काम कर रहे हैं।

# बिहार को पीएम मोदी सिर्फ सौगात ही दे रहे हैं, अब तक कोई ठोस विकास नहीं दे पाए हैं : कृष्णा अल्लावारु

प्रात: किरण/एजेंसी

पटना। कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार आगमन को लेकर कहा कि बिहार को प्रधानमंत्री मोदी सिर्फ सौगात ही दे रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस विकास नहीं दे पाए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार को अब तक कुछ ठोस परिणाम नहीं मिला है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सवाल पूछा कि बिहार और बिहार की जनता को ये बताएं कि पिछले 11 साल में उन्होंने आम जनता, आम महिला, आम युवा और आम किसान के लिए क्या किया है? उसके बाद आगे की बात करें।भारत के चौथी अर्थव्यवस्था बनने और जापान को पीछे छोड़ देने पर बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारु ने कहा कि बिहार में क्या स्थिति है, उसके बारे में प्रधानमंत्री बताएं। बिहार आज हिंदुस्तान के राज्यों में रोजगार, अफसरशाही, भ्रष्टाचार के मामले में किस पायदान पर है, इन सब चीजों पर प्रधानमंत्री को खुलकर बताना चाहिए कि हम कहां हैं? प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि उनके 11 साल में बिहार बड़े प्रदेशों में 27-28 नंबर पर है।

# मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ के बस्तर के नवाचारों की हुई सराहना

प्रात: किरण/एजेंसी

रायपुर।देश की राजधानी नई दिल्ली में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन मॉडल, नवाचारों और जनभागीदारी आधारित योजनाओं ने विशेष पहचान बनाई। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रस्तुत बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे अभिनव आयोजनों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों का ध्यान आकर्षित किया। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री साय ने अपने प्रस्तुतीकरण की शुरूआत राज्य में सुशासन की संस्थागत पहल से की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन कर योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म से योजनाओं की निगरानी की जा रही है, जिससे शिकायतों का समाधान निर्धारित समय में संभव हो रहा है।

इस बैठक में केंद्र की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी विशेष चर्चा हुई। इसमें मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं को छत्तीसगढ़ में ग्रामसभा, जनसंवाद और तकनीक के माध्यम से आमजन तक पहुँचाया गया है। बैठक का सबसे प्रेरक क्षण तब आया जब मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम पर विशेष प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के ह्यखेलोगे इंडिया, जीतोगे इंडियाह्न मंत्र को उद्धृत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ ने इसे धरातल पर साकार किया है। बस्तर ओलंपिक अब सिर्फ एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति बन चुका है-जिसने युवाओं के हाथों से बंदूकें छीनकर गेंद, भाला और तीर थमा दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया इस आयोजन में 7 जिलों के 32 विकासखंडों से 1.65 लाख प्रतिभागियों ने भाग लिया। तीन चरणों – विकासखंड, जिला और संभाग स्तर पर आयोजित यह प्रतियोगिता 11 पारंपरिक खेलों जैसे तीरंदाजी, खो-खो, कबड्डी, दौड़, रस्साकसी आदि पर केंद्रित थी। चार श्रेणियों – जूनियर, सीनियर, महिला और दिव्यांग में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। उन्होंने दोरनापाल के पुनेन सन्ना का उदाहरण साझा किया, जो कभी नक्सल प्रभाव वाले क्षेत्र से थे, पर आज व्हीलचेयर दौड़ में पदक जीतकर पूरे समाज के लिए प्रेरणास्तंभ बन गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम में बस्तर ओलंपिक की प्रशंसा करते हुए कहा था कि यह आयोजन केवल खेल नहीं, बल्कि बस्तर की आत्मा का उत्सव है।उन्होंने बताया कि बस्तर पंडुम उत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ ने न केवल आदिवासी संस्कृति, लोककलाओं और परंपराओं को संरक्षित किया, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय मंच भी प्रदान किया। इस आयोजन में 7 जिलों के 32 विकासखंडों की 1,885 ग्राम पंचायतों के 1,743 सांस्कृतिक दलों और 47,000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।बैठक में जिन राज्यों को अपनी योजनाओं के प्रस्तुतीकरण का अवसर मिला। उनमें छत्तीसगढ़ का ह्यबस्तर मॉडलह्न बेहद प्रभावशाली रहा। जनभागीदारी, संस्कृति और विकास के इस अनोखे मेल ने सभी को प्रभावित किया। बैठक में सुझाव दिया गया कि जनभागीदारी व सांस्कृतिक जुड़ाव पर आधारित ऐसे मॉडल्स को अन्य राज्यों में भी अपनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी सहित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इन पहलों को अनुकरणीय बताते हुए सुझाव दिया कि ऐसे नवाचार, जो समाज की जड़ों से जुड़ते हों और विकास की दिशा तय करते हों, उन्हें विस्तार दिया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ के ह्यबस्तर मॉडलह्न को जिस तरह सराहा गया, उसने यह स्पष्ट किया कि जनसहभागिता, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और विकास के समन्वय से किस तरह दूरस्थ और चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में भी बदलाव की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 26 मई, 2025



# उत्तर प्रदेश में जाम को दूर करने के लिए 6,124 करोड़ की लागत से बनेंगे रिंग रोड, बाईपास व फ्लाईओवर

प्रात : किरण/एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में यातायात जाम की समस्या दूर करने और बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार 6,124 करोड़ रुपये की लागत से रिंग रोड, बाईपास व फ्लाईओवर का निर्माण करेगी। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में कहा गया कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार प्रयास जारी हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने इस विषय में विस्तृत खाका तैयार किया है जिसके जरिए वित्त वर्ष 2025-26 में बड़े पैमाने पर रोड संपर्क को बढ़ाया जाएगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार कार्ययोजना में प्रदेश में बाईपास, रिंग रोड व फ्लाईओवर निर्माण के कुल 62 कार्य वित्त वर्ष 2025-26 में चिह्नित किए गए हैं जिनमें 6,124 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्माण



को बढ़ावा दिया जाएगा। बयान में कहा गया कि जनता को यातायात जाम से राहत देने की दिशा में यह कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएंगे जिनमें आबादी और यातायात आवागमन जैसे कई पहलुओं को आधार बनाया जाएगा।

कार्ययोजना के अनुसार उत्तर प्रदेश सरकार का यह कदम न केवल उत्तम सड़क संपर्क को सुनिश्चित करेगा बल्कि यातायात प्रबंधन में भी सहायक सिद्ध होगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा 2025-26 में जिन 62 बाईपास व रिंग रोड का निर्माण किया जाना है उनमें एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर पालिकाओं व नगर परिषदों को प्राथमिकता दी जाएगी। कार्ययोजना के अनुसार, एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर परिषदों व पालिकाओं द्वारा प्रस्ताव दिए जाने पर आबादी व प्राथमिकता के आधार पर कार्यों को पूरा किया जाएगा। हालांकि, जहां से राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरता है ऐसी नगर पालिकाएं व परिषदों को इस प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा क्योंकि इन क्षेत्रों में रिंग रोड व बाईपास का निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा।

# पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व ने भारत की तस्वीर और तकदीर को बदलने का काम किया : मंत्री नंद गोपाल गुप्ता

**उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लोगों ने मन की बात कार्यक्रम सुनीं। मन की बात पर यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी शुरूआत भारतीय सेना की बहादुरी और ऑपरेशन सिंदूर पर प्रकाश डालते हुए की। उन्होंने मधुमक्खियों और शेरों जैसे वन्यजीवों की सुरक्षा से लेकर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और महिलाओं की आत्मनिर्भरता जैसे विषयों को भी संबोधित किया। 11 साल में प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व ने भारत की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया है।**

प्रात : किरण/एजेंसी

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात के 122वें एपिसोड को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ह्यऑपरेशन सिंदूरह्ल से लेकर ह्यवोकल फॉर लोकलह्ल समेत कई बिंदुओं का जिक्र किया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लोगों ने मन की बात कार्यक्रम सुनीं। मन की बात पर यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी शुरूआत भारतीय सेना की बहादुरी और ऑपरेशन सिंदूर पर प्रकाश डालते हुए की। उन्होंने मधुमक्खियों और शेरों जैसे वन्यजीवों की सुरक्षा से लेकर स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और महिलाओं की आत्मनिर्भरता जैसे विषयों को भी संबोधित किया। 11 साल में प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व ने भारत की तस्वीर और तकदीर बदलने का काम किया है। भारत को ऐसे प्रधानमंत्री मिले हैं, जो देश को अपना परिवार मानकर 140 करोड़ लोगों से मन की



बात करते हैं और सुझाव भी लेते हैं। इसके लिए पीएम मोदी के प्रति बहुत आभार प्रकट करता हूं। नंद गोपाल गुप्ता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भी पोस्ट किया, आज अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के मुट्ठीगंज मंडल के बूथ संख्या 25 साधोगंज मंडी में भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के माननीय प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य श्री विजय बहादुर पाठक जी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्मानित पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं, व्यापारी भाइयों, समर्थकों एवं आमजन के साथ देश के यशस्वी प्रधानमंत्री परम आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरणादायी ह्यमन की बातह्ल कार्यक्रम को सुना। प्रधानमंत्री जी का संबोधन जनकल्याण, सांस्कृतिक पुनर्जागरण, नवाचार तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त करने वाले सामूहिक प्रयासों में नई ऊर्जा का संचार करने वाला रहा। यह हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वहीं, एक स्थानीय महिला ने भी मन की बात के ताजा एपिसोड पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी महिलाओं को बहुत प्रोत्साहित कर रहे हैं। महिला सशक्तिकरण के लिए पीएम ने बहुत काम किया है। जो महिलाएं पहले घर से बाहर नहीं निकलती थी आज बाहर निकलकर काम कर रही हैं। वहीं, एक अन्य महिला ने कहा कि मन की बात में प्रधानमंत्री देश के बारे में करते हैं। लोकल फार वोकल विजन सराहनीय है। देश में बने सामानों को प्रोत्साहित करना बहुत अच्छी सोच है। इससे स्थानीय लोगों को रोजगार मिलने के साथ ही देश का पैसा देश में ही रहता है, यह बड़ी चीज है। देश के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी की योजनाएं बहुत सराहनीय हैं।

## बलिया में खाद्यान्न घोटाले के आरोप में पूर्व ब्लॉक प्रमुख गिरफ्तार

प्रात : किरण/एजेंसी

बलिया। उत्तर प्रदेश पुलिस के आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन (ईओडब्ल्यू) ने बलिया के खाद्यान्न घोटाला मामले में एक पूर्व ब्लॉक प्रमुख को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी ईओडब्ल्यू की वाराणसी इकाई के निरीक्षक सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि पुलिस ने पंदह विकास खण्ड के पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह उर्फ सुग्रीव सिंह को शनिवार को पकड़ी थाना क्षेत्र के सरया गांव स्थित उनके निवास स्थान से गिरफ्तार किया है।

उन्होंने बताया कि बलिया जिले के सिकंदरपुर थाना में 2006 में खाद्यान्न घोटाले के आरोप में कुल 24 लोगों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था।पुलिस अब तक इस मामले 19 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुन्ना सिंह उर्फ सुग्रीव सिंह की इस मामले में 20वीं गिरफ्तारी है। सिंह और अन्य आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, कूटरचना और जालसाजी कर लगभग 30 लाख से ऊपर के शासकीय धन के गबन का आरोप है।संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना में हुए खाद्यान्न घोटाले को लेकर बलिया जिले में 2000 से 2005 तक काम के बदले अनाज योजना के संचालन में गबन करने को लेकर 2006 में जिले के 14 थाने में कुल 51 मुकदमे दर्ज हुए थे, जिसमें कुल 6,049 लोगों को आरोपी बनाया गया था। प्रदेश सरकार के निर्देश पर आठ मुकदमे की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और शेष 43 मामलों की जांच आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन की वाराणसी इकाई कर रही है।

## मुजफ्फरनगर में मुठभेड़ के बाद तीन अपराधी गिरफ्तार

प्रात : किरण/एजेंसी

मुजफ्फरनगर (उप्र), 25 मई (वेब वार्ता)। मुजफ्फरनगर पुलिस ने दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई लूट के मामले में कथित तौर पर संलिप्त तीन अपराधियों को शनिवार रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान तीनों पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। इसके अनुसार यह गिरोह मुजफ्फरनगर के मंसूरपुर, छपार, पुरकाजी थाना क्षेत्र में दर्ज नकदी, आभूषण और अन्य कीमती सामानों की लूटपाट की घटनाओं संलिप्त रहा है। दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर लूट की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शनिवार रात तलाश अभियान शुरू किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) रामाशीष यादव ने संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने मंसूरपुर थाना क्षेत्र में राजमार्ग पर कार सवार तीन संदिग्धों को रुकने का इशारा किया लेकिन वे भागने का प्रयास करने लगे और पुलिस दल पर गोली चला दी।

यादव ने बताया कि पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीनों बदमाशों को गोली लग गई जिससे वे घायल हो गए।सीओ ने बताया, मुठभेड़ के दौरान राजेश, अभि कुमार और साहिल को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने 17,500 रुपये, तीन मोबाइल फोन, आभूषण और लूट में इस्तेमाल की गई कार बरामद की है। सीओ ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेठी में दलित युवक का शव पेड़ से लटका मिला

अमेठी (उप्र)। अमेठी जिले के मोहनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में दलित युवक का शव बाग में आम के पेड़ से संदिग्ध परिस्थितियों में लटकता मिला। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक मोहनगंज थाना क्षेत्र के सैम्बसी गांव निवासीअमित कुमार पासी (18) का शव गांव के निकट बाग में पेड़ से बंधे फंदे पर लटका मिला। अमित गांव में रहकर ही खेती व घर की देखरेख करता था। उसके पिता की लगभग छह वर्ष पूर्व खेत में काम करते समय जहरीले जीव के काटने से मौत हो गयी थी।थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### बरेली में आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

बरेली। बरेली जिले के बहेड़ी थाना क्षेत्र के एक गांव में भारी बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हो गयी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार बहेड़ी के ग्राम सकरस निवासी राजेंद्र श्रीवास्तव (40) रविवार को खेत में काम देखने गए थे तभी भीषण बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिरने से उनकी मौत हो गई।बहेड़ी की उप जिलाधिकारी (एसडीएम) रत्निका श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन मौके पर पहुंच गया और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। उप जिलाधिकारी ने बताया कि नियमानुसार परिवार की पूरी सहायता की जाएगी। बहेड़ी के क्षेत्राधिकारी और तहसीलदार ने पीड़ित परिवार के लोगों से बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई की।

### रायबरेली में गंगा घाट पर पिता-पुत्र समेत एक ही परिवार के तीन लोग डूबे

रायबरेली (उप्र)। रायबरेली के डलमऊ में गंगा घाट पर अस्थि विसर्जन के लिए गए पिता-पुत्र समेत एक ही परिवार के तीन सदस्य गंगा नदी में डूब गए, जिससे उनकी मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस के मुताबिक अमेठी के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के पालपुर से नौ लोगों का एक समूह आज सुबह डलमऊ गंगा घाट पर अस्थि विसर्जन के लिए पहुंचा था। विसर्जन के दौरान समूह के चार सदस्य कथित तौर पर गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उनके साथियों ने तुरंत शोर मचाया, जिससे आस-पास के गोताखोरों और स्थानीय लोग भी जुट गए। गोताखोरों की त्वरित कार्रवाई से एक युवक को बचा लिया गया, लेकिन तीन लोगों की डूबने से मौत हो गयी। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजीव कुमार सिन्हा ने बताया, मृतकों की पहचान चंद्र कुमार कौशल (60), बालचंद्र कौशल (42) और उनके बेटे आर्यन (17) के रूप में हुई है।

### उप्र के शाहजहांपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली चलने से युवक की मौत, पुलिस जांच में जुटी

शाहजहांपुर (उप्र)। शाहजहांपुर जिले के निगोही थाना क्षेत्र में एक युवक की कथित तौर पर संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गयी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने बताया कि रतिगांव में प्रदीप कुमार (18) की शनिवार रात गोली लगने से मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि कुमार का नाबालिग चचेरा भाई अपने पिता की लाइसेंसी राइफल साफ कर रहा था तभी गोली चल गयी। उन्होंने बताया कि गोली कुमार को लग गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक के पिता ने निगोही थाने में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें आरोप लगाया है कि नाबालिक आरोपी ने गोली चला दी जिससे उनके बेटे की मौत हुई। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बहराइच में तेंदुए के हमले में महिला की मौत

बहराइच (उप्र)। बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन प्रभाग के सुजौली वन रेंज के एक गांव में तेंदुए के हमले के कारण एक महिला की मौत हो गयी। वन विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) बी. शिवशंकर ने बताया, शनिवार रात सुजौली वन रेंज के रेंजर ने फोन करके उन्हें सूचित किया कि अयोध्यापुरवा गांव में अपने घर की खुली छत पर सो रही जाहिरा (48) पर तेंदुए ने हमला किया। महिला छत से नीचे खेत में गिर गयी। उन्होंने कहा, ह्यह्लमहिला के साथ उसके दो बच्चे भी सो रहे थे, उन्होंने तेंदुए से अपनी मां को बचाने के लिए संघर्ष किया और शोर मचाया जिसके बाद तेंदुआ खेतों की तरफ भाग गया।

# राहुल गांधी की बौद्धिक क्षमता पर विचार करने की जरूरत : बृजभूषण शरण सिंह

प्रात : किरण/एजेंसी

गोंडा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच विपक्ष की ओर से उठाए जा रहे सवालों को पूर्व भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने बेमानी बताया है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बौद्धिक क्षमता पर तंज कसा।पूर्व भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने अपने गृहनगर में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि भारत की हार और देश की विदेश नीति फेल है तो क्या राहुल को गर्व होगा? भारत के विमान सफल नहीं हुए तो क्या उनके सवाल पर देश उनके साथ खड़ा होगा? कब कौन सा सवाल उठाना चाहिए यह उन्हें नहीं मालूम। बृजभूषण ने तंज कसते हुए कहा, सूप बोले तो बोले चलनी बोले जेकरे में बहत्तर छेद। 1971 में कांग्रेस ने 92 हजार पाक सैनिक छोड़े थे, हमने उनको 8 महीने बिठाकर खिलाया और फिर बिना शर्त छोड़ दिया। जिस समस्या के चलते आपरेशन सिंदूर चल रहा है यह समस्या कांग्रेस की ही देन है। राहुल को उचित फोरम पर ऐसे सवाल उठाने चाहिए।

भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष ने दावा किया कि कुश्ती संघ को सरकार का पूरा समर्थन प्राप्त है। उन्होंने कहा, ह्लकुश्ती पर संकट के बादल छंट चुके है और कुश्ती संघ को भारत सरकार का पूरा साथ है। अब कोई दिक्कत नहीं है और भारतीय कुश्ती बुलंदियों पर होगी। एशियन चैंपियनशिप वियतनाम में होनी है, इसके लिए प्रतिभागी जोरशोर से जुट गए हैं। बहुत दिनों तक कुश्ती प्रभावित होने से बच्चे काफी निराश हो गए थे, अब दोबारा से कुश्ती की गाड़ी पटरी पर आ रही है। सरकार और संगठन के बीच में अब कोई भी विरोधाभास नहीं है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) पिछले कई महीनों से अनिश्चितता से जूझता रहा है।

## महाराष्ट्र पहुंचा दक्षिण-पश्चिम मानसून

प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई। दक्षिण-पश्चिम मानसून महाराष्ट्र में पहुंच गया है और अगले तीन दिनों में इसके मुंबई और कुछ अन्य हिस्सों तक पहुंचने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। आईएमडी ने कहा कि मानसून रविवार को अरब सागर के कुछ और हिस्सों, कर्नाटक, संपूर्ण गोवा, महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों, उत्तरी बंगाल की खाड़ी, तथा मिजोरम, मणिपुर और नगालैंड के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून की उत्तरी सीमा देवगढ़, बेलगावी, हावेरी, मांड्या, धर्मपुरी, चेन्नई, आइजोल, कोहिमा से होकर गुजरती है।आईएमडी ने कहा, ''मानसून के मध्य अरब सागर के कुछ और हिस्सों, मुंबई सहित महाराष्ट्र के कुछ अन्य भागों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। इसके अलावा मानसून के अगले तीन दिनों के दौरान बेंगलुरु सहित कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों, तमिलनाडु के शेष हिस्सों, पश्चिम-मध्य और उत्तरी बंगाल की खाड़ी के अधिकांश हिस्सों तथा पूर्वोत्तर राज्यों के कुछ और हिस्सों में पहुंचने की उम्मीद है।''महाराष्ट्र में तटीय कोंकण और मुंबई में पिछले दो दिनों से मानसून से पहले भारी बारिश हो रही है।दक्षिण-पश्चिम मानसून ने शनिवार को केरल में दस्तक दी। वर्ष 2009 के बाद से ऐसा पहली बार है जब मानसून इतनी जल्दी केरल पहुंचा है। साल 2009 में मानसून 23 मई को केरल पहुंचा था।

# राजस्थान के अनेक इलाकों में धूल भरी आंधी व बारिश, दीवार गिरने से मां-बेटी की मौत

प्रात : किरण/एजेंसी

जयपुर। अचानक मौसम बदलने से शनिवार रात राजस्थान के अनेक इलाकों में तेज धूल भरी आंधी आई और बारिश हुई जिससे लोगों को जहां तेज गर्मी से फौरी राहत मिली लेकिन जनजीवन प्रभावित हुआ।खैरथल-तिजारा जिले में दीवार गिरने से एक महिला और उसकी बेटी की मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात आई तेज आंधी से भिवाड़ी कस्बे में एक दीवार गिर गई। मलबे में दबने से 21 वर्षीय सुमाया और उसकी एक वर्षीय बेटी की मौत हो गई।

पुलिस ने बताया कि घटना में उसका पति घायल हो गया जिसका अलवर के अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

बीकानेर में तूफान के कारण बिजली के कई खंभे उखड़ गए और होर्डिंग, बिजली के तारों पर गिर गए।



हालांकि, बाद में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।सीकर के एक गांव में तूफान के कारण बिजली का खंभा गिर गया जिससे आपूर्ति बाधित हुई। इसी तरह, बाड़मेर और जैसलमेर में भी धूल भरी आंधी आई जिससे आम जन जीवन प्रभावित हुआ। धूल का असर रविवार को भी जारी रहा। तूफान के कारण दृश्यता कम हो गई। झुंझुनू में तेज हवाओं और बारिश के कारण कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। ग्रामीण इलाकों में पेड़ गिरने से अनेक सड़कें अवरुद्ध हो गईं।श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में भी मौसम में आए बदलाव से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ। जोधपुर और जैसलमेर में भी मौसम में इसी तरह का बदलाव हुआ और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार रात अनेक जिले में हल्की से मध्यम बारिश हुई, तेज धूल भरी आंधी चली। सबसे ज्यादा बारिश हनुमानगढ़ के नोहर में 53 मिलीमीटर दर्ज की गई।वहीं, झुंझुनू के पिलानी में 49.8 मिलीमीटर, सीकर में 38 मिलीमीटर और तिजारा में 35 मिलीमीटर बारिश हुई। पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाकों में भी बारिश हुई। शनिवार को बाड़मेर में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 5.3 डिग्री अधिक है। वहीं, बीती रात सबसे कम न्यूनतम तापमान बारां के अंता में 31.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।विभाग ने सोमवार को जयपुर, बाड़मेर और बीकानेर में भीषण गर्मी का 'रेड अलर्ट', जोधपुर के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' और नागौर, पाली, जालौर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ जिलों के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है।

## बदमाशों के हवा में गोलीबारी करने से पटना में दहशत, छह पुलिसकर्मी निलंबित

प्रात : किरण/एजेंसी

पटना। बिहार की राजधानी पटना के 'बोरिंग कैनाल रोड' क्षेत्र में शनिवार शाम कथित रूप से पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद अज्ञात बदमाशों ने हवा में कई गोलियां चलाईं और उसके बाद वे फरार हो गए।

इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ।

पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अवकाश कुमार ने बताया कि घटना में लापरवाही बरतने के आरोप में छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। सचिवालय के उपमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) साकेत कुमार ने संवाददाताओं से कहा, ''एसयूवी में सवार अज्ञात बदमाशों ने बोरिंग कैनाल रोड क्षेत्र में हवा में कई गोलियां चलाईं। संयोगवश, कानून एवं व्यवस्था के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) पंकज दराद भी उसी समय एक बैठक के बाद वहां से लौट रहे थे।'' उन्होंने बताया, ''एडीजी के सुरक्षा गार्ड ने बदमाशों को रोकने के प्रयास में जीपीओ गोलंबर के पास हवा में गोली चलाई, लेकिन बदमाश तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए फरार हो गए। दराद ने तुरंत पुलिस नियंत्रण कक्ष को इसकी सूचना दी।'' प्रत्यक्षदर्शियों के



अनुसार, पार्किंग को लेकर हुए विवाद के बाद बदमाशों ने हवा में कई गोलियां चलाईं।

एसएसपी ने बताया कि घटना की जांच के लिए एक टीम गठित की गई है और आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आरोपी जिस काली एसयूवी में सवार थे, उस पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। इस बीच, पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि निलंबित अधिकारियों में एक उपनिरीक्षक, दो सहायक उपनिरीक्षक और दो महिला कांस्टेबल सहित तीन कांस्टेबल शामिल हैं।

# बिहार : लालू यादव ने बेटे तेज प्रताप को पार्टी से निकाला, कहा- परिवार में कोई भूमिका नहीं रहेगी

प्रात : किरण/एजेंसी

पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू यादव ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। इसकी जानकारी उन्होंने खुद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए दी। लालू यादव ने बताया कि ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी और छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।राजद प्रमुख लालू यादव ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्लनिजी जीवन में नैतिक मूल्यों की अवहेलना करना हमारे सामाजिक न्याय के लिए सामूहिक संघर्ष को कमजोर करता है। ज्येष्ठ पुत्र की गतिविधि, लोक आचरण तथा गैर जिम्मेदाराना व्यवहार हमारे पारिवारिक मूल्यों और संस्कारों के अनुरूप नहीं है। अतः उपरोक्त परिस्थितियों के चलते उसे पार्टी और परिवार से दूर करता हूं। अब से पार्टी और परिवार में उसकी किसी भी प्रकार की कोई भूमिका नहीं रहेगी। उसे पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित किया जाता है।उन्होंने आगे लिखा, अपने निजी जीवन का भला-बुरा और गुण-दोष देखने में वह स्वयं सक्षम है। उससे जो भी लोग संबंध रखेंगे, वे स्वविवेक से निर्णय लें। लोक जीवन में लोकलाज का सदैव हिमायती रहा हूं। परिवार के आज्ञाकारी सदस्यों ने सार्वजनिक जीवन में इसी विचार को अंगीकार कर अनुसरण किया है। धन्यवाद। दरअसल, एक दिन पहले शनिवार को तेज प्रताप यादव के सोशल मीडिया अकाउंट का कथित पोस्ट वायरल हुआ था। सोशल मीडिया पर दावा किया गया था कि यह पोस्ट तेज प्रताप यादव ने किया है, जिसमें उन्हें एक युवती के साथ देखा गया था। इसमें लिखा गया था, ह्लमैं तेज प्रताप यादव और मेरे साथ इस तस्वीर में जो दिख रही हैं, उनका नाम अनुष्का यादव है। हम दोनों पिछले 12 सालों से एक-दूसरे को जानते हैं और प्यार भी करते हैं। हम लोग पिछले 12 साल से एक रिलेशनशिप में रह रहे हैं। हालांकि, इस पोस्ट से जुड़े स्क्रीनशॉट के वायरल होने के कुछ घंटे बाद तेज प्रताप यादव की तरफ से सफाई भी आई। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, ह्लमेरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को हैक एवं मेरे तस्वीरों को गलत तरीके से एडिट कर मुझे और मेरे परिवार वालों को परेशान और बदनाम किया जा रहा है, मैं अपने शुभचिंतकों और फॉलोअर्स से अपील करता हूं कि वे सतर्क रहें और किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें।

# महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक समिति को 12,000 सुझाव और आपत्तियां प्राप्त हुईं: पाटिल

प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र विशेष सार्वजनिक सुरक्षा विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त प्रवर समिति के सदस्य जयंत पाटिल ने कहा कि समिति को अब तक इस विधेयक से संबंधित रिकॉर्ड 12,000 सुझाव और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं।

यह विधेयक विशेष रूप से नक्सलवाद समेत व्यक्तियों और संगठनों की अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से लाया गया है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस विधेयक को पिछले वर्ष नागपुर में हुई राज्य विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पुनः प्रस्तुत किया था जिसके बाद इसे राज्य के राजस्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर बावनकुले की अध्यक्षता वाली संयुक्त प्रवर समिति को भेजा गया था।पाटिल ने कहा कि विपक्ष का रुख यह है कि ऐसे किसी विधेयक की आवश्यकता नहीं है।

पाटिल ने कहा, ''इस समिति को अब तक 12,000 से अधिक सुझाव और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, जो कि एक रिकॉर्ड है। हमारा मानना है कि सरकार को हर चीज को एक नजर से नहीं देखना चाहिए, बल्कि उसे विधेयक की शर्तों और उद्देश्यों के बारे में स्पष्ट होना चाहिए। नक्सल और नक्सली गतिविधियों की परिभाषा साफ होनी चाहिए।''उन्होंने कहा कि इस विधेयक से उन व्यक्तियों और संगठनों को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए जो किसी मुद्दे पर अपनी राय रखने के लिए मोर्चा निकालना या प्रदर्शन करना चाहते हैं।पाटिल ने कहा कि पारदर्शिता लाने के लिए समिति का नेतृत्व उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश को करना चाहिए और इसके दो अन्य सदस्य सेवानिवृत्त न्यायाधीश होने चाहिए।उन्होंने बताया, ''संयुक्त प्रवर समिति की अब तक दो बैठकें हो चुकी हैं। सरकार यह बताएगी कि विभिन्न पक्षों से प्राप्त सुझावों और समिति के सदस्यों की सिफारिशों को लागू किया जा सकता है या नहीं। अगली बैठक पांच जून को प्रस्तावित है।''पिछले साल दिसंबर में जब यह विधेयक पुनः प्रस्तुत किया गया था, तब मुख्यमंत्री फडणवीस ने स्पष्ट किया था कि इसका उद्देश्य अपनी बात रखने वाले लोगों की आवाज को दबाना नहीं है, बल्कि शहरी नक्सल ठिकानों को खत्म करना है।विधेयक के अनुसार, हिंसा, तोड़फोड़ या ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल होना या उसका प्रचार करना जिससे जनमानस में भय और आशंका उत्पन्न हो, अवैध गतिविधि मानी जाएगी।इसके अलावा, हथियार, विस्फोटक या अन्य उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देना या स्थापित कानून व संस्थाओं की अवज्ञा के लिए प्रेरित करना, उसका प्रचार करना भी अवैध गतिविधि के अंतर्गत आएगा।

विधेयक के मुताबिक, कोई भी ऐसा संगठन जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इन अवैध गतिविधियों में लिप्त हो, मदद करे या सहयोग दे, उसे अवैध संगठन माना जाएगा। ऐसे संगठन से संबंध रखने पर तीन से सात वर्ष की सजा और तीन से पांच लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 26 मई, 2025



# रश्मिका को अच्छी लगती है बारिश की भीनी खुशबू, लेकिन एक चीज नहीं पसंद!



**बारिश** की पहली बूंदों की भीनी-भीनी सी खुशबू हर किसी को बहुत भाती है। मशहूर एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना को भी पहली बारिश की खुशबू बहुत पसंद है। लेकिन उन्होंने बारिश से होने वाली असुविधा को निराशाजनक बताया।

एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हें पहली बारिश की खुशबू बहुत पसंद है, लेकिन उन्हें यह अच्छा नहीं लगता कि बारिश की वजह से सब कुछ धीमा हो जाता है। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर बारिश का एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो पर एक लाइन लिखी है, जब बारिश होती है तो मिट्टी की खुशबू आती है। इस वीडियो को शेयर करते हुए रश्मिका ने लिखा, तो बारिश आ गई है... मुझे यह अच्छा नहीं लगता कि बारिश की वजह से सब कुछ थोड़ा धीमा हो जाता है, लेकिन कसम से! पहली बारिश की खुशबू सबसे अच्छी होती है और वह एहसास भी कमाल का होता है। यह सबसे प्यारा लगता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो रश्मिका की झोली में कई फिल्में हैं, जिसमें आदित्य सरपोतदार की थामा, जिसमें आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं, साथ ही कुबेरा, पुष्पा 3, द गर्लफ्रेंड और रेनबो भी शामिल हैं। 20 मई को, रश्मिका ने जी सिने अवॉर्ड्स 2025 के रेड कार्पेट पर वॉक किया था। लुक की बात करें तो इस दौरान वह ब्लैक कलर की खूबसूरत मॉडर्न साड़ी में नजर आईं। इसके साथ उन्होंने डीप स्वीटहार्ट नेकलाइन वाला डिजाइनर ब्लाउज पहना हुआ था। इसके अलावा, गोल्डन हार्ट शेप की बालियां फैंस का ध्यान अपनी ओर खींच रही थीं। शानदार लुक पाने के लिए उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा हुआ था। अपने इस लुक की तस्वीरें रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर शेयर कीं और कैप्शन में लिखा, काफी समय बाद मैं फिर से रेड कार्पेट पर गई... आप सबका इतना प्यार मिल रहा है, जिससे मेरा दिल बहुत खुश है। बस आपको दिखाना चाहती थी कि उस दिन मैंने क्या पहना था...

# आर. माधवन के नाम पर ऑनलाइन लूट रही थी महिला, एक्टर ने खोलकर रख दी पोल



ऑनलाइन दुनिया में ठगी के धंधे भी बहुत हैं। कई बार ठग सितारों का नाम लेकर ठगी करते हैं। ऐसा ही कुछ एक महिला आर. माधवन के नाम पर करने की फिराक में थी। मगर, एक्टर ने समय रहते महिला ठग की पोल खोल दी। बड़े प्रोडक्शन हाउस और सुपरस्टार्स के नाम पर अक्सर मासूमों को ठगा जाता है। खासकर, वे लोग जो सिनेमा की दुनिया में करियर बनाने मायानगरी आते हैं। खुद को बड़े सितारों का मैनेजर बताकर न जाने ठग कितने ही मासूमों को अपने झांसे में फंसाते हैं। ऑनलाइन दुनिया में ऐसा ही एक महिला ठग अभिनेता आर. माधवन के नाम पर कर रही थी। मगर, एक्टर ने सूझबूझ दिखाई। पता चलते ही महिला की पोलपट्टी खोल दी। अभिनेता आर. माधवन ने आज शनिवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट की स्टोरी पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है। यह श्रुति नैना नाम की एक प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट है। इसके बायो में लिखा है, आर. माधवन की ऑफिशियल मैनेजर। एक्टर ने स्क्रीनशॉट में यह हिस्सा गोला लगाकर शेयर किया है। साथ ही लिखा है, फ्रॉड अलर्ट। श्रुति नैना नाम की जिस प्रोफाइल का स्क्रीनशॉट शेयर किया गया है, इसके करीब सवा तीन सौ फॉलोअर्स हैं। एक्टर ने समय रहते महिला की असलियत लोगों के सामने खोलकर रख दी। साथ ही उन्हें एलर्ट भी कर दिया कि वे इस तरह के फ्रॉड से सावधान रहें।



## विक्रांत मैसी ने श्री श्री रविशंकर प्रसाद पर आधारित महावीर जैन और मार्फ़्लिक्स पिक्चर्स की अंतर्राष्ट्रीय थ्रिलर फिल्म व्हाइट की तैयारी शुरू की

**प्रभावशाली** सिनेमा के पीछे दूरदर्शी निर्माता महावीर जैन और वैश्विक अपील वाली अत्याधुनिक फिल्में देने के लिए मशहूर सिद्धार्थ आनंद की मार्फ़्लिक्स पिक्चर्स, फिल्म व्हाइट बनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं, एक अंतरराष्ट्रीय थ्रिलर जो विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर प्रसाद के जीवन और शिक्षाओं पर गहराई से प्रकाश डालती है। विक्रांत मैसी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म व्हाइट में मनोरंजक कहानी और गहन आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि का मिश्रण होने का वादा किया गया है, जो सामाजिक रूप से जागरूक और वैश्विक रूप से प्रासंगिक फिल्म निर्माण में एक साहसिक अध्याय की नई शुरूआत करेगी। फिल्म की टीम ने अब इसकी गहन तैयारी शुरू कर दी है, जो एक प्रामाणिक और इमर्सिव सिनेमाई यात्रा की नींव रखेगी। इस तैयारी के हिस्से के रूप में, महावीर जैन ने व्यक्तिगत रूप से बेंगलुरु में आर्ट ऑफ़ लिविंग आश्रम की एक महत्वपूर्ण दौरा किया। प्रशंसित अभिनेता विक्रांत मैसी, जो श्री श्री रविशंकर की भूमिका निभा रहे हैं. उन्होंने प्रतिष्ठित हैप्पीनेस प्रोग्राम में भाग लिया, जो श्री श्री रविशंकर प्रसाद द्वारा स्वयं स्थापित एक सिग्नेचर ब्रीदवर्क और मेडिटेशन कोर्स है। आश्रम से साझा की गई एक तस्वीर इस शांतिपूर्ण क्षण को खूबसूरती से दर्शाती है, जिसमें पूरी टीम सफेद वस्त्रों में आध्यात्मिकता की भावना को समर्पित नज़र आती है। कैप्शन में लिखा है, ÷हृदय कृतज्ञता से भरा हुआ इस ज्ञान के लिए आभारी गुरुदेव श्री श्री रविशंकर प्रसाद।÷ परियोजना के मूल में गहरी श्रद्धा और कृतज्ञता को दर्शाता है।

# माइंडसेट को बनाओ मजबूत, नतीजे होंगे शानदार: रकुल



**मशहूर एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह न सिर्फ अपनी फिल्मों और खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं, बल्कि अपनी पॉजिटिव सोच और लाइफस्टाइल के लिए भी चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर एक किताब का पन्ना शेयर किया, जिसमें जिंदगी से जुड़ी गहरी बात छिपी हुई थी। दरअसल, इस पन्ने पर लिखा था- आपके सोचने का तरीका, हमारी जिंदगी की बुनियाद होता है।**

इस पोस्ट को शेयर करते हुए रकुल प्रीत सिंह ने कैप्शन में लिखा, माइंडसेट पर काबू रखें, तो नतीजों पर भी काबू होगा। यानी अगर आप अपने सोचने के तरीके पर काबू पा लेते हैं, तो आप अपने नतीजों पर भी काबू पा सकते हैं। रकुल का यह पोस्ट इस बात का सबूत है कि वह अपने फैंस का सिर्फ मनोरंजन ही नहीं करती, बल्कि जिंदगी से जुड़ी प्रेरणाएं भी उन्हें देती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने पिता के साथ एक पोस्ट शेयर किया था। इस पोस्ट में उन्होंने एक पुरानी तस्वीर साझा की, जिसमें वह अपने पिता के साथ स्कूटर पर बैठी हुई दिखाई दीं। यह तस्वीर उनके बचपन की थी। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, सेना दिवस भले ही पूरी दुनिया में मनाया जाता हो, लेकिन मेरा दिल एक वर्दी के लिए धड़कता है, मेरे पापा की वर्दी के लिए। एक आर्मी ऑफिसर के बच्चे के रूप में मैंने बचपन से ही त्याग, सम्मान और हिम्मत का मतलब समझा। आज मैं सिर्फ अपने पापा को नहीं, बल्कि उन सभी सैनिकों को सलाम करती हूं, भारत और दुनिया भर के, जो खुद से पहले देश की सेवा को चुनते हैं। खासकर हाल के समय में भारतीय सेना की बहादुरी हमें याद दिलाती है कि शांति मुफ्त में नहीं मिलती, उसे सैनिकों की कुर्बानी से सुरक्षित रखा जाता है। मैं दिल से शुक्रगुजार हूं।

## बढ़े हुए वजन को लेकर ट्रोल हुई ऐश्वर्या राय, ट्रोल्स को फिर दिया करारा जवाब

बॉलीवुड की ग्लोबल आइकन और पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय बच्चन एक बार फिर कान्स फिल्म फेस्टिवल 2025 में अपने अनोखे और रॉयल अंदाज से चर्चा में आ गई हैं। इस बार ऐश्वर्या ने फेस्टिवल के पहले दिन एक पारंपरिक बनारसी साड़ी पहनकर सबका ध्यान खींच लिया। माथे पर सिंदूर, गले में चोकर और कंधों पर लहराता लंबा दुपट्टा–ऐश्वर्या का यह लुक भारतीय परंपरा और आधुनिकता का सुंदर मेल था।



### सिंदूर से जुड़ा गहरा संदेश?

ऐश्वर्या के लुक की सबसे खास बात थी उनकी मांग में भरा सिंदूर, जिसे लेकर सोशल मीडिया पर कई चर्चाएं शुरू हो गईं। कई यूजर्स ने इसे हाल ही में वायरल हुए ऑपरेशन सिंदूर अभियान से जोड़ते हुए कहा कि यह ऐश्वर्या का एक साइलेंट स्टैंड हो सकता है–भारतीय संस्कृति के उस पक्ष के समर्थन में, जिसमें सिंदूर को एक विशेष पहचान दी जाती है। उनके इस देसी लुक की तस्वीरें इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं।

# टीवी पर जल्द शुरू हो रहा सुपर डांसर सीजन 5

**टीवी** का पसंदीदा डांस रियलिटी शो सुपर डांसर अपने पांचवें सीजन के साथ लौट रहा है। यह शो बच्चों की डांस प्रतिभा को मंच देता है। अब जब सीजन 5 की तैयारी शुरू हो गई है, तो दर्शकों के बीच उत्सुकता देखने को मिल रही है। इस नए सीजन में 12 बच्चे बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेंगे। इस शो की जज एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, कोरियोग्राफर गीता कपूर और उनके साथ कोरियोग्राफर मर्जी पेस्टनजी होंगे। बता दें कि शिल्पा और गीता पहले भी शो की जज रह चुकी हैं। वहीं, मर्जी इस शो में पहले कई बार गेस्ट के तौर पर शामिल हो चुके हैं, लेकिन इस बार वह शो के नए जज बनकर आएंगे। शो के होस्ट परितोष त्रिपाठी होंगे। शो के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए शिल्पा शेट्टी ने कहा, एक मां का सबसे बड़ा सपना होता है कि उसका बच्चा दुनिया में नाम कमाए। मैं खुद एक मां हूं, इसलिए जानती हूं कि मां का अपने बच्चे के लिए कितना प्यार और सपोर्ट होता है। जज के तौर पर मैं ऐसे परफॉर्मेंस देखना पसंद करती हूं जो सीधा दिल को छू जाए। जज गीता कपूर ने कहा, इस नए सीजन में खास बात ये है कि मां और बच्चे के रिश्ते को बहुत खूबसूरती से दिखाया जाएगा। हर कंटेस्टेंट अपने डांस में नए-नए आइडियाज लेकर आएंगे। वह बिना डर के एक्सपेरिमेंट करेंगे और पूरी मेहनत से बेहतरीन परफॉर्मेंस देंगे। मैं इन सभी कंटेस्टेंट्स को पहले से ही दिल से शुभकामनाएं देती हूं। कोरियोग्राफर मर्जी ने कहा, मैं पहले भी सुपर डांसर शो में गेस्ट बनकर आया हूं। जब भी मैं यहां आया हूं, हर बार बच्चों की काबिलियत, एनर्जी और जोश देखकर हैरान रह जाता हूं। कंटेस्टेंट्स के डांस देखकर मुझे वाकई बेहद खुशी होती है। पहली बार जज बनकर इस शो का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत खास और भावुक करने वाला अनुभव है। सुपर डांसर- सीजन 5 जल्दी ही सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन और सोनी लिव पर शुरू होने वाला है। लेकिन अभी तक शो की रिलीज डेट सामने नहीं आई है।




### इन अभिनेत्रियों ने छोटे पर्दे से की शुरूआत

# अब फिल्मों में खूब कमाया नाम

बॉलीवुड में पहुंचने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। इसके बाद उन्हें अच्छी फिल्में मिलती हैं और उनका नाम होता है। बॉलीवुड की कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने छोटे पर्दे यानी टीवी से अपने करियर की शुरूआत की। इसके बाद वह बड़े पर्दे यानी बॉलीवुड तक पहुंचीं। आज दुनिया में उनका नाम है। आज इस खबर में हम उन अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे जिन्होंने छोटे पर्दे से बड़े पर्दे तक का सफर तय किया।

### विद्या बालन



विद्या बालन बॉलीवुड में अलग अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने साल 1995 में हम पांच टीवी शो से अदाकारी में कदम रखा। इसके बाद वह बंगाली फिल्म में नजर आईं। उन्होंने बॉलीवुड में अपने अभिनय की शुरूआत साल 2005 में फिल्म परिणीता से की।

### मौनी रॉय



मौनी रॉय आज बॉलीवुड की बड़ी एक्ट्रेस हैं। एक वक्त था जब वह छोटे पर्दे पर अदाकारी करती थीं। उन्होंने सबसे पहले साल 2006 में क्योंकि सास भी कभी बहू थी से अभिनय की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने बतौर एक्ट्रेस साल 2018 में फिल्म गोल्ड से अदाकारी शुरू की।

### यामी गौतम



यामी गौतम अपनी सबसे पहली फिल्म विक्की डोनर (2012) से बहुत मशहूर हुईं। इसके बाद उन्हें कई फिल्में मिलीं। लेकिन उन्होंने अपने इभिनय की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी। उन्होंने सबसे पहले टीवी सीरियल 'चांद के पार चलो' से अदाकारी की शुरूआत की थी।

### मृणाल ठाकुर



मृणाल ठाकुर बॉलीवुड इंडस्ट्री का जाना पहचाना चेहरा हैं। उन्होंने अपना एक्टिंग करियर कुमकुम भाग्य टीवी शो से शुरू किया था। उन्होंने बॉलीवुड में लव सोनिया से कदम रखा। उन्होंने ऋतिक रोशन और जॉन अब्राहम के साथ काम किया।

### प्राची देसाई

प्राची देसाई भी फिल्मों में जलवा दिखाने से पहले टीवी सीरियल में दमदार अदाकारी कर चुकी हैं। उन्होंने सबसे पहले कसम से सीरियल में अदाकारी की। उन्होंने रॉक आन से बॉलीवुड में कदम रखा। वह इमरान हाशमी के साथ फिल्म अजहर में भी नजर आ चुकी हैं।



## अचानक महंगा हुआ सोना

**नईदिल्ली।** एक बार फिर सोने-चांदी की कीमतों में मजबूती देखने को मिल रही है। इसकी प्रमुख वजह है अमेरिकी अर्थव्यवस्था की अनिश्चितता और डॉलर में कमजोरी, जिसके चलते वैश्विक निवेशक एक बार फिर सोना और चांदी को सुरक्षित निवेश विकल्प मान रहे हैं।




## 40.5 करोड़ का आईपीओ लॉन्च करेगी ब्लू वाटर लॉजिस्टिक्स

**नईदिल्ली।** देश की उभरती हुई लॉजिस्टिक्स कंपनी ब्लू वाटर लॉजिस्टिक्स लिमिटेड अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लॉन्च करने जा रही है। 40.5 करोड़ रुपए के इस इश्यू की शुरुआत 27 मई 2025 को होगी और यह 29 मई को बंद हो जाएगा।

# हर्ष गोयनका ने डायग्राम बनाकर दिखाए चीन, अमेरिका और यूरोप के नजारे!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उद्योगपति हर्ष गोयनका ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भारत की तकनीकी तरक्की को लेकर एक जरूरी सवाल उठाया है। उन्होंने चीन, अमेरिका और यूरोप की तुलना में भारत को थोड़ा पीछे बताया है। गोयनका ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में डायग्राम शेयर किया। इस डायग्राम में दुनिया के तकनीकी नजारे को दिखाया गया है। इसमें बताया गया है कि चीन चीजें बनाता है, अमेरिका नए आइडिया लाता है और यूरोप नियम बनाता है। गोयनका ने पूछा, भारत कहां है? उनका मतलब था कि भारत में कुछ कमी है।

### कौन कितना आगे?

डायग्राम में गोयनका ने दिखाया गया है कि चीन ने ड्रोन, एडवांस्ड बैटरी और 5त्र में महारत हासिल की है। अमेरिका टेक्नोलॉजी, एडवांस्ड फिजिक्स और बायोटेक व फार्मा में आगे है। यूरोप नियम बनाने में आगे बढ़ रहा है। वहीं चीन और अमेरिका चिप, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, नेक्स्ट जेन नेटवर्क्स और एआई में एक दूसरे को टक्कर दे रहे हैं।

### भारत का कौन सा नंबर?

भारत ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में 2015 से 2023 के बीच 81वें नंबर से 40वें नंबर पर आ गया है। लेकिन अभी भी कुछ दिक्कतें हैं। भारत अपनी जीडीपी का सिर्फ 0.64 प्रतिशत ही रिसर्च और डेवलपमेंट पर खर्च करता है। जबकि चीन 2.68 प्रतिशत और अमेरिका 3.5 प्रतिशत खर्च करते हैं। चीन की कंपनी हुआवेई भी भारत के पूरे सरकारी और प्राइवेट सेक्टर से ज्यादा रिसर्च पर खर्च करती है।

**क्या है चीन-अमेरिका की तरक्की का कारण:** चीन की तरक्की का कारण मेड इन चाइना 2025 जैसी सरकारी योजनाएं हैं। चीन हर साल लगभग 500 बिलियन डॉलर की रकम रिसर्च और डेवलपमेंट पर खर्च करता है। वह सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिक गाड़ियों जैसे सेक्टरों पर ध्यान दे रहा है। अमेरिका में सिलिकॉन वैली है, जो नए आइडिया को बढ़ावा देती है।

# चीन को सिरदर्द दे रहीं भारत की दवाइयां! भारतीय कंपनियों ने बढ़ाई अमेरिका और यूरोप में पहुंच

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की फार्मा इंडस्ट्री इस समय चीन को कड़ी टक्कर दे रही है। अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर में भारत की दवा कंपनियों को फायदा मिल रहा है और ये तेजी से दवाएं बना रही हैं। इस समय कई भारतीय दवा कंपनियों ने विदेशी कंपनियों से डील की है। ऐसे में देखा जाए तो भारत की फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री चीन के लिए सिरदर्द बन रही है। अप्रैल के महीने में सुवेन फार्मास्युटिकल्स के एग्जीक्यूटिव चेयरमैन विवेक शर्मा एक बड़ी डील के लिए एक विदेशी कंपनी के अधिकारियों से बात कर रहे थे। यह कंपनी दवा बनाने के लिए जरूरी सामान बनाती है। शर्मा की कंपनी हैदराबाद में है। वे ऐसी कंपनियों को खरीदना चाहते हैं जिनके पास नई तकनीक हो। इससे उनकी कंपनी पश्चिमी देशों की बड़ी दवा कंपनियों से दवा बनाने का काम ले सकेगी।



### अमेरिकी कंपनी में खरीदी बड़ी हिस्सेदारी

इससे पहले दिसंबर में सुवेन ने एनजे बायो इंक में ज्यादातर हिस्सेदारी खरीद ली थी। यह कंपनी अमेरिका के प्रिंसटन में है। यह एक रिसर्च कंपनी है जो कैंसर के इलाज के लिए दवाएं बनाती है। सुवेन ने इस कंपनी को 65 मिलियन डॉलर में खरीदा। इस डील से सुवेन सीडीएमओ के बाजार में एक बड़ी कंपनी बन गई है। सीडीएमओ दूसरी कंपनियों के लिए दवा बनाने का काम करती हैं। ये कंपनियां दवा बनाने से लेकर उसे बाजार में बेचने तक का सारा काम करती हैं। इस बीच, बायोकोन कंपनी सिंजीन इंटरनेशनल ने अमेरिका के बाल्टीमोर में इमर्जेंट बायो सॉल्यूशंस नाम की एक कंपनी को खरीद लिया है। यह कंपनी प्रोटीन और जीन जैसी दवाएं बनाती है। यह डील 36.5 मिलियन डॉलर में हुई है। सिंजीन इंटरनेशनल के एमडी और सीईओ, पीटर बैंस का कहना है कि इस डील से सिंजीन को अमेरिका में पैर जमाने में मदद मिलेगी और वह अपने ग्राहकों के करीब आ सकेगी। ग्लोबल फार्मा कंपनियां अब अपने सप्लाई चेन को बदलना चाहती हैं। अमेरिका और यूरोप की बड़ी दवा कंपनियां चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहती हैं क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच रिश्ते ठीक नहीं हैं। इसलिए, वे अपने देश के करीब दवाएं बनवाना चाहती हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी देशों की दवा कंपनियां अपने देश में फैक्ट्रियां लगा रही हैं ताकि सप्लाई चेन में दिक्कत न हो, नियमों का पालन हो सके और दवाएं बनाने का काम आसानी से हो सके।

### ट्रंप का आदेश भी अच्छी खबर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक आदेश जारी किया था जिसमें दवा कंपनियों को 30 दिनों में दवाओं की कीमतें कम करने के लिए कहा गया था। कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे दवा कंपनियां भारत में अपने पार्टनर ढूंढेंगी ताकि वे रिसर्च और प्रोडक्शन की लागत कम कर सकें। यह भारतीय सीडीएमओ के लिए एक अच्छी खबर है।

### अमेरिका और यूरोप में जमा रहीं पैर

भारत की कई सीडीएमओ पश्चिमी देशों की बड़ी दवा कंपनियों के लिए दवाएं बनाने में मदद कर रही हैं। अब ये कंपनियां अमेरिका और यूरोप में ऐसी कंपनियों को ढूंढ रही हैं जिन्हें खरीदकर वे अपनी क्षमता बढ़ा सकें। एक बड़े अधिकारी का कहना है कि भारत की लगभग हर सीडीएमओ कंपनी के लोग अमेरिका के पूर्वी तट और पश्चिमी तट पर ऐसी कंपनियों को ढूंढ रहे हैं जिन्हें खरीदा जा सके। भारत में इन कंपनियों की फैक्ट्रियां सालों से विदेशी दवा कंपनियों की मदद कर रही हैं। अब ये कंपनियां ऐसी कंपनियों को खरीदना चाहती हैं जो कैंसर, जीन थेरेपी और बायोलॉजी के क्षेत्र में काम करती हैं।

## कबाड़ी वाले से आइडिया लेकर दो दोस्तों ने शुरू किया कबाड़ का काम, अब कमा रहे लाखों रुपये



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या कबाड़ का कारोबार करके भी बड़ा बिजनेसमैन बना जा सकता है? हां, और यह सच कर दिखाया है महाराष्ट्र के ठाणे शहर के दो दोस्तों ने। इनका नाम हेनिक गाला और श्रेयस जलपुर है। इन्होंने बचपन में एक कबाड़ी वाले को देखा। उस कबाड़ीवाले से प्रेरणा लेकर उन्होंने स्क्रैपजी नाम से एक स्टार्टअप शुरू किया। आज इनका टर्नओवर लाखों रुपये है।

स्क्रैपजी हर महीने 10,000 किलो से ज्यादा कचरा रीसायकल करता है। हेनिक और श्रेयस जब छोटे थे तो उन्होंने अपने स्कूल के पास एक कबाड़ी वाले को देखा। वे उसे कचरा छांटते और तौलते हुए देखते थे। हेनिक बताते हैं कि वह असली समस्या का समाधान कर रहा था। यह बात उनके दिमाग में बैठ गई। साल 2023 में जब वे 26 साल के हुए तो उन्होंने स्क्रैपजी शुरू किया। यह स्टार्टअप तकनीक की मदद से कचरा इकट्ठा करता है और उसे रीसायकल करता है। स्क्रैपजी का काम करने का तरीका थोड़ा अलग है। यह स्टार्टअप लोगों के घरों से अखबार, प्लास्टिक, मेटल और ई-कचरा इकट्ठा करता है। लेकिन इसमें तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे काम आसान हो जाता है।

## हंगामा टीवी की नई सीरीज 'मोना की मनोहर कहानियां' के रिलीज की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** देश के सबसे प्रमुख डिजिटल एंटरटेन्मेंटप्लैटफॉर्म में शुमार 'हंगामा ओटीटी' ने 22 मई 2025 को अपनी नई ओरिजनल सीरीज 'मोना की मनोहर कहानियां' के रिलीज की घोषणा की। एक मर्डर की पहेली के इर्द-गिर्द बुनी गई यह सीरीज एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है जो दर्शकों को शक, सच के साथ हेर-फेर करने और धोखे से भरी दुनिया में ले जाती है। इस सीरीज को साकेत यादव ने डाइरेक्ट किया है। इसे प्रोड्यूस किया है राजवीर आहूजा और सचिन शिंदे ने। इस सीरीज के मु य किरदारों में नजर आएंगे सृष्टिरोडे, अंकुरनैय्यरऔरडेज़ीबोपन्ना। 'मोना की मनोहर कहानियां' की कहानी इंटेरोगेशनरूम (पूछताछ कक्ष) की चार-दीवारी में ही सिमटी है। यह सीरीज इंस्पेक्टर पवन (अंकुर नैय्यर) की मोना (सृष्टिरोडे) से की जाने वाली पूछताछ पर केंद्रित है। एक मर्डर के मामले में सबसे ज़्यादा शक के घेरे में मोना ही है। मोना की कहानी सच और झूठ के बीच झूलती है। एक सामान्य पूछताछ जल्द ही एक बड़े अपराध की ओर ले जाती है। मोना जो भी कहानी सुनाती है उसे सुनकर पवन एक अजीब-सी साइकोलॉजिकल भूलभुलैया में फंसने लगता है। पवन यह तय नहीं कर पाता है कि मोना ही खूनी है या फिर वह कोई खेल खेल रही है। इस केस की वजह से पवन और उसकी पत्नी (डेज़ीबोपन्ना) का वैवाहिक जीवन बिखरने लगता है और मोना का खतरनाक जादू सर चढ़कर बोलने लगता है। कहानी के इस मोड़ पर दर्शक अंदाजा लगाने लगते हैं कि कौन चीजों को कंट्रोल कर रहा है और कौन चीजों से खेल रहा है। इस सीरीज के बारे में बात करते हुए हंगामा डिजिटल के सीईओ सिद्धार्थ रॉय ने कहा, हमें आपके लिए यह सीरीज 'मोना की कहानियां' रिलीज करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह आपको इस बात की झलक दिखाएगी कि हम किस तरह की नई और दिलचस्प सीरीज पर काम कर रहे हैं। आप थ्रिलर के दीवाने हों या फिर ड्रामा पसंद करते हों, कुछ नई तरह का कॉन्टेन्ट हर तरह के दर्शक के लिए हम पेश करने वाले हैं। हम हर तरह का और हर मौके के हिसाब सेकॉन्टेन्ट पेश करने जा रहे हैं।

## 5 साल में 650 प्रतिशत रिटर्न देने वाली कंपनी केल्टन टेक सॉल्यूशंस का बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईटी सेक्टर से जुड़ी कंपनी- केल्टन टेक सॉल्यूशंस ने विदेशी मुद्रा बांड जारी करने की घोषणा की है। इस ऐलान के बाद अब कंपनी के शेयर सोमवार को फोकस में रहेंगे। बता दें कि इस कंपनी के शेयर शुक्रवार को 0.30 प्रतिशत बढ़कर 117.25 रुपये पर पहुंच गए थे। शेयर की पिछली क्लोजिंग 116.90 रुपये की थी।

**कंपनी ने क्या किया है ऐलान:** केल्टन टेक सॉल्यूशंस के निदेशक मंडल ने पात्र निवेशकों को 10 मिलियन डॉलर मूल्य के विदेशी मुद्रा परिवर्तनीय बांड (एफसीसीबी) के आवंटन को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने एक नियामक फाइलिंग में कहा कि निदेशक मंडल की सुरक्षा जारी करने वाली समिति ने 23 मई को आयोजित अपनी बैठक में 10,000 एफसीसीबी के आवंटन को मंजूरी दे दी है। इसका अंकित मूल्य 1,000 डॉलर प्रति बांड है, जो कुल मिलाकर 10,000,000 डॉलर है। बांड पर प्रति वर्ष 6.5 प्रतिशत की कूपन दर है और इसकी अवधि 10 वर्ष है। यह 2035 में मैच्योर होगी।

**शेयर का परफॉर्मेंस:** केल्टन टेक सॉल्यूशंस के शेयर की कीमत एक महीने में 2 प्रतिशत बढ़ी है लेकिन साल-दर-साल आधार पर 25 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले छह महीनों में, केल्टन टेक सॉल्यूशंस के शेयरों में 17 प्रतिशत की गिरावट आई है। इस कंपनी के शेयरों ने लंबी अवधि में मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। स्मॉलकैप स्टॉक ने दो साल में 93 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की है और पिछले 5 सालों में 650 प्रतिशत से ज्यादा की छलांग लगाई है।

# 19000 तक जाएगा डिक्सन टेक्नोलॉजी का चर्चित शेयर!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीते एक साल के दौरान शेयर बाजार में काफी उतार और चढ़ाव देखने को मिला है। लेकिन इस दौरान जिन दिग्गज कंपनियों ने निवेशकों को अच्छा रिटर्न दिया है उसमें डिक्सन टेक्नोलॉजी एक है। कंपनी ने हाल ही में मार्च तिमाही के नतीजों का ऐलान किया है। आइए जानते हैं एक्सपर्ट्स की क्या राय इसके विषय में



### शानदार रहे हैं तिमाही नतीजे

जनवरी से मार्च 2025 के दौरान कंपनी का प्रॉफिट (टैक्स भुगतान के बाद) 465 करोड़ रुपये रहा है। जोकि सालाना आधार पर 379 प्रतिशत बढ़ा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का प्रॉफिट 97 करोड़ रुपये रहा था। डिक्सन टेक्नोलॉजी का रेवन्यू मार्च क्वार्टर के दौरान 120 प्रतिशत की बढ़ोतरी के बाद 10,304 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का रेवन्यू 4675 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी का इबीआइटीडीए मार्च तिमाही के दौरान 454 करोड़ रुपये रहा। पूरे वित्त वर्ष की बात करें तो कंपनी का प्रॉफिट (कर भुगतान के बाद) 1233 करोड़ रुपये रहा है। साल दर साल के आधार पर बीते वित्त वर्ष कंपनी का प्रॉफिट 1233 करोड़ रुपये बढ़ा है।

### हर शेयर पर 400 प्रतिशत का डिविडेंड दे रही है कंपनी


तिमाही नतीजों के साथ डिक्सन टेक्नोलॉजी ने डिविडेंड का भी ऐलान किया है। कंपनी हर एक शेयर पर 8 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। यानी 2 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर योग्य निवेशकों को 400 प्रतिशत का फायदा होगा।

### एक्सपर्ट्स बुलिश

भले ही पिछले कुछ दिनों के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में गिरावट देखने को मिली है। लेकिन इसके बाद भी इस स्टॉक के प्रदर्शन को लेकर ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए ने 19000 रुपये का टारगेट प्राइस सेट किया है। ब्रोकरेज हाउस आनंद राठी ने 18775 रुपये का टारगेट प्राइस इस स्टॉक के लिए सेट किया है।

शुक्रवार को कंपनी के शेयर 0.95 प्रतिशत की गिरावट के बाद बीएसई में 15023.65 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते एक हफ्ते में यह स्टॉक 9 प्रतिशत गिरा है। हालांकि, इसके बाद भी कंपनी के शेयरों की कीमतों में एक साल में 62 प्रतिशत की तेजी आई है।

## 2 दिन में 5 गुना से अधिक भरा एसएमई आईपीओ, ग्रे मार्केट दिखा रहा हर शेयर पर 110 का फायदा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रे मार्केट में इस समय जिन कंपनियों के आईपीओ अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं उनमें से यूनिफाइड डाटा टेक एक है। कंपनी के आईपीओ को निवेशकों की तरफ से भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। यह आईपीओ बीते हफ्ते ही खुल गया था। लेकिन अभी इस पर दांव लगाने का एक और मौका कल यानी सोमवार को है।

यूनिफाइड डाटा टेक आईपीओ रिटेल निवेशकों के लिए 22 मई को खुला था। कंपनी का आईपीओ अब 26 को बंद होगा। इस आईपीओ का साइज 144.47 करोड़ रुपये है। कंपनी आईपीओ के जरिए 52.92 लाख फ्रेश शेयर जारी करेगी।

**400 शेयरों का एक लॉट:** यूनिफाइड डाटा टेक आईपीओ का प्राइस बैंड 273 रुपये प्रति शेयर है। कंपनी ने 400 शेयरों का एक लॉट बनाया है। जिसकी वजह से निवेशकों को कम से कम 1,04,800 रुपये का दांव लगाना ही पड़ेगा।

**5.77 गुना भरा आईपीओ:** यूनिफाइड डाटा टेक आईपीओ को निवेशकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। शुरुआती दो दिन में आईपीओ 5.77 गुना भर चुका है। रिटेल कैटगरी में सबसे अधिक 7.36 गुना सब्सक्राइब किया गया है। वहीं, क्यूआईबी कैटगरी में 2.43 गुना और एनआईआई कैटगरी में 6.94 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। एंकर निवेशकों के लिए यह आईपीओ 21 मई को ओपन हुआ था। कंपनी ने एंकर निवेशकों से 41.14 करोड़ रुपये जुटाए हैं। एंकर निवेशकों को जारी किए गए 50 प्रतिशत शेयरों का लॉक इन पीरियड महज 30 दिन का ही है। वहीं, बाकि बचे 50 प्रतिशत का लॉक इन पीरियड 90 दिन का है।

# खाने से लेकर व्यापार तक... ऐतिहासिक रहे हैं भारत और तुर्की के संबंध, लेकिन कभी नहीं रहा गहरा रिश्ता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस्तांबुल का मिस्र बाजार मसालों के लिए काफी फेमस है। यहां भारतीय लोग भरत नाम के मसाले को देखकर हैरान हो सकते हैं। यह देसी मसाला नहीं है। यह एक मध्य पूर्वी मिश्रण है, जिसे बहारत भी कहा जाता है। यह भारत और तुर्की के रिश्तों का प्रतीक है। आज ये रिश्ते उतने अच्छे नहीं हैं, लेकिन पहले भी हमेशा थोड़े अजीब रहे हैं।

भारत और तुर्की का इतिहास मध्य एशिया की तुर्क जनजातियों से जुड़ा है। 11वीं सदी में तुर्कों की एक शाखा ऑटोमन यूरोप की ओर बढ़ी। उन्होंने पूर्वी रोमन साम्राज्य बायजांतियम को जीत लिया। तुर्की को यूरोप और एशिया का मिलन बिंदु कहा जाता है। लेकिन खाने के मामले में, यह मध्य एशियाई और भूमध्यसागरीय दुनिया का मिलन है।

**मुगलों का खास लगाव:** 16वीं सदी में,मुगलों ने हिमालय पार करके उत्तर और मध्य भारत को जीता। ऑटोमन और मुगल एक दूसरे के बारे में जानते थे। शायद उन्होंने एक दूसरे पर कब्जा करने का सपना भी देखा होगा। लेकिन वे इतने दूर थे कि यह संभव नहीं था।

दोनों तुर्क संस्कृति के कुछ तत्व अपने क्षेत्रों में लाए। जैसे स्टू और परतदार ब्रेड पसंद करना। इसमें समोसा भी शामिल है, जिसे संबुसाक भी कहा जाता है। दोनों ने इसे मौजूदा पाक संस्कृतियों के साथ मिलाया। बायजांतियम के ईसाई धर्म में मांस खाने के खिलाफ कई नियम थे। इसलिए शाकाहारी भोजन का प्रचलन था। भारत में दालों से प्रोटीन मिलाया गया और तुर्की में मछली से।

**व्यापार का पुराना संबंध:** अरब व्यापारी भारत से चीनी व मसाले और तुर्की से सूखे मेवे और नट्स का व्यापार करते थे। तुर्कों को मीठा बहुत पसंद था। डेनिज गुरसोय ने अपनी किताब में एक कहानी बताई है। एक पेस्ट्री बनाने वाले ने कहा, मैंने इसे शहद के बजाय गन्ने की चीनी से मीठा किया है, क्योंकि यह ज्यादा स्वादिष्ट है। भारत गन्ने की चीनी का मूल स्रोत था। फिर अरबों ने इसे मिस्र जैसी जगहों पर पहुंचाया। वहां ऑटोमन दरबार के लिए बड़ी मात्रा में चीनी उगाई और साफ की गई।

**मीठे मसालों का भी इस्तेमाल:** ऑटोमन दालचीनी जैसे मीठे मसालों का इस्तेमाल करते थे। जब अमेरिका से मिर्च आई तो तुर्की के क्षेत्रीय भोजन में इसे अपनाया गया। लेकिन इस्तांबुल के शाही भोजन में तीखे स्वाद से बचा जाता है।

मिस्र बाजार का मतलब इजिप्टियन बाजार है। सीरिया में अलेप्पो मसालों के व्यापार मार्गों का मुख्य केंद्र था। ऑटोमन खुद मसालों का ज्यादा इस्तेमाल नहीं करते थे। वे भूमध्यसागरीय बंदरगाहों पर नियंत्रण करके उनके व्यापार से लाभ कमाना पसंद करते थे।

**कब हुआ नजदीकी संपर्क:** तुर्कों और भारतीयों के बीच सबसे नजदीकी संपर्क तब हुआ, जब पुर्तगाली हिंद महासागर में मसालों के व्यापार को खतरे में डालने के लिए आए। 16वीं सदी की शुरुआत में, पुर्तगालियों ने गोवा और दीव जैसी बस्तियां बनाईं। तब तुर्कों ने लाल सागर में एक नौसेना बनाई। उन्होंने गुजरात के सुल्तानों को यूरोपीय खतरे को हराने के लिए दूत भेजे। अरब सागर के तट पर पुर्तगालियों और ऑटोमन के बीच कई नौसैनिक युद्ध हुए। 1538 और 1546 में दीव की घेराबंदी भी हुई। लेकिन नौसैनिक युद्ध ऑटोमन की ताकत नहीं थी। वे पुर्तगालियों को हरा नहीं पाए। सैयदी अली रीस को एडमिरल नियुक्त किया गया था। 1554 में उनकी नौसेना एक एलिफेंट टाइफून से टकरा गई। उन्हें गुजरात ले जाया गया। वहां उनके नाविकों को एक अप्रत्याशित दुश्मन मिला। अपनी किताब में सैयदी लिखते हैं कि यह ताड़ के पेड़ थे।

# विराट कोहली अनुष्का संग अचानक पहुंचे अयोध्या, किए रामलला के दर्शन

## क्रिकेट के बाद अब आस्था का सफर





**अयोध्या (एजेंसी)।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली अपनी पत्नी और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ रविवार सुबह अचानक अयोध्या पहुंचे। यह पहला मौका था जब दोनों ने एक साथ राम नगरी का दौरा किया। सुबह करीब 7 बजे विराट और अनुष्का रामलला मंदिर पहुंचे और दर्शन किए। उन्होंने करीब आधे घंटे तक मंदिर परिसर में रहकर राम दरबार का भ्रमण किया। इस दौरान पुजारियों ने उन्हें राम मंदिर की मूर्तियों, नक्काशी और निर्माण से जुड़ी जानकारी दी।

### हनुमानगढ़ी में सवा किलो लड्डू चढ़ाया, मिलीं मालाएं और आशीर्वाद

रामलला के दर्शन के बाद दोनों सुबह 8 बजे हनुमानगढ़ी मंदिर पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने हनुमान जी को प्रणाम किया। विराट कोहली ने सवा किलो लड्डू और फूलों की माला चढ़ाई। इसके बाद कुछ देर तक आंखें बंद कर हाथ जोड़कर खड़े रहे। मंदिर के पुजारी ने विराट को सफेद और लाल रंग की माला पहनाई, सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। अनुष्का को भी पीले रंग की मालाएं पहनाई गईं और आशीर्वाद मिला। वहां मौजूद महंत ने दोनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

### मीडिया से दूरी बनाकर रखी

इस पूरी यात्रा के दौरान विराट और अनुष्का ने मीडिया से दूरी बनाए रखी और पूरी तरह से दर्शन-पूजन में लीन रहे। दर्शन के बाद दोनों लखनऊ के लिए रवाना हो गए। 12 मई को विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट में लिखा था कि टेस्ट क्रिकेट ने मुझे पहचान दी, मेरी परीक्षा ली और जीवन के बड़े सबक सिखाए। उन्होंने कहा कि यह फैसला लेना आसान नहीं था लेकिन यही सही समय था।

### संन्यास के बाद पहुंचे थे वृंदावन

टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के अगले दिन, 13 मई को विराट और अनुष्का वृंदावन पहुंचे थे। वहां उन्होंने प्रेमानंद महाराज से आशीर्वाद लिया था। महाराज ने उनसे पूछा - प्रसन्न हो? इस पर विराट ने मुस्कुराकर कहा - हां।

### आईपीएल में अगला मुकाबला 27 मई को लखनऊ में

23 मई को विराट ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आईपीएल मैच खेला था। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच में विराट ने 25 गेंदों पर 43 रन बनाए, लेकिन उनकी टीम आरसीबी को 42 रन से हार का सामना करना पड़ा। अब आरसीबी का अगला मुकाबला 27 मई को फिर लखनऊ में होना है।



# कुश मैनी ने रचा इतिहास, फॉर्मूला 2 रेस जीतने वाले पहले भारतीय बने

**मोंटे कार्लो (एजेंसी)।** कुश मैनी ने सर्किट डी मोनाको में पोल पोजीशन हासिल करते हुए डैम्स लुकास ऑयल के लिए मोंटे कार्लो स्प्रिंट रेस में जीतकर इतिहास रच दिया। ?भारतीय ड्राइवर ने अल्पाइन अकादमी के प्रतिभाशाली साथी गैब्रिएल मिनी को पीछे छोड़ा, जो प्रेमा रेसिंग के लिए दूसरे स्थान पर रहे और इस प्रतिष्ठित स्थल पर रेस जीतने वाले पहले भारतीय ड्राइवर बने। पी1 और मोनाको में जीतने वाले पहले भारतीय बनने पर मैनी ने, यह बहुत बड़ा सम्मान और सपना सच होने जैसा है। मैं डैम्स और मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद कहना चाहता हूं। हम विश्वास करते रहेंगेमैनी ने सही शुरुआत की, लेकिन ल्यूक ब्राउनिंग टर्न 1 तक पहले स्थान से पांचवें स्थान पर गिर पड़े। उनके खराब गेटवेट के कारण गैब्रिएल मिनी उपर क्र2 स्थान पर आ गए। मिराब्यू में, लिंडब्लैड ने तीसरे स्थान के लिए जैक क्रॉफोर्ड को पास देने का प्रयास किया, लेकिन दोनों के बीच संपर्क ने ब्राउनिंग को चौथे स्थान पर वापस जाने और अमेरिकी से आगे निकलने की अनुमति दी। कैम्पोस ड्राइवर तीसरे स्थान पर उलझन से बाहर आया, लेकिन टक्कर के कारण उसे 10 सेकंड की समय पनेल्टी दी गई।डीआरएस के कारण, मिनी रेस लीडर के पीछे थी, शुरुआती 10 लैप में अंतर 0.3 सेकंड का था, जबकि यह जोड़ी तीसरे स्थान पर मौजूद लिंडब्लैड से 8 सेकंड आगे थी। लैप 12 पर अंतर को बेअसर कर दिया गया जब जोशुआ डुएरकेन की एआईएक्स रेसिंग कार को ठीक करने के लिए सेफ्टी कार को तैनात किया गया। पराग्वे के ड्राइवर को मिराब्यू से बाहर एमपी मोटरस्पोर्ट के ओलिवर गोएथे के संपर्क के बाद पोर्टियर से आगे की बाधाओं में छोड़ दिया गया था, जिससे एआईएक्स को रेस-एंडिंग क्षति हुई थी। लैप 15 में प्रवेश करते हुए रेसिंग की स्थिति में वापस मैनी मिनी के पीछे भागे, जबकि लिंडब्लैड ने सड़क पर तीसरे स्थान की लड़ाई में ब्राउनिंग को अपनी नजर पर रखा था। गोएथे फिर से आगे बढ़ रहे थे, अपनी एमपी कार को ला रास्कैस में विक्टर मार्टिंस के अंदर से चुपके से सड़क पर पी9 लेने के लिए ले गए। दोनों के बीच संपर्क के कारण गोएथे को 10 सेकंड की समय पनेल्टी मिली।



# इंग्लैंड ने जिम्बाब्वे को 4 दिवसीय टेस्ट में पारी और 45 रनों से हराया

नॉटिंघम(एजेंसी)। इंग्लैंड ने ट्रेंट ब्रिज में खेले गए एकमात्र चार दिवसीय टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को पारी और 45 रनों से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला 22 साल बाद दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट था, जो तीन दिन में ही समाप्त हो गया। इंग्लैंड की इस जीत में युवा स्पिनर शोएब बशीर की शानदार गेंदबाजी (9 विकेट) और बल्लेबाजों की तूफानी पारी ने अहम भूमिका निभाई।

पहले दिन इंग्लैंड ने टॉस हारकर बल्लेबाजी शुरू की और जैक क्रॉली (124), बेन डकेट (140) और ओली पोप (171) के शतकों की बदौलत 565/6 पर पारी घोषित की। जिम्बाब्वे की गेंदबाजी कमजोर साबित हुई। ब्लेसिंग मुजराबानी ने 19 ओवर डाले। दूसरे दिन, जिम्बाब्वे ने जवाब में 265 रन बनाए, जिसमें सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने 97 गेंदों में 139 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली, जो जिम्बाब्वे का सबसे तेज टेस्ट शतक है। बेनेट की पारी में 26 चौके शामिल थे, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ न मिलने से टीम 300 रन पीछे रह गई।

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने फॉलो-ऑन लागू किया और जिम्बाब्वे की दूसरी पारी में बशीर ने 6/81 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़े दर्ज किए। जिम्बाब्वे 255 रनों पर सिमट गई, जिसमें सीन विलियम्स (50) और सिकंदर रजा (44) ने संघर्ष किया। बेनेट दूसरी पारी में केवल 1 रन बना सके। बशीर ने मैच में कुल नौ विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# भारत के बाद आईपीएल में खेलना सबसे अच्छी चीज है : महेंद्र सिंह धोनी



**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलना उनके लिए सबसे अच्छी चीज है। धोनी 2008 में टूर्नामेंट की शुरुआत से ही ष्टस्च का हिस्सा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज ने पूरे सीजन में बड़ी संख्या में प्रशंसकों का आनंद लिया है। अपने करियर के अंतिम चरण में धोनी को प्रशंसकों और कई लोगों द्वारा खेल के जीवित किंवदंती के रूप में सराहा जाता है और उनके समर्थक उन्हें और फ्रैंचाइजी को अपना समर्थन देने के लिए पीली जर्सी में बड़ी संख्या में आते हैं। धोनी ने कहा, यह बहुत अच्छा अहसास है और मैंने हमेशा कहा है कि प्रशंसकों की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद है। मेरा यही मानना ??है, जैसे कि पिछले कुछ सालों में मैं खेल रहा हूं, आप जानते हैं, यह एक तरह से वे कह रहे हैं कि आपने जो कुछ भी किया है, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह आश्चर्यजनक है, खासकर जब आप कोई खेल खेलते हैं, तो आप प्रशंसकों की सराहना चाहते हैं। जब क्रिकेट की बात आती है, तो भारत खेलने के लिए सबसे अच्छी जगह है। उन्होंने कहा, भारतीय क्रिकेट टीम का हिस्सा होना सबसे बड़ी चीजों में से एक है। मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं। इसलिए आईपीएल अगली सबसे अच्छी चीज है जो हो सकती है। इसलिए रोंगटे नहीं खड़े होते, लेकिन यह एक तरह की भावना है, आप जानते हैं, जब भी आप अंदर जाते हैं, तो हर कोई बहुत उत्साहित होता है। वे आपका इंतजार कर रहे हैं। वे चाहते हैं कि आप अच्छा प्रदर्शन करें। यहां तक ??कि जब आप उस टीम के खिलाफ खेल रहे होते हैं जिसे वे जीतना चाहते हैं, तब भी वे चाहते हैं कि आप अच्छा प्रदर्शन करें, थोड़ा योगदान दें, चाहे वह कुछ भी हो। तो हां, यह एक अद्भुत एहसास है। लगातार दूसरे साल प्लेऑफ में जगह बनाने से चूकने के बाद सीएसके अब तक सीजन में तीन जीत के साथ तालिका में सबसे नीचे है।

# प्लेऑफ से पहले आरसीबी के लिए खुशखबरी, वापस लौटे जोश हेजलवुड



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के सबसे सफल गेंदबाज जॉश हेजलवुड कंधे की चोट से उबरने के बाद यहां लौट आए हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर जॉश हेजलवुड के वापसी की जानकारी देते हुए कहा कि उसके तेज गेंदबाज हेजलवुड प्लेऑफ में खेलने के लिए ऑस्ट्रेलिया से भारत वापस लौट आए है। हेजलवुड इस सत्र में आरसीबी के सबसे अच्छे गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 17.27 की औसत और 8.44 की इकॉनमी से 18 विकेट लिये है और आईपीएल 2025 में चौथे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। आरसीबी प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, लेकिन शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद से साथ उच्च स्कोर वाले मुकाबले में हार के बाद उसके आईपीएल की अंक तालिका में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद को झटका लगा था।

# जोकोविच ने करियर का 100वां खिताब जीता

## जिनेवा ओपन जीतकर फेडरर और कोनर्स की बराबरी की; फाइनल में हुरकाज को हराया



**जिनेवा (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच ने ओपन एरा में 100वां खिताब जीतकर रोजर फेडरर और जिमी कोनर्स की बराबरी कर ली है। रोजर फेडरर 103 खिताब के साथ दूसरे और जिमी कोनर्स 109 खिताब के साथ सबसे ज्यादा एटीपी खिताब जीतने वालों में टॉप पर हैं।

जोकोविच ने जिनेवा ओपन के फाइनल में टूर्नामेंट के छठे सीड ह्यूबर्ट हुरकाज को 5-7, 7-6, 7-6 से हराया। शुरुआत में जोकोविच एक सेट से पिछड़ गए और उसके बाद उन्होंने वापसी की और अंत में खिताब अपने नाम किया।

टेनिस में 1968 में ओपन एरा की शुरुआत हुई जब सभी खिलाड़ियों (एमेच्योर और प्रोफेशनल) को चारों ग्रैंड स्लैम में हिस्सा लेने की अनुमति दी गई। इसे ओपन एरा कहा जाता है।

### 20 अलग-अलग सीजन में ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने

जोकोविच ने इस खिताब के साथ 20 अलग-अलग सीजन में ट्रॉफी जीतने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। वहीं इसमें ओलिंपिक गोल्ड मेडल भी शामिल है।

जोकोविच ने जिनेवा ओपन के फाइनल में ह्यूबर्ट हुरकाज को 5-7, 7-6, 7-6 से हराया।

### आखिरी खिताब 2024 ओलिंपिक में जीता था

इससे पहले जोकोविच ने अपना आखिरी खिताब 2024 में पेरिस ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। वहीं पिछले साल शंघाई के फाइनल में उन्हें जैनिक सिनर ने हराया और मार्च में मियामी के फाइनल में जाकुब मेनसिक ने उन्हें मात दी थी।

जोकोविच ने हाल ही में मैड्रिड ओपन से बाहर होने के बाद उन्होंने कोच एंडी मरे से नाता तोड़ लिया था। उन्हें मैड्रिड ओपन में पहले दौर में ही इटली के माटेओ अर्नाल्डी से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा था कि वह कुछ और टूर्नामेंट के बाद अपने कोचिंग सेटअप के बारे में फैसला करेंगे।

फ्रेंच ओपन में 24वां ग्रैंड स्लैम जीतने के लिए उतरेंगे

जोकोविच 25 मई से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन में अपना 24वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए उतरेंगे। उन्होंने अब तक तीन फ्रेंच ओपन खिताब जीता है। फ्रेंच ओपन में चौथा खिताब जीतने के लिए उन्हें वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर की चुनौती से पार करना पड़ेगा। सिनर उनके ही ग्रुप में हैं।

# शुभमन गिल के टेस्ट कप्तान बनने पर जलालाबाद में जश्न

**फाजिल्का (एजेंसी)।** शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान चुने जाने के बाद पंजाब के फाजिल्का के जलालाबाद में उसके पैतृक गांव में खुशी को लहर दौड़ गई है । स्थानीय लोग बहुत खुश है । लोगों का कहना है कि शुभमन ने उनके गांव का नाम जलालाबाद ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में रोशन किया है।

शुभमन गिल के चाचा गुरतेज सिंह ने कहा कि आज उन्हें बहुत खुशी है कि उनका लड़का पूरी दुनिया में उनका नाम रोशन कर रहा है । उन्होंने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि एक दिन उनका बच्चा कप्तानी की कुर्सी पर पहुंचेगा , लेकिन उन्होंने यह नहीं सोचा था कि इतनी जल्दी कामयाबी मिलेगी । आज उसे टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया, जिससे वह बहुत खुश हैं ।

उन्होंने बताया कि वह खुद विभिन्न स्टेडियम में पहुंचकर शुभमन का मैच देख चुके हैं, जिसमें उसकी परफॉर्मेंस बहुत शानदार रही है । उधर ग्रामीण सुखमंदर सिंह, गुरनाम सिंह, जसविंदर सिंह ने बताया कि उनके गांव के बच्चे ने आज उनके गांव का नाम सिर्फ जलालाबाद या पंजाब में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में रोशन कर दिया है।यही वजह है कि गांव के बाकी युवा शुभमन को देखकर उससे प्रेरणा ले रहे हैं और नशों से दूर रहते हुए खेलों की ओर प्रेरित हो रहे हैं । आज के समय में उनके काफी युवा क्रिकेट से लगाव रख रहे हैं ।

# आज प्लेऑफ से शीर्ष दो में जगह बनाने के लिए पंजाब किंग्स से मुंबई इंडियंस का सामना





**जयपुर (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स सोमवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अंतिम लीग चरण के मुकाबले में जब एक-दूसरे का सामना करेंगे तो शीर्ष दो में जगह बनाने की कोशिश में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरा जोर लगाएंगे। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स ने लीग के चरण के कई मैच बाकी रहते ही आईपीएल प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली है। इन टीम के बीच शीर्ष दो में जगह बनाने की होड़ है ताकि फाइनल में पहुंचने के लिए टीम को एक अतिरिक्त मौका मिल सके।

पंजाब किंग्स 17 अंकों के साथ तालिका में अभी दूसरे स्थान पर है लेकिन मुंबई से हारने पर वह तीसरे या चौथे स्थान पर पहुंच जाएगी जिससे टीम को 30 मई को एलिमिनेटर के लिए तैयार होना पड़ेगा। पंजाब के लिए शीर्ष दो में रहना मुश्किल है क्योंकि उन्हें मुंबई की मजबूत टीम के खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद यह भी उम्मीद करनी होगी कि गुजरात (18 अंक) और आरसीबी (17 अंक) अपने-अपने अंतिम मैच हार जाएं।

पंजाब किंग्स को पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से मिली हार के बाद अब शीर्ष दो में आने के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट प्लेऑफ में क्वालीफाई करने वाली टीमों में सबसे बेहतर है। टीम अगर पंजाब किंग्स को हराने में सफल रही तो यह उसके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। ऐसी स्थिति में गुजरात टाइटंस और आरसीबी अपने अपने-अपने आखिरी मैचों को हारते है तो मुंबई की टीम शीर्ष दो में होगी।

पंजाब किंग्स शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का बचाव करने में असफल रहने के बाद अपनी गेंदबाजी में खामियों को सुधारने की कोशिश करेंगे। सवाई मान सिंह स्टेडियम की छोटी बाउंड्री और बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियां इस मैच को बड़े स्कोर वाला मुकाबला बनाने का संकेत देते हैं। इसमें दोनों टीमों की गेंदबाजी योजनाओं की परीक्षा होगी।

इस मामले में हालांकि जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाली मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी दिख रहा है। बुमराह ने इस आईपीएल के इस सत्र में सिर्फ नौ मैचों में 16 विकेट लिए हैं। उन्होंने चोट के कारण तीन महीने तक खेल से दूर रहने के बाद फॉर्म और फिटनेस में वापसी का संकेत दे दिया है। मुंबई इंडियंस के अन्य गेंदबाजों ने भी इस विभाग में बराबरी से जिम्मेदारी साझा की है। ट्रेंट बोल्ट (जो 19 विकेट लेकर तीसरे स्थान पर हैं) और दीपक चाहर (11 विकेट) की नये गेंदबाजों की जोड़ी ने शुरुआती ओवरों में विकेट चटकाकर बुमराह काम थोड़ा आसान कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में कोरोना फिर एक्टिव, रायपुर में मिला पहला केस

**रायपुर , एजेंसी।** देश के कई हिस्सों में एक बार फिर कोरोना ने पैर पसारना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में भी अब छत्तीसगढ़ में भी कोरोना का पहला मामला सामने आया है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कोरोना संक्रमित एक मरीज मिला है। मरीज को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऐसा बताया जा रहा है कि मरीज सदी-खांसी की परेशानी को लेकर अस्पताल गया था, जहां जांच में कोरोना पॉजीटिव पाया गया है। मरीज की पहचान होने के बाद इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी गई है। कोरोना कंट्रोल सेंटर के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी ने इस मामले की पुष्टि की है।

मिली जानकारी के मुताबिक लक्ष्मीनगर, पचपेड़ी नाका निवासी यह व्यक्ति सर्दी-खांसी के रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल पहुंचा था। लक्षणों के आधार पर डॉक्टरों को कोरोना की आशंका हुई, जिसके बाद उसका सैंपल लिया गया। रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद तुरंत उसे आइसोलेट कर इलाज शुरू कर दिया गया। संक्रमित मरीज़ को एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती किया गया है, जहां उसका इलाज कोरोना प्रोटोकॉल के तहत किया जा रहा है।

मरीज को सिंगल वार्ड में रखा गया है और इलाज की अलग से विशेष व्यवस्था की गई है। अस्पताल प्रबंधन ने भी मरीज के संक्रमित होने की पुष्टि की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मरीज के परिजनों का सैंपल लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। साथ ही, हाल के दिनों में मरीज़ के संपर्क में आए लोगों की ट्रैकिंग और स्क्रीनिंग की जा रही है। सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि संक्रमित मरीज का किसी अन्य राज्य की यात्रा का कोई इतिहास नहीं है, जिससे यह संदेह गहरा रहा है कि संक्रमण स्थानीय स्तर पर फैला हो सकता है। राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने आम जनता से अपील की है कि वे सावधानी बरतें, भीड़-भाड़ से बचें और यदि कोई लक्षण दिखें तो तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराएं।

कोरोना कंट्रोल सेंटर के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. खेमराज सोनवानी ने जनता से अपील की है कि वे घबराएं नहीं, बल्कि सावधानियां बरतें। मास्क का उपयोग करें, फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करें और हाथों को बार-बार धोते रहें। भीड़ वाली जगहों से दूर रहें। यदि किसी भी तरह के लक्षण महसूस होते हैं तो तत्काल स्वास्थ्य जांच कराएं। कोरोना संक्रमण को लेकर डरने की बिल्कुल जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट है।

### छत पर सो रही महिला को उठा ले गया तेंदुआ, मचा हाहाकार, इलाके में फैली दहशत

**बहराइच, एजेंसी।** यूपी के बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज जंगल से सटे अयोध्यापुरवा गांव में शनिवार रात छत पर सो रही अधेड़ महिला को तेंदुआ उठा ले गया। हांका लगाते लोग महिला की तलाश में निकले। तो कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में शव मिला। जिसके चलते परिजनों में हाहाकार मच गया। जानकारी पर पुलिस व वन महकमे की टीम मौक पहुंची है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तेंदुए के हमले से इलाके में दहशत फैल गई है। सुजौली थाने के अयोध्यापुरवा निवासनी 45 वर्षीय जहीरा बानो पत्नी निसार अहमद शनिवार रात में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ छत पर सो रही थी। शनिवार देर रात लगभग 2 - 3 बजे के बीच तेंदुआ छत पर चढ़ गया। तेंदुआ जहीरा बानो को गले से दबोच ले गया। तेंदुआ के हमले पर सब की नींद टूटी। उनके शोर पर ग्रामीण लाठी और डंडा लेकर हांका लगाते हुए दौड़े। कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में महिला को छोड़ कर तेंदुआ गायब हो गया। ग्रामीणों ने महिला जहीरा बानों का शव खेत से बरामद हो गया। महिला के गले पर तेंदुए के दांत के निशान पाए गए है। तेंदुए के हमले से महिला की मौत के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। यूपी के बहराइच में कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली रेंज जंगल से सटे अयोध्यापुरवा गांव में शनिवार रात छत पर सो रही अधेड़ महिला को तेंदुआ उठा ले गया। हांका लगाते लोग महिला की तलाश में निकले। तो कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में शव मिला। जिसके चलते परिजनों में हाहाकार मच गया। जानकारी पर पुलिस व वन महकमे की टीम मौक पहुंची है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तेंदुए के हमले से इलाके में दहशत फैल गई है। सुजौली थाने के अयोध्यापुरवा निवासनी 45 वर्षीय जहीरा बानो पत्नी निसार अहमद शनिवार रात में परिवार के अन्य सदस्यों के साथ छत पर सो रही थी।

# समुद्र में लौट रहा लहरों का योद्धा आईएनएस ब्रह्मपुत्र, आग लगने के बाद हुआ था बड़े हादसे का शिकार



**कोलकाता, एजेंसी।** भारतीय नौसेना का स्वदेशी युद्धपोत आईएनएस ब्रह्मपुत्र जुलाई 2024 में मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में हुए एक गंभीर हादसे के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। लेकिन अब यह युद्धपोत एक बार फिर से सेवा में लौटने की राह पर है। वरिष्ठ नौसैनिक अधिकारियों ने बताया कि युद्धपोत के 'फ्लोट और मूव' क्षमताओं को बहाल करने का कार्य इस साल के अंत या 2026 की शुरुआत तक पूरा हो सकता है, जबकि इसकी 'फाइट' यानी युद्ध क्षमता जून-जुलाई 2026 तक दोबारा सक्रिय हो सकती है। कई लोगों को आशंका थी कि भारी नुकसान के कारण यह पोत दोबारा सेवा में नहीं लौट पाएगा, लेकिन नौसेना इसे ठीक करने और सेवा में वापस लाने के लिए तेजी से काम कर रही है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, नौसेना डॉकयार्ड में युद्धपोत की मरम्मत तेजी से चल रही है। उसे फिर से समुद्र में चलने लायक बनाना प्राथमिकता है। यह पहली बार है जब वर्ष 2000 में सेवा में आए इस गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट के दोबारा ऑपरेशन को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने आई है। यह युद्धपोत कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड द्वारा बनाया गया था।

### हादसा और नुकसान

21 जुलाई 2024 को नौसेना डॉकयार्ड में खड़े 3,850 टन वजनी आईएनएस ब्रह्मपुत्र पर आग लग गई थी। आग बुझाने के लिए बड़े पैमाने पर पानी पंप किया गया, जिससे युद्धपोत झुक कर पलट गया। इस हादसे में लीडिंग सीमैन सितेंद्र सिंह की मौत हो गई थी। वह उस समय युद्धपोत के मरम्मत कार्य में शामिल थे। जबकि अधिकांश क्रू मेंबर सुरक्षित बाहर निकल गए थे, कुछ ने समुद्र में छलांग लगाकर जान बचाई, लेकिन सितेंद्र सिंह डूब गए। इसके बाद युद्धपोत को नवंबर 2024 में ड्राई डॉक में ले जाया गया और फिर नुकसान का व्यापक मूल्यांकन कर मरम्मत की योजना बनाई गई।

### मरम्मत कार्य और आगे की योजना

दूसरे अधिकारी ने बताया कि, मरम्मत चरणबद्ध तरीके से चल रही है। सबसे पहले जहाज की ढांचा, प्रणोदन प्रणाली और बिजली उत्पादन को दुरुस्त किया जा रहा है ताकि फ्लोट और मूव क्षमता बहाल हो सके। युद्धपोत की फाइट यानी हथियार प्रणाली और सेंसर को पुनः सक्रिय करने का कार्य भी समानांतर रूप से चल रहा है। सभी क्षतिग्रस्त उपकरणों को हटाकर डॉकयार्ड की वर्कशॉप में ले जाया जा रहा है, जहां उनकी मरम्मत या रिप्लेसमेंट हो रहा है। युद्धपोत के क्रू सदस्य भी मरम्मत कार्य में तकनीकी सहायता दे रहे हैं।

### सुरक्षा पर भी फोकस

हादसे के तुरंत बाद नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने मुंबई का दौरा कर क्षति का जायजा लिया था और पश्चिमी नौसेना कमान को युद्धपोत को दोबारा चालू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने एक विशेष कार्यबल का गठन किया, जिसकी अध्यक्षता एक रियर एडमिरल कर रहे थे। STF ने नौसेना के जहाजों से जुड़े सुरक्षा और संचालन मानकों पर अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट की सिफारिशों को सभी नौसेना कमानों और इकाइयों को जारी कर, शीघ्र अमल के निर्देश दिए गए हैं। अप्रैल 2025 में हुई नौसेना कमांडर्स की चार दिवसीय कांफ्रेंस में भी सुरक्षा एक अहम मुद्दा रहा। इस दौरान स्ज्ञस्त्र की रिपोर्ट के आधार पर उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई। हालांकि रिपोर्ट आने के बाद भी दो और दुर्घटनाएं घट चुकी हैं।

## भाजपा विधायक और शिमला एसपी के बीच विवाद, कार्रवाई के लिए कोर्ट पहुंचे कप्तान



**शिमला, एजेंसी।** शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी और भाजपा विधायक सुधीर शर्मा के बीच विवाद की स्थिति बन गई है। गांधी ने शनिवार को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर कर बिना अनुमति के अदालती कार्यवाही का वीडियो क्लिप प्रसारित करने के मामले में भारतीय जनता पार्टी के विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया। भाजपा विधायक शर्मा ने याचिका के जवाब में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को कानूनी नोटिस भेजा है।

गांधी ने इस मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मैंने धर्मशाला से भाजपा विधायक सुधीर शर्मा के खिलाफ उच्च न्यायालय की कार्यवाही का चुनिंदा तरीके से सीधा प्रसारण करने के लिए अदालत में याचिका दायर की है, जो कार्यवाही की अवमानना ??और कॉपीराइट और सूचना अधिनियम का उल्लंघन है।

ऑनलाइन प्रसारित वीडियो में बुधवार को हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) के मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई के दौरान गांधी के खिलाफ अदालत की टिप्पणी दिखाई गई है।

पुलिस अधीक्षक ने आरोप लगाया कि शर्मा पिछले साल फरवरी में हुए राज्यसभा चुनाव के दौरान विधायकों की कथित खरीद-फरोख्त के 'मास्टरमाइंड' थे। उन्होंने दावा किया कि शर्मा ने दुर्भावनापूर्ण तरीके से उन्हें गलत रूप में पेश किया गया और उनकी छवि खराब की। दूसरी ओर, शर्मा ने एसपी को कानूनी नोटिस भेजकर कहा कि क्लिप में छेड़छाड़ नहीं की गई है और कार्यवाही की 'लाइव स्ट्रीमिंग' की अनुमति अदालत ने ही दी है। उन्होंने एसपी द्वारा दिए गए 'गैर-जिम्मेदाराना और निराधार' बयानों को वापस लेने की मांग की।

## केरल सरकार ने तुर्की को दिए थे 10 करोड़, अब पाक से तनाव के बीच थरूर ने उठाए सवाल



**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** भारत की ऑपरेशन सिंदूर के तहत वैश्विक कूटनीतिक पहल के बीच केरल सरकार द्वारा 2023 में भूकंप प्रभावित तुर्की को दिए गए ?10 करोड़ के वित्तीय सहायता पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विदेश मामलों की स्थायी समिति के अध्यक्ष शशि थरूर ने इसे गलत प्राथमिकता वाली उदारता करार दिया, वहीं सीपीआई(एम) सांसद जॉन ब्रिटास ने उन्हें चुनिंदा स्मृति का शिकार बताया। दोनों नेता फिलहाल ऑपरेशन सिंदूर के तहत भेजे गए बहु-दलीय प्रतिनिधिमंडलों का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत की स्थिति को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समर्थन दिलाना है।

थरूर अमेरिका, पनामा, गयाना, ब्राजील और कोलंबिया की यात्रा पर गए प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। उन्होंने पाकिस्तान द्वारा तुर्की-निर्मित ड्रोन के इस्तेमाल की रिपोर्टों के संदर्भ में कहा, उम्मीद है कि केरल सरकार अब दो साल बाद तुर्की के व्यवहार को देखकर अपनी गलत उदारता पर विचार करेगी। खासकर जब वायनाड जैसे जिलों को उस 10 करोड़ की जरूरत थी। गौरतलब है कि जुलाई 2024 में वायनाड में भूस्खलनों से करीब 300 लोगों की मौत हुई थी और तीन गांव लगभग पूरी तरह तबाह हो गए थे। थरूर का इशारा इसी संदर्भ में था।

### सीपीआई(एम) का पलटवार

राज्यसभा सांसद जॉन ब्रिटास भी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य हैं जो जापान, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, मलेशिया और इंडोनेशिया की यात्रा पर गया है। उन्होंने थरूर के बयानों को केरल विरोधी बताया। उन्होंने एक्स पर लिखा, शशि थरूर के लिए मेरे मन में सम्मान है, लेकिन यह टिप्पणी एकतरफा याददाश्त का लक्षण है। क्या उन्हें नहीं पता कि केंद्र सरकार ने खुद 2023 में ऑपरेशन दोस्त के तहत तुर्की को मदद भेजी थी? आपको बता दें कि ऑपरेशन दोस्त भारत सरकार की वह पहल थी, जिसके तहत भूकंप के बाद तुर्की और सीरिया को राहत सामग्री और एनडीआरएफ की टीमें भेजी गई थीं।

### केरल सरकार का बचाव

राज्य के वित्त मंत्री के एन बालगोपाल ने थरूर की आलोचना को अनुचित बताया। उन्होंने कहा, 2023 में जब तुर्की में भयानक आपदा आई, तब हमने मानवीय दृष्टिकोण अपनाया। यह सहायता विदेश मंत्रालय के माध्यम से दी गई थी। अब दो साल बाद उस मानवीय मदद को 2025 के सीमा संघर्ष से जोड़ना उचित नहीं है। वायनाड में भूस्खलन के बाद केरल सरकार ने केंद्र से ?2,000 करोड़ की विशेष सहायता मांगी थी। लेकिन राज्य सरकार का आरोप है कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने कोई विशेष पैकेज नहीं दिया। इस मुद्दे को लेकर सीपीआई(एम) वायनाड जिले में मार्च निकाल रही है और केंद्र पर उपेक्षा का आरोप लगा रही है।

## अरब सागर में संकट में फंसा लाइबेरियन जहाज




**लाइबेरियन, एजेंसी।** अरब सागर में भारतीय तट रक्षक बल ने एक संकटपूर्ण स्थिति में लाइबेरियन जहाज के 24 क्रू सदस्यों में से 21 को सफलतापूर्वक बचा लिया है। जहाज में तकनीकी खराबी के कारण संकट उत्पन्न हो गया था, जिसके बाद कोस्ट गार्ड ने त्वरित बचाव अभियान शुरू किया। बचाव अभियान अभी भी जारी है और कोस्ट गार्ड अन्य बचाए जाने वाले सदस्यों को खोजने में जुटी हुई है। अरब सागर में एक लाइबेरियन पंजीकृत कार्गो जहाज को अचानक तकनीकी समस्या का सामना करना पड़ा, जिससे वह अस्थिर हो गया और जहाज पर सवार 24 सदस्य खतरे में पड़ गए। जहाज ने मदद के लिए आपातकालीन कॉल भेजा, जिसे भारतीय तट रक्षक बल ने तुरंत प्राप्त किया।

कोस्ट गार्ड के बचाव दल ने मौके पर पहुँच कर जहाज के करीब पहुँचने वाले सभी नाविकों को हेलीकॉप्टर और नौकाओं की मदद से सुरक्षित निकाल लिया। बचाए गए 21 नाविकों को प्राथमिक चिकित्सा और जरूरत के अनुसार अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया। बचाव अभियान में कोस्ट गार्ड की जहाज, हेलीकॉप्टर और तटरक्षक बल की तेज प्रतिक्रिया ने जान बचाने में अहम भूमिका निभाई।कोस्ट गार्ड के अधिकारी ने बताया कि बचाव अभियान अभी समाप्त नहीं हुआ है और वे बाकी तीन सदस्यों की खोज में लगे हुए हैं। सभी बचाए गए नाविक फिलहाल सुरक्षित हैं और उनकी स्थिति स्थिर बताई गई है।

अधिकारी ने कहा कि अरब सागर में किसी भी संकट की स्थिति में कोस्ट गार्ड तत्परता से प्रतिक्रिया करता है और सभी मुमकिन प्रयास करता है। भारतीय तट रक्षक बल समुद्री सुरक्षा और बचाव कार्यों में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह तट पर नौवहन सुरक्षा, समुद्री आपदा प्रबंधन, तथा संकट के समय जल क्षेत्र में बचाव कार्य करता है। अरब सागर में व्यापारिक और मालवाहक जहाजों की संख्या अधिक होने के कारण यहां पर समय-समय पर इस तरह के बचाव अभियानों की आवश्यकता पड़ती है।

## पाकिस्तान पर अब मौसम की मार, पंजाब में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 13 की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत से परास्त होने के बाद पाकिस्तान इन दिनों मौसम की मार का भी सामना कर रहा है। पंजाब प्रांत के कई इलाकों में मूसलाधार बारिश ने तबाही मचा दी है। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के अनुसार, कम से कम 13 नागरिकों की मौत हो गई है। जबकि 92 अन्य घायल हो गए हैं। पीडीएमए के महानिदेशक इरफ़ान अली कथिया ने बताया कि तेज हवा और बारिश की चेतावनी के बाद सभी डिप्टी कमिश्नरों और बचाव एजेंसियों को अलर्ट पर रखा गया है। स्थिति से निपटने के लिए प्रांतीय नियंत्रण कक्ष और सभी जिला आपातकालीन ऑपरेशन केंद्रों को भी सतर्क कर दिया गया है। इरफान कथिया ने कहा, स्थिति को पीडीएमए कंट्रोल रूम से 24/7 मॉनिटर किया जा रहा है। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि बिजली के खंभों और लटकते तारों से दूर रहें, आंधी-तूफान या बिजली गिरने के समय खुले स्थानों पर न रुकें, जब तक आवश्यक न हो यात्रा से बचें और धीमी गति से वाहन चलाएं साथ ही तूफान और बारिश की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। पीडीएमए ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ जिलों में तेज हवाएं और बिजली गिरने की घटनाएं हुई हैं, जिससे घरों और बिजली संरचनाओं को नुकसान पहुंचा है। बचाव और राहत कार्य शुरू कर दिए गए हैं।

# कुवैत सरकार ने रातों रात हजारों लोगों की नागरिकता कर दी रद्द

### इस लिस्ट में ज्यादातर महिलाएं

**कुवैत सिटी, एजेंसी।** कुवैत की सरकार ने रातोंरात हजारों लोगों की नागरिकता रद्द कर दी। इस लिस्ट में ज्यादातर महिलाएं हैं। लोग जब सुबह सोकर उठे तो किसी का बैंक अकाउंट बंद हो गया तो किसी की अन्य सरकारी सुविधाएं ठप हो गईं। जब पता किया तो पता चला कि उनकी नागरिकता ही खत्म हो गई है। मई 2024 में ही अमीर ने लोकतंत्र को खतरा बताया था और संविधान में संशोधन करने की घोषणा कर दी थी। सरकार उन लोगों की नागरिकता ज्यादा रद्द कर रही है जिन्हें शादी के बाद यहां की नागरिकता मिली थी। इस लिस्ट में वे महिलाएं ज्यादा शामिल हैं जिन्होंने कुवैत के पुरुषों से शादी कर नागरिकता हासिल की थी।

लामा जब कुवैत सिटी में क्रेडिट कार्ड से पेमेंट करने लगीं तो पता चला कि उनका अकाउंट फ्रीज कर दिया गया है। बाद में पता चला कि उनकी नागरिकता ही छिन गई है। लामा मूल रूप से जॉर्डन की रहने वाली हैं। बता दें कि अमीर शेख मेशाल अल अहमद अल सबाह दिसंबर 2023 में कुवैत के अमीर बने थे। इसके बाद उन्होंने संसद को भंग कर दिया और संविधान के कुछ हिस्सों को भी सस्पेंड कर दिया। अब अमीर का कहना है कि उन लोगों को ही कुवैत का नागरिक माना जाएगा जिनका यहां के लोगों के साथ ब्लड रिलेशन है। अमीर ने एक स्पीच में कहा था कि कुवैत में रनहे वाले करीब 50 लाख लोगों में केवल एक तिहाई ही असली कुवैती हैं। अमीर ने कहा कि अब कुवैत में केवल ओरिजिनल लोग ही रहेंगे। लामा उन 37 हजार लोगों में शामिल हैं जिनकी अगस्त के बाद से नागरिकता जा चुकी है। इनमें 26 हजार महिलाएं ही हैं। यह कुवैत की सरकार का डेटा है। मीडिया का कहना है कि असली नंबर और भी ज्यादा हो सकते हैं।

कुवैत में पहले से भी ऐसे तमाम लोग रह रहे हैं जिनके पास वहां की नागरिकता नहीं है। 1961 में ब्रिटिश सुरक्षा से अजाद होने के बाद करीब 1 लाख लोगों को नागरिकता नहीं मिल पाई थी। वहीं जिन लोगों के पास कुवैत की नागरिकता नहीं होगी उनको बैंकिंग, शिक्षा, सरकारी नौकरी और अन्य सुविधाएं भी नहीं मिल पाएंगी।



कुवैत में 1987 के बाद से जिन लोगों को शादी के आधार पर नागरिकता मिली है, सरकार उनपर कार्रवाई कर रही है। आंकड़े कहते हैं कि 1992 से 2020 तक 38,505 महिलाओं शादी के आधार पर नागरिकता दी गई थी। इसके अलावा दोहरी नागरिकता वाले लोगों की भी नागरिकता छीनी जा रही है। इसके अलावा जिनको उपलब्धियों के आधार पर नागरिकता दी गई थी, उनकी भी नागरिकता रद्द की जा रही है। इस लिस्ट में पॉप सिंगर नवल और ऐक्टर दाऊद हुसैन भी शामिल हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129